हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# रामनवमी के अभिजीत मुहूर्त पर श्री रामलला के ललाट पर 'सूर्य तिलक'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

रामनवमी के अवसर पर अभिजीत मुहूर्त पर श्री रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक हुआ। करीब चार मिनट तक यह दुर्लभ संयोग रहा। दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। दुनिया इस अभूतपूर्व पल की साक्षी बनी। सूर्य तिलक के साथ ही मंदिर में आरती की गई। इससे पहले कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद किए गए। गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गई, ताकि सूर्य तिलक स्पष्ट नजर आए। सूर्य तिलक को लेकर शनिवार को आखिरी ट्रायल किया गया था। आठ मिनट तक चले इस ट्रायल के दौरान इसरो के साथ-साथ आईआईटी रुड़की और आईआईटी चेन्नई के एक्सपर्ट भी मौजूद थे। रामनवमी पर दूसरी बार रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक किया गया है। ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि अगले बीस साल तक लगातार सूर्य तिलक होता रहेगा।

## करीब चार मिनट तक यह दुर्लभ संयोग रहा

श्री रामचरितमानस मानस में प्रसंग है कि रामलला का जब जन्म हुआ, तब सूर्य देव अयोध्या पहुंचे। इतना मोहित हुए कि एक महीने अयोध्या में रह गए। इस दौरान अयोध्या में रात नहीं हुई।

### 75 मिलीमीटर का सूर्य तिलक

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया।

## इधर, ओरछा रामराजा मंदिर में जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन



### बुंदेली बधाई गीत पर झूमे श्रद्धालु

निवाड़ी। बुंदेलखंड की अयोध्या ओरछा में रविवार को रामनवमी की धूम रही। जहां पर विराजे रामराजा मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और दोपहर 12:00 बजे मंदिर प्रांगण में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैसे ही राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ वैसे ही संस्कृति विभाग द्वारा बधाई गीत की प्रस्तुति दी गई। रामराजा मंदिर में 7 अप्रैल की सुबह 4:00 बजे मंगला आरती होगी। जिसका अपना अलग महत्व है। इसके बाद भगवान राम राजा गर्भ गृह में चले जाएंगे। 8 अप्रैल की सुबह वह पलना में भक्तों को दर्शन देंगे और 10 अप्रैल तक वह पलना में ही रहेंगे। यह परंपरा 16वीं शताब्दी से चली आ रही है। मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा ओरछा महोत्सव के नाम से राम जन्मोत्सव का पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल तक चलेगा।

8 अप्रैल की सुबह रामराजा पलना में भक्तों को दर्शन देंगे

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
मुंबई बेंगलुरु
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पैसा गिनने आए बैंककर्मी ने मंदिर से चुराए 9 लाख



मथुरा। मथुरा के श्री कृष्ण की लीला स्थली वृन्दावन के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां मंदिर के गुल्लक की धनराशि में सेंध लगाते बैंककर्मी को रंगे हाथों पकड़ा गया है। बैंककर्मी के पास से 9 लाख 50 हज़ार रुपए की बरामदगी भी हुई है।

### आग बुझाने पहुंची दमकल गाड़ी ही जलकर खाक



शिवपुरी। रविवार को पोहरी तहसील अंतर्गत भेसरावन में एक खेत की नरवाई में आग लग गई, जिसे बुझाने पहुंची नगर परिषद की फायर ब्रिगेड गाडी में आग लग गई। ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। गाड़ी के टायरो में पहले आग लग गई। फिर पूरी गाड़ी खाक हो गई।

### 1 मई से होगी अवकाश की शुरुआत, आदेश जारी



भोपाल। प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियो की गर्मियों की छुट्टियां 46 दिन की होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मियों की छुट्टी शिक्षण सत्र 2025-26 के अवकाशों की घोषणा कर दी है। जिसके अनुसार, इस बार विद्यार्थियों को कुल 60 दिन की छुट्टियां मिलेंगी।



# अंग्रेजी में साइन करते हैं, तब कहां चला जाता है तमिल भाषा पर गर्व ?

'भाषा विवाद' पर पीएम मोदी का सीएम स्टालिन पर निशाना

एजेंसी ▶▶ रामेश्वरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम में नए पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए भाषा विवाद को तूल देने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के मंत्री तमिल भाषा को लेकर गर्व की बात करते हैं, लेकिन मुझे लिखे गए उनके पत्र और उसमें हस्ताक्षर अंग्रेजी में ही होते हैं। पीएम ने सवाल पूछते हुए कहा कि वे तमिल भाषा का इस्तेमाल क्यों नहीं करते हैं? उनका तमिल को लेकर गर्व कहां चला जाता है?

पीएम ने सवाल पूछते हुए कहा कि वे तमिल भाषा का इस्तेमाल क्यों नहीं करते हैं?

पीएम ने कहा कि मैं तमिलनाडु सरकार से कहना चाहता हूं कि वे तमिल भाषा में मेडिकल कोर्स जारी करें, ताकि अंग्रेजी न जानने वाले गरीब परिवार के बेटे-बेटी भी डॉक्टर बन सकें।



कार्यक्रम में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन शामिल नहीं हुए

### तमिल भाषा में जारी करें मेडिकल कोर्स

पीएम मोदी ने तमिलनाडु सरकार से अपील करते हुए कहा कि तमिलनाडु में 1400 से ज्यादा जनऔषधि केंद्र हैं। यहां 80 फीसदी डिस्काउंट पर दवाएं मिलती हैं। इससे भी तमिलनाडु के लोगों की 7 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई। देश के नौजवानों को डॉक्टर बनने के लिए विदेश जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। इसके लिए बीते सालों में तमिलनाडु को 11 मेडिकल कॉलेज मिले हैं।

### *स्टालिन ने पीएम मोदी से मिलने का मांगा समय*

*तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। हालांकि, उनके कार्यक्रम में तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन शामिल नहीं हुए। स्टालिन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर राज्य के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। सीएम स्टालिन ने एक आधिकारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए ताकि तमिलनाडु के अधिकारों पर अंकुश नहीं लगे।*

## *पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज पंबन का उद्घाटन किया*



*तमिलनाडु के रामेश्वरम के समुद्र पर नया पंबन पुल*

### जहाज गुजरने पर पांच मिनट में 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकेगा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नए पंबन रेलवे पुल को देश को समर्पित किया। उन्होंने एक तटरक्षक जहाज को भी रवाना किया। जैसे ही पुल का वर्टिकल लिफ्ट हिस्सा ऊपर उठा, यह जहाज उसके नीचे से गुजरा। यह इस पुल के परिचालन तकनीक का प्रदर्शन था। पीएम ने कहा कि इस पंबन ब्रिज का सांस्कृतिक महत्व भी है। रामायण के अनुसार, भगवान राम की सेना ने राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के नजदीक धनुषकोडी से शुरू किया था। नया पंबन रेलवे ब्रिज रामेश्वरम द्वीप को भारत की मुख्य भूमि से जोड़ता है और यह वैश्विक मंच पर भारतीयइंजीनियरिंग की एक बड़ी उपलब्धि है।

#### पीएम बोले-राम के बनाए रामसेतु की तरह है मजबूत

- लागत : 550 करोड़ रु.
- लंबाई : 2.08 किलोमीटर
- लिफ्टिंग हिस्सा : 72.5 मीटर लंबा
- कितनी ऊंचाई तक उठ सकता है : 17 मीटर
- निर्माण संस्था : रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल)
- 111 साल पहले ब्रिटिश इंजीनियरों के बनाए ब्रिज की ली जगह

### 170 किमी पैदल चलकर अनंत पहुंचे द्वारकाधीश मंदिर



अहमदाबाद। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने अपना 30वां जन्मदिन पवित्र द्वारकाधीश मंदिर में मनाया। वे जामनगर से 170 किमी की पैदल यात्रा कर वहां पहुंचे थे। इस पदयात्रा की शुरुआत 29 मार्च को हुई और यह 6 अप्रैल, रविवार को द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। नीता अंबानी बेटे की इस आस्था-भरी यात्रा को देखकर बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि एक मां के लिए यह बहुत गर्व का पल है।

### डल्लेवाल ने 131 दिनों के बाद खत्म की भूख हड़ताल



फतेहगढ़ साहिब। 131 दिनों तक भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने फतेहगढ़ साहिब में आयोजित महापंचायत में अपनी भूख हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। डल्लेवाल ने सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार उन्हें मीटिंग के लिए बुला रही है और दूसरी तरफ रात को उनके मोर्चे पर जबरदस्ती एक्शन कर रही है। 26 नवंबर को उन्होंने अनशन शुरू किया था।

### जोमैटो फूड डिलीवरी के सीओओ ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। जोमैटो फूड डिलीवरी व्यवसाय के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने इस्तीफा दे दिया है। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल को भेजे त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा कि मैं सात अप्रैल 2025 से प्रभावी इटरनल लिमिटेड के सीओओ फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है जो मेरे विकसित व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के साथ जुड़े हैं।

### महिला अधिकारी की शह पर ली घूस, धराया



राजगढ़। रविवार को लोकायुक्त भोपाल की टीम ने कार्यवाही करते हुए मतस्य महासंघ में पदस्थ कर्मचारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। महासंघ की महिला रीजनल मैनेजर की शह पर कर्मचारी द्वारा यह रिश्वत ली जा रही थी। मामले में लोकायुक्त की टीम ने महिला अधिकारी सहित कर्मचारी दोनों को आरोपी बनाया है। इंदौर निवासी अनवर कादरी ने कुंडालिया डैम का ठेका लिया हुआ है।

नजदीकी संपर्क कर वीडियो बनाया, नौकरी गई

# चीतों को परात में पानी पिलाने वाले को वन विभाग ने ही 'पानी' पिलाया

सत्यनारायण गुर्जर चीता मित्र है व वन विभाग में ड्राइवर है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



डेढ़ महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आए हैं। उन्हें वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखा गया। इस दौरान एक चीता मित्र सत्यनारायण गुर्जर ने उन्हें परात में पानी पिलाया, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। यह वीडियो उमरीकलां के जंगल में बनाया गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि चीता मित्र गुर्जर हाथ में परात और एक पानी की केन लेकर आता है।

### 17 चीते खुले में घूम रहे

दरअसल, वर्तमान में कूनो के खुले जंगल में 17 चीते विचरण कर रहे हैं। ये चीते लगातार अपना क्षेत्र बढ़ा रहे हैं और शिकार भी कर रहे हैं। करीब 13 दिन पहले कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले 5 चीतों पर ग्रामीणों ने लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला भी कर दिया था। हालांकि, मौके पर मौजूद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ग्रामीणों से चीतों से दूर रहने की अपील करती रही, लेकिन वे नहीं माने।

टोलकर्मियों से मारपीट कर बूथ पर की तोड़-फोड़

# रसूखदार के समर्थकों ने देवास के टोल नाके पर मचाया उत्पात

फायदा उठाकर 100 से ज्यादा गाड़ियां बिना टोल चुकाए ही निकलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर-देवास बाइपास पर स्थित टोल नाके पर टोल मांगने को लेकर हुए विवाद में एक रसूखदार समर्थकों ने भारी उत्पात माया। इस दौराल टोलकर्मियों से मारपीट तो की ही, साथ ही बूथ में रखे कंप्यूटर सहित अन्य सामान फेंक दिया। वहीं, बूथ में जमकर तोड़-फोड़ कर दी।

कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पूरा मामला कुछ अज्ञात युवकों के वाहन निकलने पर टोल कर्मियों ने टोल टैक्स मांगा तो वे बिफर गए। बूथ में अंदर घुसकर तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। इस घटना का फायदा उठाकर 100 से ज्यादा गाड़ियां बिना टोल चुकाए निकल गईं। सबसे गंभीर बात ये है कि टोल पर हुए इस हमले के बावजूद




शिप्रा थाना पुलिस अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पुलिस घटना की जांच करने की बात कहती रही। हालांकि, इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। 'हरिभूमि' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ये रसूखदार कौन है, इसका भी पता नहीं चल सका है।

भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कहा

# दीनदयाल जी की झोंपड़ी व मां को चूल्हा फूंकते देख पीएम ने 'आवास' व उज्जवला योजना शुरु की थी

कार्यकर्ता संकल्प लें कि सभी भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर बूथ-बूथ और घर-घर तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि भाजपा को अंत्योदय का विचार देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय उप्र के नगला चंद्रभान में जिस झोपड़ी में जन्मे थे, उसे देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखें नम हो गई थीं।

उन्होंने उसी वक्त संकल्प लिया कि देश में कोई भी गरीब अब झोपड़ी में नहीं रहेगा। उसी समय से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई। इतना ही नहीं पीएम ने अपनी मां को चूल्हा फूंकते हुए खाना बनाते देखा था। उन्होंने कहा कि अब किसी गरीब मां के फेंफड़े धुएं से खराब नहीं होंगे।

## इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की थी



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने जब कश्मीर में धारा 370 लगाकर दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान किया तो उनके मंत्रिमंडल के सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उसका विरोध किया। उन्होंने इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की।

### कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जताई

शर्मा ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर आप सभी कार्यकर्ता यह संकल्प लें कि आप सभी भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर बूथ-बूथ और घर-घर तक जाएंगे। वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश शासन के मंत्री चेतन काश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल मौजूद थे। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की एवं एक-दूसरे को बधाइयां दी।



# धार्मिक अनुष्ठान, कन्यापूजन और विभिन्न सांस्कृत आयोजनों के साथ रामनवमी पर देशभर में भगवान श्रीराम का किया गया पूजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव(रामनवमी) पर देशभर में धार्मिक अनुष्ठान, कन्यापूजन और विभिन्न सांस्कृत आयोजनों के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्रभू श्रीराम का पूजन किया गया। इस मौके पर अयोध्या में श्री राम मंदिर को सजाया गया और शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों रामभक्त शामिल हुए। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम का पूजन किया और कन्याओं के पैर धोकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सामुहिक रामायण का पाठ किया गया। हवन पूजन के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।



**सीएम योगी ने कन्या पूजन किया और उनके चरण धोए**



न्यूटाउन में शोभायात्रा रोकने का आरोप

## बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच रामनवमी पर बवाल

**कोलकाता।** बंगाल में रविवार सुबह रामनवमी का पर्व शोभायात्राओं और 'जय श्री राम' के नारों के साथ शुरू हुआ। कुछ जगह बवाल की खबरें है। भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी ने रविवार को दावा किया कि कोलकाता के बाहरी इलाके न्यूटाउन से उनके नेतृत्व में निकाली।रामनवमी शोभायात्रा को पुलिस ने रोक दिया, जिससे मार्ग बदलना पड़ा। केस्टोपुर के निकट शोभायात्रा रोके जाने के बाद चटर्जी बहस करती दिखीं।



## खबर संक्षेप

### अभिनेत्री जैकलीन की मां का निधन, बीमार थीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम फर्नांडीज का निधन हो गया है। उन्हें 24 मार्च को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल और रिसर्च सेंटर में दिल का दौरा पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था और कथित तौर पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में 13 दिनों तक संघर्ष करने के बाद आज उन्होंने अंतिम सांस ली। जैकलीन की मां के निधन की खबर सामने आने के बाद अभिनेत्री के पिता एलरॉय फर्नांडीज अन्य करीबी रिश्तेदारों के साथ अस्पताल पहुंचे।



### सरकारी मेडिकल कॉलेज में मिली छात्रा की लाश

**कोच्चि।** कलमस्सेरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में लटकी हुई पाई गई। मृतक अम्बिली तीसरे वर्ष की मेडिकल छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे अंबिली के हॉस्टल के साथी ने उसे छत के पंखे से लटका हुआ देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना के कारण जांच के बाद पता चलेगा।



### लव यू मां, मैं जा रही हूं छात्रा ने लगाईं फांसी


**वडोदरा।** यहां 16 साल की लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही लड़की की मां ने उसे दोस्त को रोज-रोज लिफ्ट देने पर डांट लगाई थी। इस घटना के दो दिन बाद ही लड़की ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस दौरान लड़की अपने छोटे भाई के साथ घर पर अकेली थी और मां पड़ोस के घर में किसी काम से गई हुई थी। पुलिस के मुताबिक मां जब घर वापस लौटी तो उन्होंने देखा कि उनकी बेटी फंदे से लटकी हुई है।



रामेश्वरम में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था दोगुनी, ब्रिज में योगदान देने वाले श्रमिक को दिया धन्यवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। इससे रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे।




एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में पहुंचे। यहां पर उन्होंने पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। पीएम ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस खास दिन पर मुझे 8300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं को सौंपने का अवसर मिला। ये रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। मैं इन परियोजनाओं के लिए तमिलनाडु के अपने भाइयों और बहनों को बधाई देता हूं। मैं अपने इंजीनियरों और श्रमिकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। यह पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है। रामेश्वरम में पीएम मोदी ने कहा कि आज रामनवमी का पावन पर्व है। पंबन ब्रिज से लोगों का जीवन आसान होगा। 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। ब्रिज से नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में निर्माण का काम तेजी से जारी है।

**8300** करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा



**कड़े परिश्रम को सराहा**

### पीएम ने श्री राम के सूर्य तिलक का जिक्र किया

समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज राम नवमी का पावन पर्व है, अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे रामनाथस्वामी मंदिर में प्रार्थना करने का मौका मिला। पीएम ने कहा कि हजारों साल पुराने शहर को 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जोड़ा जा रहा है।

### चारों दिशाओं में तेजी से काम हो रहा

प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम में कहा कि आज देश में बहुत तेजी से मेगा प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है। आप नोर्थ में देखेंगे तो जम्मू कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में से एक 'चिनाब ब्रिज' बना है। वेस्ट में जाएंगे तो मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज 'अटल सेतु' बना है। ईस्ट में जाएंगे तो असम के 'बोगीबील ब्रिज' के दर्शन होंगे। साउथ में आते हैं तो दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक 'पंबन ब्रिज' का निर्माण पूरा हुआ है। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की ग्रोथ उतनी तेज होगी। बीते दशक में, तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा पैसा केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है।'

### तमिलनाडु को 3 गुना ज्यादा पैसा दिया फिर भी रोते हैं

उन्होंने कहा कि देश के हर कोने में फ्रेट कॉरिडॉर पर काम किया। सरकार ने तमिलनाडु को 3 गुना ज्यादा पैसा दिया है। तमिलनाडु का विकास हमारी प्राथमिकता है। फिर भी कुछ लोग बिना कारण रोते रहते हैं। यह भारत रत्न डॉ. कलाम की भूमि है। उनके जीवन ने हमें दिखाया कि विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने रेल, सड़क, एयरपोर्ट, पानी, बंदरगाह, बिजली, गैस पाइपलाइन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में करीब 6 गुना वृद्धि की है। आज देश भर में बड़े निर्माण प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उत्तर में, जम्मू-कश्मीर में, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक, चेनाब ब्रिज, बनकर तैयार हो चुका है। पश्चिम में, मुंबई में, भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल, अटल सेतु, बनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुए प्रभावित

## बंगाल के शिक्षक काम पर लौटे, बोले- बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा?



बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल लौटे शिक्षक भावुक होते देखे गए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित होने वाले लोगों के साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर इसका कितना असर होगा, इसे लेकर भी तमाम सवाल उठ रहे हैं। इस बीच कई शिक्षक और कर्मचारी कक्षाओं में लौट आए हैं। उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि स्टूडेंट्स को किसी तरह की परेशानी ना हो। रिपोर्ट के मुताबिक, कई शिक्षकों ने कहा कि अदालत के फैसले के बाद कई स्कूलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं और इसे देखते हुए ही उन्हें अपने काम पर लौटना पड़ा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की सरकार फैसले से प्रभावित लोगों को यह भरोसा दिलाने की पूरी कोशिश कर रही है कि वह उनके साथ खड़ी है। ममता बेनर्जी ने कहा है कि वह अदालत का सम्मान करती हैं लेकिन इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। एक शिक्षक ने कहा कि हमें उस अपराध की सजा क्यों दी जानी चाहिए जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह स्कूल इसलिए आए हैं क्योंकि उनके पास कुछ जिम्मेदारियां हैं और वह इन्हें अनदेखा नहीं कर सकते।एक स्कूल में बायोलॉजी के टीचर ने कहा कि हम अपने स्टूडेंट्स को लेकर चिंतित हैं क्योंकि वे अभी-अभी क्लास 12वीं में गए हैं। जब मुझसे प्रिंसिपल ने अनुरोध किया कि मैं क्लास लेने के लिए आऊं तो मैंने दोबारा इसके बारे में नहीं सोचा।

### स्कूलों के सामने बड़ा संकट

इसी तरह एक हाई स्कूल में लैब असिस्टेंट का काम करने वाले सुभाष चंद्र मंडल ने कहा कि हेड मास्टर ने मुझे बुलाया इसलिए मैं आया हूं लेकिन मैं पिछले दो दिनों से सो नहीं पाया हूं। कई स्कूलों के प्रमुखों ने कहा है कि टीचर्स को वापस बुलाना एक मुश्किल फैसला था। एक स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि पार्ट टाइम टीचर्स को नियुक्त किए जाने के मामले में स्कूल मैनेजमेंट के साथ बातचीत की जाएगी।

जीरकपुर के सेठी ढाबे में हुआ बवाल

## शाकाहार भोजन में निकली मुर्गे की हड्डियां, माफी मांगी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के मोहाली के जीरकपुर में एक ढाबे में परिवार के लोग ढाबे पर शाकाहारी खाना खाने गए थे, लेकिन उनके खाने में चिकन भी परोस दिया गया। घटना के बाद ढाबे में बवाल हो गया। हालांकि ढाबा संचालक ने अपनी गलती मानते हुए लोगों से माफी भी मांगी है। घटना चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित मशहूर सेठी ढाबा की है। शनिवार रात को जीरकपुर के मशहूर सेठी ढाबा में हुई घटना के बाद परिवार के लोगों ने ऐतराज जताया है। शनिवार को हिंदू मान्यताओं के अनुसार अष्टमी के शुभ अवसर पर जीरकपुर के एक परिवार के लोग ढाबे में खाना खाने गए थे। महिला अमरदीप और कनिका ने बताया कि नवरात्र व्रत खोलने और सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध सेठी ढाबा में कुछ स्वादिष्ट खाना खाने के लिए आए थे।



बेगूसराय में युवाओं को बुलाया

## सांसद राहुल गांधी ने शुरू की सफेद टी-शर्ट की नई मुहिम

एजेंसी ▶▶ पटना

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार दौरे पर आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार के बेगूसराय जिले में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में शामिल होंगे। बिहार दौरे से पहले राहुल गांधी ने एक नई मुहिम भी छेड़ दी है। राहुल गांधी ने युवाओं से अपील की है कि वो सफेद टी-शर्ट पहन कर बेगूसराय में आएं। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर युवाओं से यह अपील की है। इस वीडियो में राहुल गांधी सफेद टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, बिहार के युवा साथियों, मैं 7 अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे।



भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

## जेपी नड्डा बोले- राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है पार्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। आज के दिन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालयों और जिला-ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में पार्टी का झंडा फहराकर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया।

उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और यही कारण है कि आज वह राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देश के दर्जनों राज्यों में सत्ता में है। दिल्ली में पार्टी की 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से जेपी नड्डा ने उनके आवास पर जाकर मुलाक़ात की और उनके निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। नड्डा ने कहा कि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार रहे हैं। पार्टी आज जो कुछ भी है, वह इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत है। उनके साथ इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री और अन्य कार्यकर्ता रहे। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पार्टी देशहित को अपना सर्वोपरि समझती है। इसी का परिणाम है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी है।



मध्य प्रदेश में 8-10 अप्रैल के बीच हीटवेव चलेगी, पड़ेगी भीषण गर्मी

# सावधान: एक दो दिन में लगभग पूरा भारत होगा हीटवेव की चपेट में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले चार से पांच दिनों तक गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब में हीटवेव चलने वाली है। यानी कि इन राज्यों में रहने वाले लोगों को गर्मी से सावधान रहने की जरूरत है। इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में 7-10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान व बिजली कड़कने का नया दौर आएगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और कर्नाटक में आंधी तूफान व बारिश रिकॉर्ड की गई। असम, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में ओले भी गिरे। वहीं, गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव चली। कई राज्यों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में 6 अप्रैल, केरल माहे में 6 और 7 अप्रैल, कर्नाटक में छह से आठ अप्रैल, पूर्वोत्तर भारत में 7-10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है। गंगीय पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय में छह अप्रैल, बिहार में नौ अप्रैल को ओले गिरेंगे। वहीं, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माह में 7 और, असम, मेघालय में नौ और 10 अप्रैल को भारी बरसात होगी।

### दक्षिण और पूवोत्तर राज्यों में होगी बारिश

**नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल से दस्तक देगा**

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल यानी आठ अप्रैल से दस्तक देने जा रहा है। इसकी वजह से जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में 9 और 10 अप्रैल को बारिश होगी। वहीं, 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलने का अनुमान है। वहीं, जम्मू कश्मीर, लद्दाख में 9 अप्रैल को ओले गिरेंगे। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में छह से सात अप्रैल के बीच बारिश होने वाली है। छह अप्रैल को भी भारी बारिश होगी।





### उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ेगी गर्मी

गर्मी की बात करें तो उत्तर पश्चिम भारत, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत में अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। मध्य भारत में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने जा रही है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो दो दिन बाद यहां दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। गुजरात में अगले दो दिनों में तापमान दो डिग्री बढ़ जाएगा।

### कहां कब चलेगी हीटवेव

कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। गुजरात में 7-10 अप्रैल, सौराष्ट्र और कच्छ में इसी दिन हीटवेव चलने वाली है। राजस्थान में 10 अप्रैल को हीटवेव चलने का अलर्ट है। हिमाचल में 7 अप्रैल, हरियाणा, चंडीगढ़ में 7-10 अप्रैल, पंजाब में 7-10 अप्रैल, दिल्ली में 7-10 अप्रैल, उप्र में 7-9 अप्रैल, मप्र में 8-10 अप्रैल के बीच हीटवेव चलेगी।

कैबिनेट मंत्री ने सीएम योगी को लिखा पत्र

## आगरा के शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगरा स्थित 'शाहजहां गार्डन' का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की मांग की है। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। दरअसल शाहजहां गार्डन आगरा जिले में ताजमहल और आगरा किले के बीच बना एक हरा-भरा उद्यान है। बेबी रानी मौर्य ने बताया, "हां, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है और शाहजहां गार्डन का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का मेरा प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत कुछ किया था।" नाम बदलने की मांग करने के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं आगरा की बेटी हूं और हमेशा महान अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेती रही हूं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया। यह मुद्दा मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए मुझे लगता है कि इस उद्यान का नाम बदलने से लोगों, खासकर महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी।




*जम्मू और कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर और शंकराचार्य मंदिर में श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्रि की नवमी और राम नवमी पर बड़े श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की।*

# राम नवमी पर माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ जम्मू

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के नवमी दिन कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। लाखों श्रद्धालु इस पवित्र अवसर पर पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर परिसर को सजाया गया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन रामनवमी के अवसर पर रविवार को कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वही श्रीनगर के प्राचीन शंकराचार्य मंदिर में भी भक्तों ने राम नवमी पर पूजा की। इस अवसर पर भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। एक केरल से आई श्रद्धालु आरती ने कहा मैं बहुत आभारी हूं कि मैं इस दिन यहां आ सकी, क्योंकि यह राम नवमी का पर्व है। हम सभी जानते हैं कि इस दिन की खुशी से शुरुआत होगी। यह एक शांत मंदिर है, जिसमें हम भगवान शिव के साथ हर समय शांतिपूर्वक बिता सकते हैं।



**विशेष सेवाएं प्रदान की गईं**

*वैष्णो देवी मंदिर में नवमी के दौरान एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक स्काईवॉक और उन्नत सेवाओं की शुरुआत की है। विकलांग व्यक्तियों के लिए भी विशेष सेवाएं प्रदान की गई हैं, जिससे तीर्थयात्रा का अनुभव सहज और आरामदायक हो सके।*

### देश-विदेशों से श्रद्धालु यहां आते हैं

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के पावन त्योहार के दौरान श्रद्धेय श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत से अब तक करीब एक लाख तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन के लिए आ चुके हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सभी आगंतुकों के लिए एक सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध तीर्थयात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित इस मंदिर में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस पवित्र अवधि के दौरान आशीर्वाद लेने के लिए देश भर से और विदेशों से श्रद्धालु यहां आते हैं।

## खबर संक्षेप

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत



**सियोल।** दक्षिण-पूर्वी दक्षिण कोरिया से एक बड़ी खबर साममे आ रही है। जहां रविवार को जंगल में लगी आग बुझाने के दौरान दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें हेलीकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर जंगल की आग बुझाने के लिए उड़ान भर रहा था। स्थानीय अग्निशमन कार्यालय के अनुसार, यह दुर्घटना डेगू शहर की पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के दौरान हुई। बता दें कि यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पिछले महीने दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में अब तक की सबसे भीषण जंगल की आग लगी थी।

### ब्रिटेन में आर्टिस्ट सुदर्शन पुरस्कार से सम्मानित



**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शनिवार को दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया जब उन्होंने भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई, जिस पर विश्व शांति का संदेश था। क्योंकि वर्ष 2025 में प्रसिद्ध ब्रिटिश रेत मूर्तिकार फ्रेड डारिंगटन की शताब्दी मनाई जाएगी।

### उपराज्यपाल ने एक साक्षात्कार में कहा

# पाक की जनता में अविश्वास चरम पर, पीओके को मिलाना केंद्र सरकार का कामः एलजी सिन्हा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

*उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीओके को मिलाने का फैसला भारत सरकार पर छोड़ दिया, पाकिस्तान की अंदरूनी स्थिति पर चिंता जताई और जम्मू कश्मीर में शांति, विकास और आतंकवाद पर नियंत्रण की दिशा में विश्वास व्यक्त किया।*

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल अपने चरम पर है। रही बात पीओके कि तो उसे देश में मिलाने का फैसला भारत सरकार को करना है। उपराज्यपाल ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में शुक्रवार को ये बातें कहीं। तबादलों पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से प्रतिक्रिया को लेकर कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को सोच समझकर बोलना चाहिए।



उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ यहां पीओके है, वहां पर जनता जब हमको देखती है तो कहती है कि जो हिस्सा मोदी के पास है वहां पर सड़कें हैं, अस्पताल हैं और डाक्टर हैं। जबकि यहां हमारे यहां गेहूं व आटे के लिए लाइन लग रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान एक विफल राज्य है। पाकिस्तान कई समस्याओं चाहे बलूच का हो या पड़ोस का मसला हो, इससे जूझ रहा है।

#### सही समय पर मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बयान मे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पूर्व में भी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री इसको लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि सही समय आने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर आए थे तब भी यही बात उन्होंने कही थी। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए। लोगों को इंतजार करना चाहिए।

#### जम्मू-कश्मीर में शांति है, इसके लिए किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

उन्होंने जम्मू कश्मीर को लेकर कहा कि यहां पर शांति है इसके लिए किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। आम आदमी यहां शांति महसूस कर रहा है। जो लोग देश के अन्य भागों से यहां कश्मीर आ रहे हैं, उन्हें मैं ब्रांड एंबेस्डर मानता हूं। इसीलिए कश्मीर में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

#### अब तो आतंकवादी तंजीमों का कोई कमांडर नहीं बचा

जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जब वह सात अगस्त 2019 को यहां आए थे, तब से लेकर अब तक काफी कुछ बदल चुका है। यहां पर शांति,समृद्धि व विकास की बात हो रही है।

#### आतंकियों ने परिवार को ढाई घंटे बनाया बंधक, खाना खाया, मोबाइल छीनकर भागे

*उधमपु। मजालता के गांव चौड पांजिया के खबल में दो संदिग्धों ने घर में घुसकर परिवार को करीब ढाई घंटे बंधक बनाए रखा। खाना खाने के बाद संदिग्ध परिवार से मोबाइल छीनकर भाग गए। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। परिवार को बंधक बना लिया। खाना खाया और करीब ढाई घंटे बाद रात ढाई बजे मोबाइल लेकर चले गए।*

### जज्बाः रिटायर सैनिकों ने कहा हम भी आतंकियों से लड़ेंगे

**जम्मू।** जिले के सीमावर्ती गांवों के सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों और जवानों ने सरकार से गुहार लगाई है कि यदि उन्हें हथियार मुहैया कराए जाएं तो वे आतंकवादियों से लड़ने के लिए तैयार हैं। सेवानिवृत्त कैप्टन बज सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदीश राज और कुलदीप राज ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की ओर से देश विरोधी तत्वों को जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए भारत-पाक सीमा से घुसपैठ कराई जा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हमें सूचना मिलती है कि मुठभेड़ में सेना के अधिकारी और जवान शहीद हो रहे हैं, हमारा खून खौल उठता है। सेवानिवृत्त सैनिकों ने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की ओर से लोगों को हथियार दिए जाते थे और फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाता था। लोग अपने-अपने गांवों की सुरक्षा करते थे। जब आतंकवादी घटनाएं बढ़ने लगीं तो पुलिस ने ग्राम सुरक्षा समितियां बनाई थीं। प्रत्येक गांव में पांच सदस्यों की समिति बनाकर उन्हें पुलिस के साथ रात्रि पहरेदारी का जिम्मा सौंपा गया था। उनके काम को देखते हुए उन्हें मानदेय भी दिया जाता था और समय-समय पर फायरिंग प्रशिक्षण दिया जाता था। सेवानिवृत्त सैनिकों ने मांग की कि केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए ग्रामीण सुरक्षा गार्ड की तर्ज पर उन्हें भी हथियारों के लाइसेंस दिए जाएं ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने बताया कि सेना के जवान पहले से ही प्रशिक्षित होते हैं। जिन लोगों ने हथियार के लाइसेंस रिन्यू करने के लिए दिए हैं, उन्हें रिन्यू किया जा रहा है। अभी नए लाइसेंस नहीं बन रहे हैं।



### द्विपक्षीय संबंधों में दिखी नई मजबूती

# पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

◆ 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की थी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब रविवार को श्रीलंका सरकार ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया।

यह कदम प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच शनिवार को हुई वार्ता के बाद सामने आया।

**श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानितः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका की ओर से उच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से भी नवाज़ा गया।

#### मछुआरे अक्सर गिरफ्तारी के शिकार होते हैं

भारतीय मछुआरों, विशेष रूप से तमिलनाडु से संबंधित, को श्रीलंकाई जल सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। 2025 की शुरुआत से अब तक, श्रीलंकाई बलों द्वारा 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की गई हैं। इससे तटीय समुदायों में चिंता बढ़ी है और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जाती रही है।

#### विकास परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया, जिनमें भारत समर्थित रेल परियोजनाएं प्रमुख हैं। इनमें अपग्रेड की गई महो-ओमंथई रेलवे लाइन और महो-अनुराधापुरा सेगमेंट के लिए नया सिग्नलिंग सिस्टम शामिल हैं।

### राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

# ट्रंप और एलन मस्क के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा! 1200 जगहों पर रैलिया निकालीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका में शनिवार को विपक्षी आंदोलन का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका में हजारों की संख्या में गुस्साए लोगों की भीड़ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश के चलाने के तरीके और उनकी नीतियों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका के 50 राज्यों में 1200 से ज्यादा स्थानों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की अमेरिका के लिए नीतियों के विरोध में तथाकथित 'हैंड्स ऑफ' प्रदर्शन किया गया।




**पर्शिंग स्क्वार से लेकर सिटी हॉल तक निकाली गईं रैलियां**

*वेस्ट कोस्ट पर सिएटल के विख्यात स्पेस नीडल के अंतर्गत हजारों प्रदर्शनकारियों ने फाइट फॉर ऑलिगार्की लिखी तख्तियां ली हुई थी। पोर्टलैंड, ओरेगन और लॉस एंजिलिस में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरकर ट्रंप सरकार के विरोध में नारे लगाए।*

#### ट्रंप और मस्क के खिलाफ लोगों ने लगाए नारे

मिडटाउन मैनहैटेन से लेकर एंकोरेज, अलास्का तक कई राज्य की राजधानियों में हजारों की संख्या में लोगों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए, रैलिया निकाली।

### अब तक एक लाख 60 हजार लोगों की पहचान हुई

# अब खैबर पख्तूनख्वा में हुआ अफगान नागरिकों का सर्वेक्षण

एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय सरकार ने अफगानों को वापस उनके देश भेजने की सरकार की नीति के अनुसार अफगान नागरिकों की पहचान और उनका पता लगा लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

खैबर पख्तूख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में 1978 से हजारों अफगानी रह रहे हैं। उसी वर्ष रूस ने पड़ोसी अफगानिस्तान पर आक्रमण किया था, जिसके कारण बड़ी संख्या में शरणार्थी पाकिस्तान में आ गए थे।

#### आंकड़े एकत्र करने के लिए पुलिस तैनात

खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने अफगानों के ठिकानों का पता लगाने और उनके बारे में आंकड़े एकत्र करने के लिए पुलिस को तैनात किया है। जिला प्रशासन ने यहां अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारक एक लाख 60 हजार लोगों की पहचान की है, जिन्हें वापस भेजा जाना है। पुलिस का कहना है कि पेशावर में रह रहे अफगानों और अन्य विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारियां जुटाने का काम चल रहा है।

# म्यांमारः भूकंप पीड़ितों के लिए 405 टन चावल लेकर पहुंचा नौसेना का जहाज



*नाएप्यीडॉ। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत सरकार का 'ऑपरेशन ब्रह्मा' जारी है। भारतीय नौसेना ने 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री की एक नई खेप लेकर नौसेना का जहाज रविवार को म्यांमार के शहर यांगून पहुंचा। यह राहत सामग्री भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी।*

### ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी होगी चर्चा

# गाजा और अन्य मुद्दों पर ट्रंप और नेतन्याहू आज करेंगे मुलाकात



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज (सोमवार को ) इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद व्हाइट हाउस में यह उनकी दूसरी बैठक होगी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी और नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को इस मुलाकात की पुष्टि की।

#### इजराइल ने पिछले माह अचानक बमबारी की थी

दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब इजराइल हमास के चरमपंथियों पर दबाव बनाने के लिए गाजा पट्टी में एक नए सुरक्षा गलियारे में सेना तैनात कर रहा है। वही ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल इस क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा करेगा और उसे अपने सुरक्षा जोन में शामिल करेगा। पिछले महीने इजराइल ने संघर्षविराम तोड़ते हुए गाजा पर अचानक बमबारी कर दी थी।

### अमेरिका के पेनसिंलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने की नईखोज

# अब च्युइंगम चबाकर होगा दो वायरसों का सफाया

*अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एक एंटीवायरल च्युइंगम विकसित की है, जो इनफ्लूएंजा और हर्पीस वायरस के संक्रमण को 95 फीसदी तक कम कर सकती है। यह च्युइंगम लैबलेब पर्प्युरियस बीस से बनाई गई है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंफ्लूएंजा (फ्लू) और हर्पीज वायरस के कारण हर साल लाखों लोग संक्रमण का शिकार होते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर मौसमी इंफ्लूएंजा हर साल लगभग एक अरब लोगों को संक्रमित करता है, जिसके कारण करीब 6.50 लाख लोगों की श्वसन संबंधी जटिताओं से मृत्यु हो जाती है। 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में फ्लू के गंभीर रूप लेने और इसके कारण जान-जाने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

**95 प्रतिशत तक कम होगा संक्रमण**



#### इंलूएंजा और हर्पीज वायरस से मिलेगी सुरक्षा

*अब इस प्रकार के संक्रमण को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। अमेरिका स्थित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने एक विशेष प्रकार का च्युइंगम विकसित किया है जो हर्पीज और फ्लू वायरस के प्रसार को कम करने में मदद कर सकता है। इस गम के परीक्षण में पाया गया है कि ये चच्युइंगम इन वायरल संक्रमण के लोड को 95 फीसदी तक कम कर सकता है।*

#### शोधकर्ताओं का दावा, होगा असर

आप इस च्युइंगम को चबाएंगे तो इससे लगातार एंटीवायरल प्रोटीन रिलीज होता रहेगा, जो वायरस को शरीर में बढ़ने से पहले ही बेअसर कर देगा। प्रयोगशाला में दो ग्राम की एक च्युइंगम को वायरल संक्रमण के जोखिमों को कम करने में 95 प्रतिशत तक कारगर पाया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह मानव उपयोग के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। प्रोफेसर हेनरी डैनियल ने कहा, इसके परिणाम आशाजनक हैं।

भाजपा स्थापना दिवस, 45 साल-बेमिसाल: सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास, अंत्योदय एवं सुरक्षा के स्वप्न हुए पूर्ण

# भाजपा: लोकमंगल के संकल्प की एक अनुपम यात्रा, असंभव को संभव करने का नाम


विष्णुदत्त शर्मा

विशेष आलेख

स्वाधीनता के बाद 1951 में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ बनाया था, तब विरोधी उनकी हंसी उड़ाते थे कि ये क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गए। उस दौर में अटलजी ने कहा था, अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त कर भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केंद्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में सरकार है और सबसे पुरानी पार्टी का दावा करने वाले पारिवारिक गिरोह न केवल सत्ता को तरस रहे हैं, बल्कि अपनी तथाकथित पारंपरिक सीटें भी गंवा बैठे हैं।

पार्टी ने आज देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद जैसे घावों से मुक्ति दिलाई है। साथ ही उन सभी मुद्दों को हल करके राजनीति में नया अध्याय लिख चुकी है, जिनका पार्टी ने अपनी स्थापना के समय संकल्प लिया था। कश्मीर में धारा 370 की विदाई या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण से लेकर वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव तक के सभी संकल्प भाजपा ने पूरे किए हैं। अपनी कथनी और करनी से आज यह सर्वाधिक विश्वसनीय पार्टी बनी है तथा जिसको करोड़ों लोगों ने अपनाकर विश्व का सर्वोच्च दल बनाया है। आज की पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि 1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब भाजपा की स्थापना हुई। देश के राष्ट्रवादी समूहों ने एक सपना देखा था, जिसमें भारतीय गौरव की पुनर्स्थापना, भारत के आध्यात्मिक उत्कर्ष, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के विचार-बीज थे। आज वे बीज फलदार वृक्ष हो चुके हैं। 45 साल में वे सपने साकार हो चुके हैं।

हालांकि भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, परन्तु इसका अतीत भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। स्वतंत्रता प्राप्ति तथा देश विभाजन के बाद बढ़ते अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय असुरक्षा, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक मुद्दों के गर्भ से जनसंघ का जन्म हुआ था। आपातकाल के बाद भाजपा की स्थापना सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण के लिए की गई थी, जिसमें पार्टी ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की, जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के मूल्यों से प्रेरणा लेकर 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। साथ ही संविधान सम्मत सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर सुनिश्चित हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपना वैचारिक दर्शन मानते हुए भाजपा ने अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा के संकल्प पर चलते हुए 45 साल की अनुपम यात्रा पूरी की है। इस यात्रा में पं. दीनदयालजी के अंत्योदय से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जैसा अद्वितीय संकल्प पूर्ण हुए हैं। भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मता का साक्षात संकल्प था। अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर उठाने का प्रण था, जिसे पार्टी का हर कार्यकर्ता 1980 से लेकर अब तक पूर्ण करने में सक्रिय हैं। अटलजी की सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में परमाणु परीक्षण हो, कारगिल विजय हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कश्मीर में 370 की समाप्ति हो, श्रीराम मंदिर निर्माण हो या वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव हो, ये भाजपा की राजनीति में वे मील पत्थर हैं, जो संकल्प से सिद्धि का मंत्र बनकर पीढियों को प्रेरित करते रहेंगे।

आज स्थापना दिवस के प्रसंग में भाजपा के उत्कर्ष में अमूल्य योगदान देने वाले नेतृत्व की चर्चा जरूरी है। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर नरेंद्र मोदी तक पार्टी नेताओं ने संकल्प और साहस का नया इतिहास रचा है। भारत को परमाणु शक्ति बनाने से लेकर चंद्रयान-मंगलयान की यात्रा तक की उपलब्धि चुनावी राजनीति से अलग एक अदम्य साहस और देशभक्त नेतृत्व का प्रमाण है। 2014 से लेकर 2025 तक गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपने सभी संकल्पों को एक-एक करके पूर्ण करते हुए भारत को सशक्त बनाया है। हिन्दुत्व का विचार अब सर्वग्राही बन गया है। अपनी प्रखर व प्रतिबद्ध कार्यशैली से भाजपा ने देश के राजनीतिक विमर्श को परिवर्तित करने में ऐतिहासिक सफलता पाई है। इस पड़ाव पर भाजपा अपनी पंचनिष्ठाओं की नींव पर न केवल गर्व से स्वयं खड़ी है, बल्कि उसके सहयोगी दल भी उसके साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। राज्य भाजपा इकाई का अध्यक्ष होने के नाते अपने अनुभव से कह सकता हूं कि विजन, संगठन, नेतृत्व और कार्यकर्ता- इन चारों अंगों के कारण भाजपा कैडर आधारित पार्टी बनी है। अटलजी, लालकृष्ण आडवानी, नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जय प्रकाश नड्डा तक पार्टी का नेतृत्व करने वाले अनेक लोग इसी कैडर की गंगोत्री से निकले हैं। आज पीएम नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व ने भाजपा के विजन और संगठन का अतुल्य विस्तार किया है तो पार्टी की विकास यात्रा में गृह मंत्री अमित शाह का योगदान भी स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी ने असंभव को संभव किया है और आज पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा की सरकारें हैं, तो उसके पीछे अमित शाह का परिश्रम और संकल्प ही है। उनके नेतृत्व में पार्टी को विश्व का सबसे बड़ा दल बनने का गौरव भी मिला है। इस प्रसंग में यह भी कहना चाहिए कि गृह मंत्री अमित शाह ने न केवल पार्टी को शिखर पर पहुंचाया है, अपितु कश्मीर को 370 से मुक्त कराकर, नागरिकता कानून व वक्फ कानून में संशोधन कराकर देश की राष्ट्रीय अखंडता का आदर्श प्रतिमान गढ़ा है। लगातार सत्ता में रहने के बावजूद विगत मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चमत्कारिक नेतृत्व में पार्टी को प्रचंड बहुमत दिलाया। हम यहां लोकसभा की सभी सीटें जीते हैं और राज्य का हर बूथ मजबूत बनकर सारा संगठन नयी ऊर्जा से ओत प्रोत है। इसलिए 45 वें स्थापना दिवस पर हर बूथ पर कार्यकर्ता सम्मेलन और गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है। हमारे दोनों नेताओं ने यह सिद्ध किया है कि यदि राजनीति की ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाया जाए और मूल्यों एवं आदर्श के साथ लोकमंगल की भावना से कार्य किया जाए तो एक समर्थ समाज और सशक्त देश बनाया जा सकता है।

(लेखक-भाजपा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं)

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, देश के गौरवशाली इतिहास को आम लोगों के सामने लाने होगा आयोजन

# लाल किले पर होगा तीन दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल सुशासन व्यवस्था का प्रस्तुत करता है आदर्श उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के गौरवशाली इतिहास को आम लोगों के सामने लाने के लिए 2 हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर 12-13-14 अप्रैल को होने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य 'विरासत से विकास की ओर' हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मप्र सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में विक्रमोत्सव अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के संबंध में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व को सबके सामने लाने के लिए महानाट्य की कल्पना की गई है। जब इसका मंचन होगा तो इसमें हाथी, घोड़ों, पालकी के साथ 250 से ज्यादा कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। महानाट्य में शामिल कलाकार निजी जीवन में अलग-अलग क्षेत्र के प्रोफेशनल्स हैं।

सम्राट विक्रमादित्य के किए गए नवाचार और कार्य आज भी प्रासंगिक

2000 साल पहले सम्राट विक्रमादित्य ने की थी गणतंत्र की स्थापना




### शासन व्यवस्था में नवरत्नों का समूह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहली बार सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था में ही नवरत्नों का समूह देखने को मिलता है। इन नवरत्नों में सभी अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ थे। उन्होंने सुशासन की व्यवस्था स्थापित की। नवरत्न सभी परिस्थितियों में सुचारू शासन संचालन में सक्षम थे। इसी क्रम में 300 साल पहले शिवाजी महाराज के अष्ट प्रधान की पद्धति में यही व्यवस्था दिखाई देती है। विक्रमादित्य उज्जैन के सार्वभौम सम्राट के रूप में लोक विख्यात हैं। आज विक्रमादित्य के अनेक पुरातत्वीय प्रमाण, लेख, मुद्रा अवशेष प्राप्त हैं।

### सम्राट विक्रमादित्य ने मंदिर बनवाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले गणतंत्र की स्थापना की, उन्होंने कभी स्वयं को राजा नहीं कहा। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं को देश का प्रधान सेवक मानते हैं। मप्र सरकार ने 20 साल पहले विक्रमादित्य शोध पीठ स्थापित की है, जो विक्रमादित्य के जीवन मूल्यों पर आधारित पुस्तकें प्रकाशित कर विभिन्न तथ्य सामने ला रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने जीवनकाल में मथुरा और अयोध्या जैसे 300 से अधिक स्थानों पर मंदिरों का निर्माण कराया, साथ ही किसी को भी बेघर नहीं रहने दिया।*

### महानाट्य में वीर रस समेत सभी रस देखने को मिलेंगे

महानाट्य में वीर रस समेत सभी रस देखने को मिलेंगे। महानाट्य का मंचन गौरवशाली इतिहास को विश्व के सामने लाने का मप्र सरकार का एक अभिनव प्रयास है। इस कालजयी रचना को सबके सामने रखने में दिल्ली सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। इससे पहले हैदराबाद में भी विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल, सुशासन व्यवस्था का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। वे एकमात्र ऐसे शासक थे, जिनके जीवन के विविध प्रसंगों से आज भी लोग प्रेरणा लेते हैं।

### कार्य और नवाचार आज भी प्रासंगिक

सम्राट विक्रमादित्य की ओर से किए गए कार्य और नवाचार आज भी प्रासंगिक हैं। वर्तमान में हिजरी और विक्रम संवत प्रचलन में हैं। इसमें विक्रम संवत उदार परंपरा को लेकर चलने वाला संवत है, अर्थात संवत चलाने वाले के लिए शर्त है कि जिसके पास पूरी प्रजा का कर्ज चुकाने का सामर्थ्य हो, वही संवत प्रारंभ कर सकता है।

---

नई दिल्ली में दीनदयाल शोध संस्थान के सेमिनार में शामिल हुए सीएम

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समाज पर होंगे दूरगामी व्यापक प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विविध प्रकार के सकारात्मक और नकारात्मक सामाजिक प्रभाव हो सकते है। उन्होंने बताया कि शालेय जीवन में जिस प्रकार से विज्ञान के वरदान अथवा अभिशाप होने पर चर्चा की जाती थी, कंप्यूटर और इंटरनेट क्रांति के शुरुआती दौर में भी रोजगार को लेकर इसी प्रकार के प्रश्न उठते थे। वर्तमान युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में भी विभिन्न धारणाएं बन रही हैं, जिनसे इस अत्याधुनिक तकनीक को आशीर्वाद और संकट दोनों ही रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान की ओर से दिल्ली में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सामाजिक प्रभाव' विषय पर आयोजित सेमिनार के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आशा जताई कि इसके समाज पर दूरगामी सकारात्मक प्रभाव होंगे। उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान को इस गहन विषय पर सेमिनार आयोजित करने के लिए बधाई दी।



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शक्तिशाली तकनीक

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई आने से यह धारणा बनी है कि इससे बहुत सी नौकरियां खत्म हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि जब कम्प्यूटर आया, तो यह ही डर बना था। जैसे उस वक्त नौकरियां पैदा हुई वैसे ही आज एआई नई नौकरियां पैदा कर रहा है, मौजूदा नौकरियों को बदल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक शक्तिशाली तकनीक है, जिसके सामाजिक प्रभाव बहुत गहरे हैं। हमें इस पर विचार करना चाहिए कि किस तरह हम इसे वरदान बनाएं। सेमिनार में केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत, दीनदयाल शोध संस्थान के महासचिव अतुल जैन, आरआईएस के महानिदेशक सचिन चतुर्वेदी ने भी सत्र में अपने विचार रखे।*

---

432 पेटी अवैध शराब मिलने के बाद से थे फरार, पुलिस ने दबोचा

# फार्म हाउस शराब मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी के फार्म हाउस में 432 पेटी अवैध शराब मिलने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस लगातार अवैध शराब के मामले में कार्रवाई कर रही है। फार्म हाउस से 432 पेटी शराब, नकली होलोग्राम और अन्य सामान बरामद किया गया था। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के करवारी के फार्म हाउस में पुलिस ने 29 मार्च को रेड करवाई कर आरोपी रोहित नेताम के फार्म हाउस में पुलिस ने छापा मार कार्रवाई की थी।

जहां पुलिस को 432 पेटी मध्य प्रदेश निर्मित अवैध शराब, नकली होलोग्राम, कई खाली बोतल और अन्य सामान बरामद हुआ था। आरोपी मौके से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए 3 अप्रैल को आरोपी रोहित नेताम और अन्य टोटल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। एडिशनल एसपी ने कहा कि डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में 432 पेटी शराब एक सप्ताह पहले जब्त हुई। जिसमें आठ आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। तीन अन्य आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई।



---

जल्द ही जनता को किया जाएगा समर्पित

# ग्वालियर के कलेक्टर ने किया रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में नवनिर्मित विवेकानंद नीडम आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों ग्वालियर ट्रांजिट विजिट में विमानतल पर कलेक्टर रुचिका चौहान को नीडम आरओबी का निरीक्षण कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि शेष कार्य पूर्ण होते ही आरओबी का लोकार्पण किया जाएगा। ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नव निर्मित आरओबी की कमियों को तत्परता से पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर चौहान ने शनिवार को नीडम आरओबी का निरीक्षण किया।

कलेक्टर चौहान ने सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री को आरओबी पर किए जा रहे विद्युतीकरण, रोड फिनिशिंग, आरओबी के दोनों ओर की कॉलोनियों को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुसार जोड़ने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

---

# लैंड पूलिंग एक्ट लाकर किसानों की जमीनों को हथियाने की साजिश: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि मध्यप्रदेश में भूमि अधिग्रहण कानून का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। वहीं लैंड पूलिंग एक्ट लाकर किसानों की जमीनों को जबरन हथियाने की साजिश चल रही है।

मप्र किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की फीसदी ब्याज की योजना भी एक झूठा ढोल है जो वह लगातार पीट रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार को एक वर्ष से अधिक का समय हो गया लेकिन आज तक विधानसभा चुनाव 2023 में किए वायदों को पूर्ण नहीं किया, परंतु किसानों के शोषण के नए मार्ग खोलती जा रही है। मध्यप्रदेश का किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है और सरकार उसे राहत देने के बजाय उससे अतिरिक्त कर्ज वसूलने में लगी हुई है। इस वर्ष ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से आगे नहीं बढ़ाई और प्रदेश के लाखों किसान डिफाल्टर हो गए। उन्होंने बताया कि खरीफ 2024 में खाद की किल्लत के कारण किसान समय पर बौनी नहीं कर सका और फसल उत्पादन प्रभावित हुआ। किसानों को उपज के दाम भी नहीं मिला।

---

गांव का ही संदेही वारदात के बाद से फरार

# बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में एक और हत्या का मामला सामने आया है। यह वारदात साजा थाना क्षेत्र के घोटवानी गांव की है। जहां एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक का नाम अशोक निर्मलकर है। कुल्हाड़ी से ऐसे वार किया था कि उसके सिर में ही फंस गया।




इसके अलावा आरोपी द्वारा हत्या के बाद आग लगाने की भी योजना थी। क्योंकि घटनास्थल पर पेट्रोल व माचिस भी मिला। पुलिस को हत्या का शक गांव के ही एक व्यक्ति पर है, जो वारदात के बाद से ही फरार है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। वहीं, मौके पर पहुंच कर पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी की खोजबीन जारी है।

---

आरोपी चालक की पुलिस कर रही तलाश

# पैदल युवक को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सहारनपुर

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मेला देखने जाने निकले एक शख्स को बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा कर मामले को जांच में जुट गई है।

जायलाल टोप्पो ने धरमजयगढ़ थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उनके गांव नकना में इन दिनों नवरात्री मेला चल रहा है। इस मेला में घूमने के लिए उसने अपने साढ़ू अजय कुमार टोप्पो को बुलाया था। जिसके बाद अजय टोप्पो अपने भाई के साथ उनके घर आया था। कल रात 9:30 बजे खाना खाने के बाद वे लोग पैदल मेला देखने जा रहे थे। इस दौरान रात करीब 10 बजे के आसपास मेन रोड बाइक चालक ने अजय को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान अजय के पैर, सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने पर उसे सिविल अस्पताल धरमजयगढ में भर्ती कराया गया था जहां देर रात 2 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

जल गंगा संवर्धन अभियान में भूजल पुनर्भरण के लिए डगवेल रिचार्ज विधि अपनाने का लिया निर्णय

# प्रदेश में एक लाख कुओं को किया जाएगा रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान में भूजल पुनर्भरण के लिए डगवेल रिचार्ज विधि अपनाने का निर्णय लिया है।

इसमें राज्य में एक लाख कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह पहल विशेष रूप से कृषकों को रबी की फसलों की सिंचाई के लिए स्थायी जल स्रोत उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

### डगवेल रिचार्ज विधि: सरल, प्रभावी और वैज्ञानिक तरीका



डगवेल रिचार्ज विधि उथले जलभृत के पुनर्भरण का एक सरल और सुलभ उपाय है। इस विधि में वर्षा जल को रिचार्ज पिट, फिल्टर के माध्यम से कुओं में प्रवाहित किया जाता है, जिससे भूगर्भीय जल स्तर में वृद्धि होती है। यह विधि भूजल स्तर बनाए रखने में मदद करती है और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करती है।

### समाज की भागीदारी भी होगी अहम

निजी कुओं की सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित हितग्राही की होगी, वहीं सार्वजनिक कुओं की देखरेख ग्राम पंचायतें करेंगी। इससे जनभागीदारी सुनिश्चित होगी और जल संरक्षण की भावना जन-जन तक पहुंचेगी। राज्य सरकार का यह प्रयास जल संकट से जूझते ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी समाधान के रूप में उभरेगा। यह अभियान किसानों के जीवन को समृद्ध बनाने में सहायक होगा।

### कुओं का चयन और रिचार्ज पिट का निर्माण

*इस योजना में उन कुओं का चयन किया जाएगा, जिनमें जल स्तर 10 मीटर से अधिक है, और जो बरसात के बाद दिसंबर-जनवरी तक जल युक्त रहते हैं। मनरेगा के तहत निर्मित कपिलधारा कुओं को भी इस योजना में सम्मिलित किया जा सकता है, यदि उनमें पूर्व में रिचार्ज पिट का निर्माण नहीं हुआ है। रिचार्ज पिट, फिल्टर का निर्माण कुए से 3 से 6 मीटर की दूरी पर किया जाएगा। इसके लिए पत्थरों और मोटे रेत की परतें बिछाई जाएंगी, ताकि जल शुद्धिकरण में कोई बाधा न आए। पाइप लाइन से यह पानी सीधे कुंए में पहुंचेगा और वहां से जलस्तर को पुनर्भरित करेगा।*

---

स्थापना दिवस पर संस्थापकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण

# बीजेपी स्थापना दिवस पर सीएम ने फहराया पार्टी का झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीएम विष्णुदेव साय बीजेपी स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। जहां स्मृति मंदिर में उन्होंने संस्थापकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर पार्टी का झंडा फहराया।

बीजेपी के 46वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को नमन। सभी संस्थापकों को नमन। बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं को बधाई। मैंने प्रदेश कार्यालय के एक्सटेंशन के लिए भूमिपूजन किया है।

### बस्तर पंडुम देशभर के जनजाति क्षेत्रों में होगा स्थापित



बस्तर पंडुम देशभर के जनजाति क्षेत्रों में भी स्थापित होगा। इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, बस्तर क्षेत्र में नक्सल एक कलंक था। हमारी सरकार में नक्सल के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहे है। 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने की घोषणा गृहमंत्री शाह ने की है। हम वहां के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ रहे हैं। पिछली बार बस्तर ओलंपिक का आयोजन हुआ था। अब बस्तर पंडुम का ऐतिहासिक आयोजन हुआ। इस बात का प्रमाण है कि, बस्तर के लोग नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं और विकास की मुख्य धारा से जुड़ना चाहते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि, बस्तर पंडुम देश के अन्य जनजाति क्षेत्रों में स्थापित करेंगे।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

*गृहमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा एलडब्ल्यूई की बैठक पर कहा कि, श्री शाह के नेतृत्व में हुई बैठक फ्रूटफुल रही। बहुत सारी नई योजनाओं को रखा है और अद्भुत जानकारी अमित शाह जी को है। जिस तरह की रणनीति बनाते है वह बहुत ही गजब है। अब बस्तर के गांव- गांव में विकास की गंगा पहुंचाने में तेजी आएगी।*






# आकर्षक झांकियों ने बांधा समा, चहुंओर राम धुन की गूंज

## श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकली

## शंखनाद के साथ हनुमान चालीसा का पाठ

जबलपुर।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमीं पर शहर में अयोध्या जैसा नजारा दिखाई दिया। शहर के विभिन्न राम मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। देवालयों में जय श्रीराम के जयघोष गूंजे। सारे दिन नगर के राम मंदिरों में राम जन्मोत्सव की गूंज रही। हवन पूजन और भंडारों के आयोजनों का सिलसिला चलता रहा।

शाम को 6 बजे श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में बस स्टेण्ड से श्रीराम की भव्य व आकर्षक शोभायात्रा मनोहारी झांकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में अनेक साधु संत विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुये। रामनवमीं के दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। शोभायात्रा के प्रारंभ में साधू संतों ने शंखनाद किया. इसी के साथ हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया. वहीं आदिशक्ति की उपासना के नौवें दिन सिद्धिदात्री देवी की आराधना व उपासना के उपरांत श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। नवरात्र पर्व की विदाई बेला में शहर में परंपरागत तरीके से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा सनातन चौक (पुराना बस स्टेण्ड) से शाम 4 बजे प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। श्री राम शोभायात्रा का नेतृत्व नरसिंह दास ने किया।बस स्टेण्ड से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में श्री सनातन धर्म महासभा का बैनर बैंड बाजों के साथ अश्वारोही दल चल रहा था। उसके साथ ही ''श्रीराम, जय श्री राम'' का उद्घोष करते हुये युवाओं की टोली चल रही थी। जुलूस की अग्रिम पंक्ति में स्वामी नरसिंह दास, स्वामी प्यारेनन्द, स्वामी कालीनन्द, स्वामी पगलानन्द, स्वामी चैतन्यानंद महाराज शामिल थे।



### शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत

श्रीराम नवमी जन्म शोभायात्रा का जगह जगह पर विभिन्न संस्थाओं के द्वारा पुष्प वर्षा जलपान वितरण कर स्वागत किया गया. गंजीपुरा चौराहे पर एमआईसी सदस्य श्रीमति रजनी कैलाश साहू के नेतृत्व में मात्र शक्तियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. भाजपा नेत्री श्रीमति आभा दीपक साहू के नेतृत्व के साहू महिला मंडल द्वारा स्वागत किया गया. बड़े फुहारे पर जमुना प्रसाद अग्रवाल ट्रस्ट की ओर से शरद अग्रवाल डॉ सुधीर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल द्वारा भगवान की आारती उतारी गई और मठा वितरण कर शोभायात्रा में शामिल श्रृध्दालुओं का स्वागत किया गया. शोभायात्रा के विश्राम स्थल गोविंद गंज रामलीला परिसर में विशाल धर्म सभा आयोजन किया गया. जहां गोविंदगंज रामलीला समिती द्वारा भव्य स्वागत किया गया.

### ये रहे उपस्थित

यात्रा में सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, चंद्र कुमार भानोट, सासंद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, विध्येश भापकर, वासुदेव शास्त्री, डॉ अखिलेश गुमास्ता, यतीश अग्रवाल, डॉ पवन स्थापक, कैलाश साहू, डॉ. सुधीर अग्रवाल, आदि शामिल थे। शोभायात्रा में रामधुन प्रस्तुत करती विभिन्न मंडलियां शामिल थी। शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर मदनमहल की झांकियां भी शामिल थी। राममंदिर द्वारा 12 मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई थीं।

# झील महोत्सव में बढ़ा पर्यटकों का रूझान

**जबलपुर। पुण्य सलिला माँ नर्मदा के विश्व प्रसिद्ध बरगी बाँध तट पर आयोजित पंद्रह दिवसीय झील महोत्सव में पर्यटकों का रूझान बढ़ रहा है। झील महोत्संव बरगी बांध तट पर मंडला जिले के देवरी बकई गांव में आयोजित हो रहा है।**

जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियां होती है जहां पर्यटकों द्वारा उत्सा्ह पूर्वक भाग लिया जा रहा है। कार्यक्रम में एक ओर जहां फ्लाई-बोट पानी और हवा के बीच संतुलन साधेंगी, तो वहीं दूसरी ओर पानी को चीर कर निकलती मोटर बोट तट पर मौजूद दर्शकों को रोमांचित करती है। बरगी की अथाह जलराशि में हवा से बातें करती बोट और अलग-अलग ड्राइव करते युवा दिखाई देंगे, तो वहीं हॉट एयर बैलून, पैरामोटर व लैंड पैरासिलिंग पर सवार होकर आकाश की सैर का मज़ा भी प्रकृति प्रमियों के लिए कम नहीं होता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए आयोजन स्थल पर स्विस टेंट भी लगाए गए हैं। झील महोत्सएव में मुख्यर रूप से सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक के समय में पर्यटकों की संख्याल ज्या3दा रहती है। साथ ही महोत्संव में स्वा दिष्ट्ष व्यंयजनों की उपलब्धरता भी पर्यटकों को आकर्षित करती है।



# समरसता सेवा संगठन ने किया रामनवमीं शोभायात्रा का स्वागत

जबलपुर।

भगवान श्री राम नवमी के अवसर पर सनातन धर्म महासभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत समरसता सेवा संगठन ने मालवीय चौक पर संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन के नेतृत्व में किया। मालवीय चौक पर मंच लगाकर समरसता सेवा संगठन द्वारा शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी एवं गुरुजनों का पूजन एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी की आस्था के केंद्र हैं, साथ ही समरसता के सबसे प्रमुख प्रतीक पुरुष हैं भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन से आप पाएंगे कि भगवान ने सभी को अपने हृदय में स्थान दिया है चाहे माता सबरी का प्रसंग हो या केवट या फिर निषादराज का, भगवान ने सभी को समता के भाव से आशीर्वाद दिया है, सबका उद्धार करने वाले प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से हमारे समरसता सेवा संगठन के प्रतीक चिन्ह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सबरी का चित्र है जो समरसता की परिकल्पना को साकार करता है।समरसता सेवा संगठन के मंच से संगठन के सदस्य राजीव राठौर, विनीत तिवारी, विक्रम परवार, अरुण अग्रवाल, अनिल सोनी, पवन साहू, अजय यादव, राजेश ठाकुर, श्रीकांत साहू, परमवीर सिंह, अभिषेक तिवारी, देशराज सिंह ठाकुर, विनीत यादव, राहुल दुबे, आशु रजक सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया।

## हिरण नदी से निकाली गई जलकुंभी

**जबलपुर।** जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन अभियान परिषद के अमले द्वारा ग्राम इटवा कोनी में विकास खण्ड पाटन में हिरण नदी से जल कुंभी निकाली गई और जन सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज की भागीदारी से प्रति सप्ताह दो दिन हिरण नदी की सफाई का कार्य किया जाएगा। अनीता बाई जन कल्याण समिति मादा के संयोजन में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकास खण्ड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे,प्रस्फुटन समितियों के साथ ही मेंटर्स एवं सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के समाज कार्य के छात्र छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने अब 9 अप्रैल तक पंजीयन होगा

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के मद्देनजर रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि में वृद्धि की गई है। किसान अब 9 अप्रैल तक समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने अपना पंजीयन करा सकेंगे। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुजहत बानों बकाई ने यह जानकारी देते हुये जिले के उन सभी किसानों से बढ़ी हुई अवधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया है, जो किन्हीं कारणोंवश 31 मार्च तक अपना पंजीयन नहीं करा सके थे।

## गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ का नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व वार्षिक सभा आयोजित

जबलपुर।

गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने 14 वां स्थापना दिवस पर निशुल्क सार्वजनिक चिकित्सा शिविर गत दिवस गहोई वैश्य पंचायती भवन में लगाया गया। शुभारंभ डॉ. अभिलाष पाण्डेय विधायक उत्तर मध्य क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य व डॉ एलएल अहिरवाल शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं डॉ श्याम रावत कैंसर विशेषज्ञ शासकीय मेडिकल कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य में एवं इंजी. कमलकांत बहरे की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लगभग 350 रोगियों की निःशुल्क जांच व परामर्श उपरांत दवाएं भी फ्री में वितरित की गयीं। द्वितीय सत्र में वार्षिक साधारण सभा राधे श्याम कुचिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा के मुख्य आतिथ्य एवं राधेश्याम सेठ राष्ट्रीय मंत्री महासभा के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। इस अवसर पर विशिष्ट समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान, नये सदस्यों का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने गहोई वरिष्ठ संघ की समाज कल्याण योजनाएं खासकर स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य में योगदान की प्रशंसा की। समिति के दिशा निर्देशक शंभू दयाल बड़ेरिया, अनंत राम बड़ेरिया, नंदकिशोर नीखरा, राम नारायण पहारिया, कैलाश लहरिया की ने आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया।



## बदमाश ने पार्षद से की धक्का मुक्की, समर्थकों ने घेरा थाना

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत क्रेशर बस्ती में स्थानीय पार्षद अनुपम जैन और बस्ती की महिलाओ के साथ हुई मारपीट के विरोध में पार्षद और स्थानीय लोगो ने तिलवारा थाने का घेराव करते हुए क्षेत्र के बदमाश साहिल खान के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की मांग की गई।पार्षद अनुपम जैन का आरोप है कि क्रेशर बस्ती में साहिल खान नामक युवक जो आदतन बदमाश है। उसके द्वारा बस्ती में अवैध अतिक्रमण कर जगह जगह मकान बनाकर बेचा जा रहा है । जिसका विरोध जब महिलाओ ने किया तो साहिल खान ने महिलाओ से मारपीट की वही जब जानकारी लगी तो पार्षद अनुपम मौके पर पहुँचे और साहिल खान को समझाइश दी गई। लेकिन साहिल खान ने समझने की बजाए पार्षद अनुपम जैन से मारपीट शुरू कर दी।जहा पार्षद और स्थानीय लोगो ने थाने का घेराव कर मामला दर्ज कर कर्वी की मांग की है।

## कृतिका इंदुरख्या एलएलएम मास्टर्स के लिए लंदन की दोनों यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड व कैम्ब्रिज में चयनित

**जबलपुर।** वर्तमान में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाली संस्कारधानी की गौरव एडवोकेट कृतिका इंदुरख्या को एलएलएम मास्टर्स हेतु ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, लंदन (इंग्लैंड) दोनों ही विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटियों ने चयनित कर संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। इन्हें विधि संकाय में उच्चस्तरीय डिग्री के अध्ययन हेतु विश्व प्रसिद्ध प्रथम रेंकिंग की यूनिवर्सिटियों द्वारा चयनित किया जाना न केवल संस्कारधानी बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।



एडवोकेट कृतिका इंदुरख्या को गत वर्ष 13 जुलाई को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ के दीक्षांत समारोह में तीन स्वर्ण पदक देकर भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ.डी.वाई.चंद्रचूड़, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भंसाली, उत्तरप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय व अन्य विशिष्टजन की उपस्थिति में सम्मानित किया गया था। कृतिका की रुचि बचपन से हर फील्ड में रही है, चाहे वो स्पोर्ट्स हो या फिर स्टडी। इन्होंने स्टेट लेवल पर वॉलीबाल खेला है और डांस में भी कई सर्टिफिकेट्स हासिल किए हैं। इन्होंने क्लेट जैसे एग्जाम को फर्स्ट एटेम्प में ही क्लियर कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ में एडमिशन पाया। इन्होंने हाई एवं हायर सेकेंडरी की पढ़ाई क्राइस्ट चर्च गर्ल्स स्कूल, जबलपुर से की है और वे स्कूल में हाउस कैप्टन रही हैं। इन्होंने बचपन से हर क्लास में टॉप किया और कल्चरल एक्टिविटीज में भी हमेशा हिस्सा लेती रही हैं। डॉ.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में भी वे प्रत्येक वर्ष प्रथम स्थान पर रही हैं। वकालत की पढ़ाई के दौरान इन्हें अनेक अवार्ड व अचीवमेंट प्राप्त हुए। इन्होंने यूनिवर्सिटी के लीगल एड कमिटी की कॉन्वीनर और अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन के लिए हेड के रूप में काम किया। इन्होंने क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए एक सेंटर शुरू किया और गवर्नमेंट प्रोजेक्ट्स में काम किया। इन्होंने इंटरनेशनल कंपिटिशन में पार्टिसिपेट किया और इंडिया के सबसे पुराने मीडिएशन कंपिटिशन को इंटरनेशनल बनाया। एडवोकेट कृतिका, विजय कुमार इंदुरख्या व श्रीमती अंजू इंदुरख्या की पुत्री हैं।

## राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के रूप में नितिन जैन की नियुक्ति

जबलपुर।

भारत की सबसे बड़ी दिगम्बर जैन समाज की संस्था "राष्ट्रीय दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन" के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कांसल द्वारा राष्ट्रीय महासचिव विनय जैन की अनुशंसा से एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल की सहमति से संगठन में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है।



इस नियुक्ति के तहत नितिन जैन को राष्ट्रीय दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस प्रचार प्रसार के साथ सम्पूर्ण भारत से 6 अन्य सहयोगियों को मनोनीत किया है। नितिन जैन धार्मिक एवं समाजसेवा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी समाजसेवा और मीडिया क्षेत्र में व्यापक अनुभव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। साथ ही, वह वर्ष 2025-26 के लिए रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के मीडिया चेयरमेन हैं।इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल, फेडरेशन के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश विनायका, पूर्व महासचिव विपुल बाँझल, वीतराग विज्ञान मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन, जैन युवा फेडरेशन के अध्यक्ष संजय जैन, जैन पंचायत सभा के महामंत्री शैलेष चौधरी, महाकोशल-विंध्य रीजन अध्यक्ष सीए मनोज जैन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर 'मेन' के अध्यक्ष मुल्कराज बादशाह, पूर्व अध्यक्ष विकास जैन सहित अन्य पदाधिकारियों एवं गणमान्य सदस्यों ने बधाई दी एवं अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। इस नियुक्ति के माध्यम से संगठन को मीडिया और संचार के क्षेत्र में नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे समाजसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

## भव्य रैली के साथ होगा स्वागत
## समय सागर का प्रथम नगर आगमन आज

जबलपुर।

आचार्य विद्यासागर महाराज की परंपरा के नवाचार्य आचार्य समय सागर जी महाराज का आचार्य पद पर आरोहण के बाद आज सोमवार को प्रथम बार जबलपुर नगर में आगमन हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर शोभायात्रा प्रातः 6:00 बजे करमेता से आरंभ होकर विद्यासागर भवन, पुरानी फूल मंडी में संपन्न होगी। आचार्य श्री का नगर में प्रवेश करमेता से दीनदयाल चौक, दमोह नाका, मिलोनीगंज और कोतवाली होते हुए विद्यासागर भवन होगा जिसे प्रभात फेरी और रैली के रूप दिया गया है । इस भव्य यात्रा में 30 मुनि एवं ऐलक महाराज भी आचार्य श्री के साथ नगर प्रवेश करेंगे। आचार्य श्री की आहारचर्य जवाहरगंज में संपन्न होगी। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने हेतु श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा, श्री जैन नवयुग सभा, जैन इंटरनेशनल ट्रेड र्गनाइजेशन (जीतो) जबलपुर परिवार, तथा श्री दिगंबर जैन संरक्षणी सभा सहित जैन समाज के अनेक संगठनों ने भव्य तैयारियां की हैं।श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद्र जैन ने जानकारी दी कि संपूर्ण जैन समाज आचार्य श्री से निवेदन करेगा कि ग्रीष्मकालीन वाचन इस वर्ष जबलपुर में ही आयोजित हो। वहीं जीतो जबलपुर के अध्यक्ष राहुल जैन बड़कुल एवं अशीष कोठारी ने बताया कि 9 अप्रैल को आयोजित विश्व णमोकार दिवस के विशेष कार्यक्रम में भी आचार्य श्री सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त होगा। जैन समाज के श्रद्धालु प्रातः 6:00 बजे करमेता में एकत्र होकर प्रभात फेरी और नगर रैली के साथ आचार्य श्री का स्वागत करेंगे। समस्त समाज में इस अवसर को लेकर गहन उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।



## खबर संक्षेप

### सिमरन शुक्ला राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला अध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद मध्यप्रदेश इकाई के मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने



प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे की सहमति एवं प्रदेश सयोजक गिरीश पाण्डेय की अनुमति से तत्काल प्रभाव से जबलपुर जिला अध्यक्ष के महत्व पूर्ण पद पर सक्रिय व जुझारू महिला पत्रकार सिमरन सिंह शुक्ला को नियुक्त किया। राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी सहित सभी संभागीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रेष्ठी सनपाल ने 'बीमा सखी' योजना के तहत 24 लाख रुपये का पेंशन निवेश कराया

**जबलपुर।** गौरीघाट निवासी अधिवक्ता मनोज सनपाल की पुत्री श्रेष्ठी सनपाल ने महिलाओं के



आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक विधवा महिला, जो अपने परिवार में अकेली हैं, को एलआईसी जीवन अक्षय सिंगल प्रीमियम योजना में 24 लाख का निवेश करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में उनकी इकलौती बेटी को पूरी राशि वापस प्राप्त होगी। इस उपलब्धि में मुख्य बीमा सलाहकार राजीव शर्मा, अनुराधा जैन का विशेष मार्गदर्शन रहा।

### लाडली बसेरा संस्था को वस्त्र भेंट

**जबलपुर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याण के अंतर्गत पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत लाडली बसेरा संस्था को वस्त्र, सूट, कुर्ती के कपड़े भेंट किये गये. यहां रहने वाली नाबालिग किशोरियां स्वयं अपने हाथों से अपने वस्त्र सिलती हैं. इस अवसर पर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष प्रफुल्ल जैन सचिव राविज रितु, कोषाध्यक्ष अरविंद आभा संजय सखी, राकेश ज्योति दादाभाई, संतोष सुषमा लहरी, डॉ अशोक कंचनलता, अंकित बिछोना, रविंद्र शिल्पी, अंकित अनामिका, डी के अरुणा, प्रदीप बेटिया, राजेश वंदना, रविंद्र, सुबोध कामरेड, प्रभात, विनोद, राखी शांत, पंकज प्रतिभा, शरद सोनू, सनद, निलेश श्वेता, अजय, अजीत, सुनील, नितिन, आदि उपस्थित थे।

# 35 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल खाक

## मझौली के मोहनिया में भड़की भीषण आग



जबलपुर जिले की मझौली तहसील के मोहनिया गांव में स्थित गेहूं के खेतों में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि केवल कुछ ही मिनटों में करीब 35 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

हरिभूमि जबलपुर।

इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और किसानों ने आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन तेज हवा के कारण आग को काबू में पाना मुश्किल हो गया। इस भीषण आग से हुए नुकसान की जांच की जा रही है, और प्रशासनिक अधिकारी जल्द ही इस बारे में अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। आग की सूचना मिलते ही कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने मझौली तहसीलदार और पटवारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तुरंत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। तहसीलदार वीर बहादुर सिंह ने बताया कि खेत में आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे जल्द ही कलेक्टर को सौंपा



जाएगा। मौके पर मौजूद किसानों का कहना है कि जिस खेत में आग लगी है, वह रघुनाथ राय और कुछ अन्य किसानों का है। आग बुझाने के लिए किसान खुद भी जुटे थे, लेकिन आग इतनी तेज फैल गई कि उन्हें रोक पाना संभव नहीं हो सका। इस घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम को भी मौके पर भेजा गया।

किसानों का कहना है कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिनमें कभी शरारती तत्वों का हाथ होता है तो कभी खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से स्पार्किंग होने के कारण भी आग लग जाती है।



# सिहोरा में श्रीराम नवमीं पर मातृशक्ति ने निकाली भव्य वाहन रैली

## जगह-जगह पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत

**सिहोरा।** श्री राम नवमीं के पावन अवसर पर नगर उपनगर में विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी सिहोरा खितौला द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ शिव मंदिर बाबाताल से किया गया। बाबाताल में भगवान श्रीराम माता सीता लक्ष्मण एंव पवनसुत की झांकी के पूजन अर्चन के बाद प्रारम्भ हुई। वाहन रैली में सभी मातृशक्ति ने भगवा कलर की साड़ी के साथ पगड़ी भी पहनी थी। जिससे रैली की खूबसूरती देखते ही बन रही थी। सभी मातृशक्ति उत्साह से जय श्रीराम के नारे लगाते चल रही थी।



### इन मार्गों से होकर निकली रैली

वाहन रैली बाबाताल से प्रारम्भ होकर पुराना बस स्टेंड,ग़ौरी तिराहा,आजाद चौक,झंडा बाजार,कालभैरव चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर,खितौला तिराहा,खितौला बस स्टेंड,फाटक होकर,वन विभाग मार्ग,खितौला बाजार,राधा कृष्ण मंदिर से होकर बारीबहू स्टेडियम के सामने से होकर बाबाताल में संपन्न हुई। जहां पर अनेक कार्यक्रमों के साथ प्रसाद वितरण भी किया गया।

### रैली में रामभक्तों ने की पुष्प वर्षा

वाहन रैली में विधायक कार्यालय,बस स्टेंड,झंडा बाजार,काल भैरव चौक,सरावगी मोहल्ला सहित खितौला में अनेक स्थानों पर रामभक्तों ने एकत्र होकर मातृशक्ति पर पुष्प वर्षा तथा जय श्रीराम के नारे लगाये। रैली में पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा सम्पूर्ण वाहन रैली में महिला पुलिस बल के साथ अन्य को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पारुल शर्मा,थाना प्रभारी विपिन सिंह,थाना प्रभारी खितौला अर्चना जाट ने मार्गदर्शन प्रदान किया जिससे रैली शानदार ढंग से शांति पूर्वक सम्पन्न हुई।



## सर्व ईसाई महासभा ने वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री वितरित की

**जबलपुर।** सर्व ईसाई महासभा जबलपुर एवं मसीही समाज के लोगों के विशेष सहयोग से 40 दिवसीय उपवास के पवित्र दिनों में प्रभु यीशू मसीह के प्रेम, वात्सल्य को प्रगट करने आयोजित सेवा माह के उपलक्ष्य पर 06 अप्रेल को रिंझा स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया गया एवं वृद्धजनों से भेंट कर उनके साथ कुछ अनमोल पल बिताए एवं वृद्धजनों के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की प्रार्थनाएं की गईं। रेव्ह. मलर सेल्वन ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए प्रेरणादायक और सांत्वना देने वाले वचन साझा किए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस ने कहा कि आज मैं वृद्धाश्रम में आप सभी वृद्धजनों के बीच हूँ और मेरा हृदय आपकी गरिमा और जीवन के प्रति आपके योगदान को देखकर गर्व से भर उठा, आप हमारे समाज के आधार हैं, वो मजबूत स्तंभ हैं जिन्होंने अपने खून-पसीने से आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता बनाया। आपकी मेहनत, अनुभव और बुद्धिमत्ता आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है।इस दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सालोमन, पास्टर अभिषेक सेमुएल, प्रभाकर चक्रे, डेंजिल आंग्रे, जेरी दयाल, फ्रांसिस मारियान, विनय दास, महिला जिला अध्यक्ष सुधा सेमुअल, श्वेता सेमुएल, एड. रुचिका जेम्स, मेर्सी इम्मानुएल, शिमोन सागर, एनोश कुमार, जॉन दयाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में पकड़ मजबूत की

**जबलपुर।** इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया फैन कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है। कंपनी ने सुपर आरओआई फैंस की नई रेंज लॉन्च की है, जो इस श्रेणी में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के नए स्टैंडर्ड कायम करेगी। पॉलीकैब के सुपर बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50% तक बिजली की बचत करने में सक्षम हैं। इसके कुछ विशेष बीएलडीसी मॉडल 25% अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं। रिवर्स रोटेशन की सुविधा सर्दियों में भी आरामदायक माहौल बनाए रखने में मदद करती है। 100% कॉपर वाइंडिंग मोटर से निर्मित ये पंखे लंबे समय तक साथ निभाते हैं। ये पंखे 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। ये आधुनिक डिज़ाइन में 30 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं, जो आपके होम डेकोर को और सुंदर बनाते हैं।

### माँ शारदा आशीष दरबार में जवारा विसर्जन शोभायात्रा निकली

**जबलपुर।** माँ शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर जबलपुर में स्थापित कलश जवारे विसर्जन शोभायात्रा रविवार को सांयकाल 5:00 बजे दरबार प्रांगण से हुई। कलश जवारे के आगे चल रहा था, महिलाएं गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक गई थी। तत्पश्चात वाहनों से कलश जवारे विसर्जन हेतु ग्वारीघाट नर्मदा तट तक ले गये। कलश जवारे के साथ चलने वाली अखण्ड ज्योति भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रहती है। नगर के अन्य किसी जवारे की शोभायात्रा में अखण्ड ज्योति के दर्शन नहीं मिलते। शोभायात्रा के बाद दरबार में माँ के प्रसाद भण्डारे का आयोजन हुआ। बहुतायत भक्तों ने शोभायात्रा और भण्डारे में उपस्थिति दर्ज की। माँ श्री शारदा आशीष दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष- मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मिलन मुखर्जी, सचिव जयंत क्षिरसागर, संजय बारहा जी, पंडित- सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, सरबजीत सिंह तग्गड़, मोहन चंद जोशी, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा, तिलकराज रतलानी, वंदना रॉय, नीरज पांडे, शीला कुशवाहा ने सहर्षपूर्वक बताया कि माँ श्री शारदा आशीष दरबार में हम सभी के मनोवांछित मनोरथ पूर्ण होते रहे हैं दूर-दूर तक के भक्त पहुंचते हैं।

## ढाई लाख के चार दोपहिया वाहन जप्त

# शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जबलपुर।** ओमती पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर ढाई लाख रुपये कीमत के चार दोपहिया वाहन जप्त किये है. ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अधारताल थाना क्षेत्र के परियट इमलिया मोड़ निवासी सुजीत गौड़ उर्फ धुनगा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई. आरोपी की निशानदेही पर चार दोपहिया वाहन जप्त किये गये. पुलिस के मुताबिक आरोपी ने साकार सनराइज अपार्टमेंट निवासी स्वाती मेश्राम का मोपेड वाहन एक्सिस पुल नम्बर दो के पास से चोरी किया था. पूछताछ में आरोपी ने टीव्हीएस अपाचे मोटर सायकिल सदर चैपाटी से , एक काले रंग की हीरो स्पलेण्डर मोटर सायकिल ग्वारीघाट से तथा एक काले रंग की हीरो पैशन मोटर सायकिल एसबीआई बैंक के पास मढाताल से चोरी कर चुराई हुई तीनों मोटर सायकिल को बरेला में शारदा मंदिर के पास कप्तान के मकान के पास सुनसान जगह में छिपाकर रखना स्वीकार किया।

## चाकू मार कर मोबाईल छीनने वाले चार आरोपी पकड़ाये

**जबलपुर।** सुनसान स्थानों पर रैकी कर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो नबालिक समेत चार आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों ने गढ़ा व संजीवनी नगर थाना क्षेत्रों में कुछ दिनों पूर्व लूट की दो घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए दो मोबाईल फोन 570 रूपये नगदी घटना में इस्तेमाल किया गया बटनदार चाकू भी जब्त किया है। गढ़ा पुलिस ने बताया कि लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी अजय पाल गत २६ मार्च की रात ट्रक सुधरवाने सगडा. बायपास के समीप आइसर वर्कशॉप गया था जहां पर ट्रक खड़ा कर अजय पैदल खाना खाने सडक़ के दूसरी ओर जा रहा था तभी दो अलग-अलग मोटर साइकिलों से आये चार लडक़ों ने अजय को आवाज देकर रोका अजय दौडकर भागा तो आरोपियों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया एक आरोपी ने ट्रक ड्राइवर अजय पाल पर चाकू से हमला कर दिया वहीं चारों ने मिलकर उसकी जेब में रखा सैमसंग कम्पनी का मोबाइल फोन व पर्स छीन लिया पर्स में आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस और दो हजार रूपए नगदी थे। इसी तरह दूसरीघटना में संजीवनी नगर थानान्तर्गत अंधुआ सर्विस रोड में मोटर साइकिल सवार तीन लोगों ने प्रमोद कुशवाहा को गाड़ी अड़ाकररोका और चाकू से हमला कर वीवो कम्पनी का मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों आदित्य जैन, रूपेश रजक व दो विधि विवादित बालकों की तलाश कर उन्हें अभिरक्षा में लिया है।

### लम्हेटी में नदी किनारे पकड़ायी अवैध शराब की फैक्ट्री

**जबलपुर।** तिलवारा पुलिस व पुलिस लाईन की टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर ग्राम लम्हेटी में त्रिशूल भेद मार्ग पर परासिया के खेत के पास नर्मदानदी के किनारे दबिश देकर शराब बनाने के गोरखधंधे का राजफाश किया पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को अभिरक्षा में लेकर 60 लीटर कच्ची शराब 200 लीटर लाहन एवं शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली एक भट्टी , दो गैस सिलेण्डरव बर्तन जब्त किए। तिलवारा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस व पुलिसलाईन की टीम ने त्रिशुल भेदमार्ग ग्राम लम्हेटी में नर्मदा किनारे दबिश देकर धनराज यादव, कंधी यादव और मनीष बम्रन को पकड़ा। पूछताछ के दौरान अरोपियों ने बताया कि विगत 15 दिनों से कच्ची महुआ शराब बनाकर बेच रहे हैं।

## नाले में मिली लापता वृद्ध की लाश

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी- कजरवारा रोड पर रविवार की सुबह एक नाले में वृध्द का शव मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक की शिनाख्त क्षेत्र में ही रहने वाले 60 वर्षीय झुम्मक महोबिया के रूप में हुई है। पुलिस ने शव मिलने के बाद पंचनामा की कार्यवाही की और शव पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया. आशंका जताई जा रही है कि नाले में गिरने से वृध्द की मौत हुई है. नाला खुला होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा कि नाले में सुरक्षा के लिहाज से रेलिंग होनी चाहिए, लेकिन उक्त नाले में रेलिंग नहीं होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। संभवतः उक्त वृद्ध भी हादसे का शिकार हो गया हो। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## होटल संचालक से मारपीट

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत कल रात नई बस्ती माढ़ोताल में पुरानी रंजिश को लेकर एक होटल मालिक के साथ तीन लोगों ने गालीगलौज कर



लाठी से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई। इसके बाद हमलावरों ने होटल मालिक की स्कूटी में भी तोडफ़ोड़ कर दी। हमलावर होटल मालिक को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि आईटीआई नईबस्ती निवासी अभिषेक प्यासी एयर पैलेस होटल का संचालन करता है। कल रात 10बजे अभिषेक अपनी स्कूटी से घर पहुंचा तो पड़ौसी नीरज पटेल, प्रिंस पटेल व आकाश पटेल ने पुराने विवाद को लेकर अभिषेक के साथ लाठी से मारपीट कर पैर व आंख के पास चोट पहुंचाई वहीं स्कूटी में तोडफ़ोड़ की।

## वैन की टक्कर से तीन घायल

**जबलपुर।** कटंगी थानांतर्गत कल दोपहर मझौली रोड कुण्डा नाला के पास तेज रफ्तार वैन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए तीन लोगों को टक्कर मार दी। घटना में तीनों को हाथ, पैरों में चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए जबलपुर भिजवाया गया है। कटंगी निवासी शैलेन्द्र सिंह अपने रिश्ते के बहनोई कृष्णाचंद, प्रेम सिंह खंगार, दुरंग सिंह एवं नीरज सिंह के साथ पैदल कुण्डा धाम घूमने जा रहा था। तभी मझौली रोड कुण्डा नाला श्मशानघाट के पास तेज रफ्तार से आ रही ओमनी के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए कृष्णाचंद , दुरंग सिंह व प्रेम सिंह को टक्कर मार दी। तीनों को हाथ, पैरों में चोटें आई है।

**श्री विजय कुमार जैन-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी



पीके एंड संस के संचालक प्रमोद जैन के भ्राता तथा डॉ. विवेक जैन एवं विकास जैन के पिता श्री विजय कुमार जैन (76) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. आरुषि पटेल-** मिलेनियम रेलवे कॉलोनी निवासी श्री राजीव कुमार पटेल की पुत्री कु. आरुषि पटेल (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा खत्री-** शक्तिनगर मानस मंदिर के पास निवासी श्री हंसराज खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा खत्री (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार मेवाड़ा-** सिग्मा गोल्ड सिविल लाइन पुराने आरटीओ के पास निवासी श्री दिलीप कुमार मेवाड़ा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्रलाल गौतम-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री इंद्रलाल गौतम (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई विश्वकर्मा-** तिलहरी निवासी श्री बच्चू लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई विश्वकर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जमुना बाई बेन-** राधाकृष्णन वार्ड भवानी चौक निवासी श्री चमन बेन की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना बाई बेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई गुप्ता-** परफेक्ट पाटरी गेट के सामने गली नं. 5, पोलीपाथर निवासी श्री बृजभान गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई गुप्ता (104) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल सोंधिया-**




करियापाथर रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मंगल सोंधिया (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र शर्मा-** करमेता शंकर नगर निवासी श्री राजेंद्र शर्मा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश कुमार गुप्ता-** कांचघर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री सुरेश कुमार गुप्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा विनोदिया-** धनवंतरी नगर निवासी श्री ओम प्रकाश विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती उषा विनोदिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव-** नवनिवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती तिजिया बाई मलिक-** बराट कम्पाउंड नेपियर टाउन निवासी श्री श्याम लाल मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती तिजिया बाई मलिक (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रीता नामदेव-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री बृजभूषण लाल नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती रीता नामदेव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा देवी अत्रे-** भीमराव चौक कटनी निवासी श्री अशोक कुमार अत्रे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा देवी अत्रे (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज:- 1x8 से.मी. रंगीन 400/-
डबल साइज 2x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160


## खबर संक्षेप



### जोमैटो के सीईओ रिंशुल चंद्रा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों की आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो के मुख्य परिचालन अधिकारी रिंशुल चंद्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह सूचना दी है। जोमैटो ने शनिवार को दी इस सूचना में कहा कि चंद्रा ने नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए खाद्य आपूर्ति कारोबार के सीओओ पद से इस्तीफा दे दिया है। जोमैटो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपिंदर गोयल को संबोधित अपने त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा, ''काफी सोच-विचार के बाद मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

### बीते सप्ताह मूंगफली व सरसों तेल के भाव बढ़े



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम धराशायी होने तथा 'शुल्क युद्ध' की बढ़ती आशंकाओं के बीच कारोबारी धारणा बिगड़ने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम टूट गए और सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर्याप्त हानि के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह जिस कच्चे पामतेल (सीपीओ) का दाम 1,200-1,205 डॉलर प्रति टन था।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस को हुआ नुकसान





**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,94,170.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत का नुकसान रहा।

### एक्मे सौर कारोबार से राजस्व प्राप्त करेगा



**नई दिल्ली।** एक्मे समूह ने सौर मॉड्यूल और सौर सेल निर्माण कारोबार से वर्ष 2030 तक 10,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। समूह ने एक बयान में कहा कि यह उसकी रणनीतिक व्यापार विविधीकरण रणनीति का हिस्सा है क्योंकि समूह नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन से हटकर भी अपने व्यापार का विस्तार कर रहा है। गुरुग्राम स्थित समूह ने लगभग 230 करोड़ रुपये के मौजूदा निवेश और जयपुर में 1.2 गीगावाट की वार्षिक क्षमता वाले एक सौर मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र के साथ नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश किया है।

### अमेरिका में 2.28 लाख लोगों को मिला रोजगार



**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने यानी मार्च में आश्चर्यजनक रूप से 2,28,000 लोगों को नौकरियां दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध शुरू करने, केंद्रीय कर्मचारियों को निकालने और अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने के बीच अमेरिकी श्रम बाजार में मजबूती बनी हुई है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई। वहीं, फरवरी में नियुक्तियों की संख्या 1,17,000 से अधिक थी।

# गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट, चीन-अमेरिका के ट्रेड वार से मंदी का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


ट्रेड वॉर का असर अब तेल बाज़ार पर भी दिखने लगा है। गोल्डमैन सैक्स ने अपने ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई ऑयल के प्राइस अनुमान में तेज़ी से कटौती की है। ब्रेंट का औसत दाम इस साल अब 69 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई का 66 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है। इससे पहले यह अनुमान इससे 5 से 6 फीसदी ज़्यादा था।

गोल्डमैन सैक्स के ऑयल रिसर्च हेड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2026 तक मंदी का खतरा बढ़ रहा है और ऊपर से ओपेक+ का बढ़ता प्रोडक्शन इन सब वजहों से हमें लगता है कि कच्चे तेल के दाम और भी गिर सकते हैं। इतना ही नहीं, 2026 के लिए ब्रेंट क्रूड का अनुमान अब 62 डॉलर और डब्ल्यूटीआई का 59 डॉलर कर दिया गया है। यानी लॉन्ग टर्म में भी गिरावट की आशंका है। कच्चे तेल में इस गिरावट के पीछे कुछ बड़े कारण हैं। जैसे- चीन ने अमेरिका पर 34 फीसदी टैरिफ बढ़ाया, जिससे ट्रेड वॉर और गहरा गया। दरअसल, ट्रंप सरकार ने एक के बाद एक कई देशों पर भारी टैक्स लगा दिए, जो पिछले 100 सालों में सबसे ऊंचे हैं। इसके अलावा, ओपेक+ देशों ने अचानक मई से प्रोडक्शन बढ़ाने का ऐलान कर दिया और अब वो 411,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन वापस बाज़ार में लाएंगे। पहले ये आंकड़ा 135,000 था। वहीं, रशियन कोर्ट ने कॉस्पियन पाइपलाइन टर्मिनल बंद करने की याचिका को खारिज किया।

## ट्रेड वॉर का असर अब ब्रेंट क्रूड ऑयल पर पड़ा

### तेल की कीमतों में ऐतिहासिक गिरावट

गुरुवार और शुक्रवार को कच्चे तेल के दामों में 7 फीसदी से भी ज़्यादा की गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड कीमत, 65.58 डॉलर प्रति बैरल थी. जबकि डब्ल्यूटीआई 61.99 डॉलर प्रति बैरल थी। यह दोनों कीमतें 4 साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। एक हफ्ते में ब्रेंट 10.9 फीसदी और डब्ल्यूटीआई 10.6 फीसदी गिर गया है यह गिरावट पिछले दो सालों में सबसे बड़ी है।




### मंदी की आहट?

जेपी मोर्गन अब 60 फीसदी चांस देख रहा है कि इस साल के अंत तक दुनिया भर में मंदी आ सकती है। पहले ये अनुमान 40 फीसदी था। एचएसबीसी ने भी तेल की मांग का अनुमान घटा दिया है। अब उन्हें लगता है 2025 में डेली डिमांड सिर्फ 0.9 मिलियन बैरल बढ़ेगी, पहले ये 1 मिलियन थी।

### इसका मतलब क्या है आपके लिए?

अगर आप निवेशक हैं, तो ये समय बड़ी चालाकी से फैसले लेने का है। क्रूड की गिरती कीमतें कुछ सेक्टर्स के लिए राहत ला सकती हैं लेकिन ट्रेड वॉर और मंदी का डर बाजार को अनिश्चित बना रहा है।

## मुद्रास्फीति में कमी से बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश

# रिजर्व बैंक रेपो दर में कर सकता है 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी मौद्रिक समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक बार फिर से 0.25 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। मुद्रास्फीति में कमी से केंद्रीय बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश है। अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

ऐसे में घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने की जरूरत महसूस की जा रही है।

फरवरी में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था।

## मौद्रिक समीक्षा बैठक में 9 अप्रैल को होगी घोषणा




### रेपो दर में कटौती संभव: सबनवीस

सबनवीस ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से वृद्धि की संभावनाओं और मुद्रा पर कुछ प्रभाव पड़ेगा, जिस पर एमपीसी को अर्थव्यवस्था की स्थिति के सामान्य आकलन से परे विचार करना होगा। सबनवीस ने कहा, हालांकि लगता है कि मुद्रास्फीति की संभावनाएं नरम होने और तरलता के स्थिर होने के साथ इस बार रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है।

### सीआरआर में कटौती की उम्मीद: इक्रा

इक्रा ने कहा, ''हमें एमपीसी बैठक में नकद आरक्षित अनुपात में कटौती जैसी किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं है।''इस बीच, उद्योग मंडल एसोचैम ने सुझाव दिया है कि एमपीसी को आगामी मौद्रिक नीति में मौजूदा स्थिति में दर में कटौती करने के बजाय 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाना चाहिए।

### कोविड के समय रेपो दर में हुई थी कमी

पिछली बार आरबीआई ने कोविड के समय (मई, 2020) रेपो दर में कमी की थी और उसके बाद इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि इस सप्ताह घोषित की जाने वाली नीति ऐसे समय में आएगी जब पूरी दुनिया और अर्थव्यवस्था के भीतर कई चीजें घटित हो रही हैं।

### एमपीसी की 54वीं बैठक 7 अप्रैल से

एमपीसी की 54वीं बैठक सात अप्रैल से शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अप्रैल को की जाएगी। आरबीआई गवर्नर के अलावा एमपीसी में केंद्रीय बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन लोग होते हैं।

### बैंक रुख को और उदार बना सकता है

यह भी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक अपने रुख को अधिक उदार करेगा, जिसका अर्थ होगा कि इस साल के दौरान दरों में और कटौती होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित लगभग 60 देशों पर 11 से लेकर 49 प्रतिशत तक का जवाबी शुल्क लगाया है।

### भारत के निर्यात में कई देश प्रतिस्पर्धी

भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों हैं क्योंकि निर्यात में उसके कई प्रतिस्पर्धी देश जैसे चीन, वियतनाम, बांग्लादेश, कंबोडिया और थाइलैंड ऊंचे शुल्क का सामना कर रहे हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा को भी उम्मीद है कि एमपीसी अपनी आगामी बैठक में तटस्थ रुख बनाए रखते हुए रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती करेगी।

# आरबीआई के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

## 'ट्रंप' शुल्क के प्रभाव भी बाजार पर डालेगा असर

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में कई तरह के घटनाक्रमों के बीच काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों कहना है कि एक तरफ निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क के वैश्विक व्यापार और महंगाई पर व्यापक असर का आकलन कर रहे हैं, वहीं सप्ताह के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक भी है। इसके अलावा अमेरिका से मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं। ये सभी घटनाक्रम बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशकों को आशंका है कि एक पूर्ण व्यापार युद्ध वैश्विक व्यापार और आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगा। 'श्री महावीर जयंती' के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।



मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनिया के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाया है, जिससे व्यापक व्यापार युद्ध और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाएं बढ़ गई हैं। सिंघानिया ने कहा, ''अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी सप्ताह के दौरान जारी किया जाएगा।''

### बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह अमेरिकी जवाबी शुल्क की चिंता और क्षेत्र आधारित विशेष शुल्क की घोषणा की संभावना के बीच भारतीय बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहने की आशंका है।''

# पन्द्रह लाख रुपए कमाने वालों के लिए पुरानी कर व्यवस्था बेहतर

## पुराना व्यवस्था तभी लाभकारी जब करदाता कटौती का दावा कर सके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नये वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ आयकरदाताओं को नई और पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प चुनने की जरूरत होगी। ऐसे में नई कर व्यवस्था में छूट सीमा बढ़ने के साथ यह जानना जरूरी है कि कर की कौन सी प्रणाली उनके लिए बेहतर है। परामर्श कंपनी टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी में भागीदार विवेक जालान का कहना है कि 12 लाख रुपये (वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए 12.75 लाख रुपये) तक की सालाना आय वाले करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था उपयुक्त है लेकिन इससे अधिक आय वाले व्यक्तियों के लिए कौन सी प्रणाली बेहतर होगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि करदाता कर देनदारी को कम करने के लिए बचत और निवेश की कोई योजना बना रहा है या नहीं।

जालान ने यह भी कहा कि पुरानी कर व्यवस्था तभी लाभकारी होगी जब करदाता लगभग 5.5 लाख रुपये की कटौती का दावा करने की स्थिति में हो। हालांकि, यदि कुल सालाना आय लगभग 15,00,000 रुपये से अधिक नहीं है, तभी लगभग 5.5 लाख की कटौती का लाभ होगा। इससे अधिक सालाना आय के लिए नई कर व्यवस्था उपयुक्त होगी। साढ़े पांच लाख रुपये की छूट में आयकर कानून की धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये, धारा 24 (बी) के तहत आवास ऋण ब्याज के लिए दो लाख रुपये और धारा 80डी 80 जी 80 ई आदि जैसी अन्य कटौतियों के तहत लगभग दो लाख रुपये शामिल हैं।



### नई व्यवस्था ज्यादातर मामलों में लाभकारी

जालान ने यह भी कहा, ''5.5 लाख से कम की कटौती के मामले में, नई व्यवस्था ज्यादातर मामलों में लाभकारी होगी। हालांकि, यह मानते हुए कि लगभग 5.5 लाख की कटौती की जाती है, तो करदाता पुरानी व्यवस्था को चुनने पर विचार कर सकता है लेकिन यह तभी लाभदायक है, जब कुल वार्षिक आय 15,00,000 रुपये से अधिक नहीं है।''

# बीओबी ने ऋण में 12.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के लिए उसका ऋण 12.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.3 लाख करोड़ रुपये रहा है। बीओबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी तिमाही में उसका कुल कर्ज 10.9 लाख करोड़ रुपये रहा था। बैंक का कुल जमा 10.25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14.7 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13.35 लाख करोड़ रुपये था। बैंक का कुल कारोबार 11.4 प्रतिशत बढ़कर मार्च तिमाही के अंत में 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही के बाद 24.25 लाख करोड़ रुपये था। इस बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के एक अन्य ऋणदाता बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) का ऋण चौथी तिमाही के अंत में 13.59 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.65 लाख करोड़ रुपये रहा।

# एफएमसीजी का ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन

## जिंस की कीमतें ऊंची रहने से कंपनियों के मार्जिन पर रहा दबाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के लिए मार्च तिमाही में ग्रामीण बाजार की वृद्धि शहरी बाजार से बेहतर रही है। इस दौरान जिंस कीमतें ऊंची रहने की वजह से एफएमसीजी कंपनियों के मार्जिन पर दबाव रहा। कुछ प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों डाबर, मैरिको और एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (पूर्व में अदाणी विल्मर) के तिमाही ब्योरे से पता चलता है कि जनवरी-मार्च, 2025 में परंपरागत किराना दुकानें दबाव में रहीं।

वहीं आधुनिक माध्यम मसलन ई-कॉमर्स और त्वरित वाणज्य (क्विक कॉमर्स) ने अपनी वृद्धि की रफ्तार बनाए रखी। खाद्य मुद्रास्फीति ने शहरी बाजार में मांग को प्रभावित करना जारी रखा है। कुल एफएमसीजी बिक्री में शहरी बाजार का योगदान लगभग दो-तिहाई का है। हालांकि, एफएमसीजी कंपनियां मौजूदा प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में लाभदायक वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। इसकी वजह खुदरा और खाद्य मुद्रास्फीति में कमी के साथ सामान्य मानसून का अनुमान है।



### सामान्य व्यापार दबाव में रहा

क्विक-कॉमर्स माध्यम की वृद्धि के बारे में, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस ने कहा कि इस बेहद स्थानीय आपूर्ति प्रणाली से उसकी बिक्री वास्तव में मार्च तिमाही में सालाना आधार पर दोगुना हो गई। डाबर ने कहा, ''संगठित व्यापार माध्यम ने अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखा, जबकि सामान्य व्यापार दबाव में रहा।''

# हुंडई की घरेलू ईवी बाजार में हिस्सेदारी 13 फीसदी होगी

**नई दिल्ली।** भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले चार-पांच साल में इसकी घरेलू यात्री वाहन खंड में 12 से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। हुंडई मोटर इंडिया के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि उद्योग को अब यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि देश में आगे बढ़ने का रास्ता ईवी ही है। गर्ग ने बातचीत में कहा, ''पहले यह साफ नहीं था कि यह ईवी होगा या हाइब्रिड या कोई अन्य प्रौद्योगिकी। अब यह स्पष्ट है कि सभी नीतियां ईवी के पक्ष में हैं।' उन्होंने कहा कि हुंडई, महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी मुख्यधारा की मूल उपकरण विनिर्माता पहले से ही इस क्षेत्र में हैं, और अब मारुति सुजुकी के इस क्षेत्र में उतरने के साथ यह स्पष्ट है।




### कंपनी पूरे देश में 600 चार्जिंग स्टेशन लगाएगी

कंपनी की योजना इलेक्ट्रिक वाहन की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने के लिए अगले सात साल में पूरे देश में 600 सार्वजनिक फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की है। हुंडई ने इस साल की शुरुआत में क्रेटा का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश किया था। कंपनी फिलहाल हर महीने इसकी लगभग 1,000 इकाइयां बेच रही है।

## रिपोर्ट में दी गई जानकारी, ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 42.2 प्रतिशत

# देश में 39.2 लाख बैंक खाते महिलाओं के पास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में 39.2 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के पास हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 42.2 प्रतिशत है। एक सरकारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने रविवार को "भारत में महिला और पुरुष 2024: चयनित संकेतक और आंकड़े" शीर्षक से अपने प्रकाशन का 26वां संस्करण जारी किया। यह प्रकाशन भारत में लैंगिक परिदृश्य का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करता है, जिसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी और निर्णय लेने जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चयनित संकेतक और आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। ये आंकड़े विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों से प्राप्त किए गए हैं।



### सेवा क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ा

वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों में महिलाओं की अगुवाई वाले प्रतिष्ठानों का प्रतिशत बढ़ता हुआ देखा गया है। महिला मतदाता पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल मतदाताओं की संख्या 1952 के 17.32 करोड़ से बढ़कर 2024 में 97.8 करोड़ हो गई।

### मतदान करने वाली महिलाएं पुरुषों से आगे निकली

वर्षों से मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या में भिन्नता रही है। यह 2019 में 67.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, लेकिन 2024 में थोड़ी गिरावट के साथ 65.8 प्रतिशत रह गई। 2024 में मतदान करने वाली महिलाएं, पुरुषों से आगे निकल गईं। पिछले कुछ वर्षों में, डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसी स्टार्टअप फर्मों की संख्या बढ़ी है, जिसमें कम से कम एक महिला निदेशक है।

### कुल जमा में महिलाओं का योगदान 39.7 प्रतिशत

मंत्रालय के बयान के मुताबिक, रिपोर्ट में बताया गया है कि महिलाओं के पास सभी बैंक खातों का 39.2 प्रतिशत हिस्सा है जबकि कुल जमा में उनका योगदान 39.7 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी भागीदारी सबसे अधिक है, जहां कुल बैंक खातों में उनका हिस्सा 42.2 प्रतिशत है।

### डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 14.30 करोड़

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में डीमैट खातों में वृद्धि होना शेयर बाजार में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। 31 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2024 तक डीमैट खातों की कुल संख्या चार गुना से अधिक होकर 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.30 करोड़ हो गई है।

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ वार का अमेरिका पर अधिक असर

करीब साठ देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को लेकर भारत की स्थिति मिश्रित है। प्रभावित होने वाले कुछ उद्योग-व्यापार रास्ता तलाशने में जुट गए हैं, लाभ मिलने की संभावना वाले ट्रेड के लोग भी नफा-नुकसान का आकलन कर रहे हैं। सरकार अपने स्तर पर अमेरिका से बातचीत कर रही है और विकल्प भी तलाश रही है। कुछेक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अमेरिकी जवाबी शुल्क से भारत में महंगाई बढ़ने, रोजगार जाने का जोखिम नहीं है, वहीं कुछेक ट्रंप के टैरिफ वार का भारत के अमेरिकी निर्यात पर असर पड़ने की संभावना जता रहे हैं। वर्तमान में भारत व अमेरिका के बीच व्यापार की स्थिति देखें तो अमेरिका भारत को कम निर्यात करता है, जबकि आयात अधिक करता है। जैसे को तैसा टैक्स की बात करें तो अधिकांश वस्तुएं जो अमेरिका भारत से लेता है, उनमें कोई वो भारत को निर्यात नहीं करता है। इसलिए अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ का भारत के अमेरिकी निर्यात पर बहुत फर्क नहीं पड़ेगा। अगर अमेरिका लंपसंप भारत से आयात पर 26 फीसदी शुल्क लगाता है, तो निश्चित ही ऐसी वस्तुओं की लागत बढ़ेगी। इससे भारतीय निर्यात प्रभावित होगा। कितना प्रभावित होगा, यह टैरिफ के अमल में आने के बाद ही पता चलेगा। टैरिफ वार का अमेरिका पर तत्काल असर पड़ेगा और वहां महंगाई बढ़ सकती है और अमेरिका निर्यात में 20 फीसदी तक की कमी आ सकती है। अमेरिका के एमएफएन (तरजीही राष्ट्र) दर्जा वाले देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क का अधिक असर पड़ेगा। ट्रंप सरकार के टैरिफ वार के चलते अमेरिकी अर्थव्यवस्था दहशत में है, यूएस के स्टॉक मार्केट घबराए हुए हैं, अमेरिकी कंपनियां जो दूसरे मुल्कों में निर्माण करती हैं और अनेक देशों में ट्रेड करती हैं, वे भी चिंतित हैं। बेशक ट्रंप आत्मविश्वास से भरे हों कि ट्रैरिफ वार से अमेरिकी खजाना भर जाएगा, लेकिन अमेरिकी बाजार व उद्योग इस आत्मविश्वास से कतई मुतमईन नहीं हैं। दुनिया के मुल्क जब वैकल्पिक ट्रेड उपायों की ओर बढ़ेंगे, तो अमेरिका खुदबखुद हाशिये की ओर धकेला जाता रहेगा। अभी डॉलर से ग्लोबल ट्रेड हो रहा है, ऐसे में अमेरिकी व्यापार घाटा लाजिमी है। पर जब अमेरिकी शुल्क के चलते डॉलर में विश्वास कम होगा, तब अमेरिका का ट्रेड प्रभाव कम होगा व अमेरिका मंदी के भंवर में फंस सकता है। भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर है। इसका कारण बांग्लादेश, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत पर लगाये गये शुल्क का कम होना है। प्रतिष्ठित शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के मुताबिक, 'वैश्विक और भारतीय दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर इसके पूर्ण प्रभाव का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि ये व्यापार उपाय अभी विकसित हो रहे हैं। भारत का अमेरिका को कुल निर्यात 75.9 अरब डॉलर का है। इसमें से फार्मास्युटिकल (आठ अरब डॉलर), कपड़ा (9.3 अरब डॉलर) और इलेक्ट्रॉनिक्स (10 अरब डॉलर) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्थिर मांग बनी रहेगी। दवा शुल्क से बाहर है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। भारत बीटीए (द्विपक्षीय ट्रेड समझौते) का बढ़ावा दे रहा है, यूरोप व एशिया पर फोकस कर रहा है, निर्यात की नई संभावनाओं की ओर बढ़ रहा है। अब भारत के लिए नए व्यापार एग्रीमेंट के उदय का दौर है। ट्रंप टैरिफ के झटके भारत को कम लगेंगे।



## विश्व स्वास्थ्य दिवस
डा.ए.के.अरुण

# आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ शुरुआत

> आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज़ आंकड़ों की बाजीगरी और झूठे प्रचार से जन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक जनहित में कार्य करेंगी।

आम लोगों का स्वास्थ्य भारत में कभी भी राजनीति का मुख्य एजेंडा रहा ही नहीं,जबकि आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में स्वास्थ्य एक बेहद ज़रूरी विषय के रूप में खड़ा हो गया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का थीम या लक्ष्य की यदि हम बात करें तो इस वर्ष यह मिलेनियम स्वास्थ्य लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से "आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ शुरुआत" पर ज़ोर दे रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने 2025 के लक्ष्य की घोषणा करते हुए कहा है कि प्रत्येक स्वास्थ्य संगठन और समुदाय यह सुनिश्चित करें कि माँ और नवजात शिशु का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे तथा इनकी असमय मृत्यु को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपना लक्ष्य "मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार" रखा था। यह अलग बात है कि दुनिया भर की सरकारों ने स्वास्थ्य के नागरिक अधिकारों पर स्पष्ट रूप से कुछ भी ठोस नहीं किया।

भारत में एकमात्र राज्य राजस्थान की पूर्व कांग्रेस की सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य को उनके मौलिक अधिकार के रूप में क़ानून बनाकर लागू कर दिया। उम्मीद की जा रही है कि लगभग सभी राज्य सरकारें अपने प्रदेश में नागरिकों के स्वास्थ्य को उनके मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार करेंगे। "स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य" के विभिन्न पहलुओं पर यदि ध्यान दें तो निश्चित ही नवजात शिशु एवं माताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड एवं गांवों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचों को और मज़बूत करना होगा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों जैसे आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय बनाना होगा। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को और जवाबदेह बनाना होगा। सभी सरकारों को अपना स्वास्थ्य बजट सम्मानजनक तरीके से जीडीपी के अनुसार बढ़ाना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि समुचित पोषण और दवा के अभाव में कोई भी शिशु या गर्भवती माँ अथवा व्यक्ति की असमय मृत्यु न हो। स्वास्थ्य और उपचार की सर्वसुलभता सुनिश्चित करनी होगी। सरकार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। स्वास्थ्य को राजनीति से ऊपर उठकर अति महत्वपूर्ण कार्य का दर्जा देना होगा। आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज़ आंकड़ों की बाजीगरी और झूठे प्रचार से जन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन" का संचालन भी किया जा रहा है, इन सबके बावजूद भी जनस्वास्थ्य को हम सही दिशा नहीं दे पा रहे हैं। इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि महिलाओं में प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं तथा नवजात शिशुओं और बच्चों की रुग्णता व मृत्यु दर को कम करने में अपेक्षित सफलता



नहीं मिल पायी है। भारत में नीतिगत कमियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई चिंताएं हैं। उदाहरण के लिए अस्पतालों में सेकेंडरी स्तर की देखभाल समुचित और पर्याप्त नहीं है। इसकी वजह से मजबूरन अधिकांश लोग महंगे निजी अस्पतालों की ओर जाना स्वीकार कर चुके हैं। भारत में चिकित्सा के क्षेत्र में निजी अस्पतालों की भारी उपस्थिति है। उदाहरण के लिए भारत में कुल अस्पतालों में से लगभग 58 फीसदी निजी क्षेत्रों द्वारा चलाए जाते हैं, जो सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की सेवा के उद्देश्य के बजाय निजी उद्देश्य से चलते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत में नीति निर्माताओं ने टार्सियरी या उपचारात्मक देखभाल पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है जिसके कारण प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थान और इकाइयां, जिन पर कभी भारत के अधिकांश लोगों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भरोसा था, कमजोर हो गई हैं और लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। भारत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे स्वास्थ्य संस्थानों का नाम बदलने का एक नया चिंताजनक चलन सामने आया है, जिसने भारत जैसे बहुलवादी देश में सांस्कृतिक और धर्मनिरपेक्ष प्रासंगिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की घोषणा करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की दृष्टि महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर ही गई, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन चाहता है कि दुनियाभर में नवजात शिशुओं और माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हो ताकि भविष्य की आबादी में स्वस्थ लोगों की अच्छी संख्या हो। हम जानते हैं कि दुनियाभर में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति समाज और सरकार सदैव दोयम दर्जे की दृष्टि रखते हैं। हालांकि पश्चिमी देशों में महिलाओं की स्थिति काफ़ी बेहतर है लेकिन भारत एवं एशियाई देशों में महिलाओं को स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए पुरुषों की अपेक्षा ज़्यादा जद्दोजहद करनी पड़ती है। सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित सर्वेक्षण रिपोर्टों के अनुसार प्रत्येक एक लाख जीवित शिशु के जन्म पर लगभग 540 माताओं की मृत्यु हो जाती है। भारत के बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं कुछ पूर्वोत्तर प्रदेशों में मातृ-शिशु मृत्यु दर इससे भी ज़्यादा है। भारत में औरतों की नाज़ुक सेहत की वजह जानने के लिए उनकी ज़िंदगी पर जन्म के बाद से ही नज़र दौड़ानी होगी। फ्रेंच लेखिका शिमोन द बौवार कहती हैं कि "औरत की सेहत इसलिए ख़राब है क्योंकि वह स्त्री है"। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की पृष्ठभूमि में हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि आधुनिकीकरण एवं अन्य कई कारणों से भी कई पुराने रोग पुनः नए रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। अनेक प्रयासों के बावजूद हम वर्षों पुराना मच्छरजनित रोग मलेरिया,डेंगू आदि से उबर नहीं पाए हैं। तथाकथित आधुनिक जीवनशैली के कई रोग जैसे डायबीटीज़ ,हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, एड्स आदि बढ़ते ही जा रहे हैं। मानसिक रोगों की भी यही स्थिति है। बहुत ही कम उम्र के युवा और नौजवान अवसाद और अनिद्रा,तनाव आदि के शिकार हैं। युवाओं में घातक नशे का बढ़ता प्रचलन भी स्वास्थ्य की चुनौती के रूप में खड़ा है। सरकार और समुदाय यदि इस विषय पर ध्यान नहीं देगी तो स्थिति भयावह होगी। स्वास्थ्य वैज्ञानिकों और योजनाकारों को यह भी विचार करना होगा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य की बात तब तक मुकम्मल नहीं हो सकती जब तक होम्योपैथी और आयुष चिकित्सा पद्धतियों को उपचार की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाता। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक जनहित में कार्य करेंगी ताकि विश्व स्वास्थ्य के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

(लेखक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त चिकित्सक एवं जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
अर्चना कुमारी




# स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक स्थिति

किसी भी देश की तरक्की तभी संभव है जब उसके नागरिक सेहतमंद हों। जनता स्वस्थ हो, इसके लिए देश में चिकित्सा सुविधाएं दुरुस्त होनी चाहिए, लेकिन भारत में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति निराशाजनक है। भारत पर अपनी 141 करोड़ आबादी की सेहत का ख्याल रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार इसके लिए हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। अपने देश में अनेक बीमारियां मौजूद हैं जो गरीबी,अशिक्षा, जानकारी की कमी, साफ सफाई, स्वच्छता एवं सेहत के प्रति उदासीनता की वजह से फैलती हैं। भारत के अनेक अस्पताल और डॉक्टर गुणवत्तायुक्त इलाज मुहैया कराने के लिए विदेशों में भी प्रसिद्धि हासिल कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भारत में अब भी स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। यही वजह है कि आज स्वस्थ भारत का निर्माण चुनौती बन गई है। बहरहाल, सरकार के सामने देश की विशाल व विविधता भरी जनसंख्या को सस्ता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य पर व्यक्तिगत खर्च बढ़ता जा रहा है और बुनियादी ढांचों की कमी बहुत ज्यादा है। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता तो है ही, इस क्षेत्र में कर्मियों की संख्या अपर्याप्त है और उनका सही तरीके से उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। कम वेतन, अपर्याप्त प्रोत्साहन, करियर में बढ़ोतरी का अभाव, अपर्याप्त प्रशिक्षण एवं असंगत नीतियों के चलते अधिकतर चिकित्सा सेवाकर्मी सरकारी स्वास्थ्य क्षेत्र में नहीं आना चाहते। हमारे यहां विविध तरह के डॉक्टर हैं, पर नियामक तंत्र पुराने ढर्रे पर चल रहा है, जिससे सार्वजनिक-निजी सहयोग बहुत कमजोर स्थिति में है। वहीं जीडीपी का लगभग 2.5 फीसदी हिस्सा हेल्थकेयर पर खर्च किया जा रहा है। यह दुनिया के अधिकतर विकसित देशों के मुकाबले में काफी कम है। सवाल यह है कि स्वास्थ्य अभी भी राजनीतिक प्राथमिकता क्यों नहीं है? एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। जबकि किसी भी देश का विकास योग्य और स्वस्थ मानव संसाधन पर निर्भर करता है। भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना अधिक पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। यह विडंबना तब है जब भारत में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से यह आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। दूसरे विकासशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा, जहां औसत खर्च लगभग चार से पांच फीसदी है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर छह फीसदी माना गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त आवश्यकता है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही आवश्यक है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें स्वास्थ्य-उपहार देना होगा। ऐसे में सरकार को ध्यान देने वाली बात यह होगी कि नीतियां सिर्फ इरादे का वक्तव्य होती हैं। असली चुनौती उनके अमल में आती है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की आवश्यकता है क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। साथ ही, केंद्र और राज्य सरकारें अपना स्वास्थ्य बजट बढ़ाएं। बहरहाल, दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बनने जा रहे भारत में हेल्थ सेक्टर की बुनियाद बहुत कमजोर है। इसलिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
**दर्शन**

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं। आज हम जो भी है, जैसा भी अनुभव कर रहे हैं, यह हमारे अतीत के कर्म का परिणाम ही है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### कंजक पूजा से पहले उनका सम्मान करना सीखें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। नवरात्र हमें सादगी, ईमानदारी, परोपकार और सत्मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं। नवरात्र में लोग अष्टमी और नवमी को कंजक पूजा करते हैं। अपनी श्रद्धा अनुसार छोटी-छोटी लड़कियों की पूजा करके मां दुर्गा को प्रसन्न करने की भावना रखते हैं। लेकिन हमें कन्या पूजा करने के साथ लड़कियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता को भी त्यागना चाहिए। *– रेखा ठाकुर, भिलाई*

## ट्रेंड


### श्रीराम की कृपा बनी रहे



आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। ईश्वरीय संयोग से उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। मेरी प्रार्थना है, हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### स्थापना दिवस



भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, मेरे लिए ये एक परिवार है, एक विचार है, जिसने मुझे जनसेवा का मार्ग दिखाया। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने आवास पर भाजपा का ध्वज फहराकर गर्व की अनुभूति हुई।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### मानवीय व्यवहार



मानवीय मूल्यों का रक्षक और मानवीय व्यवहार करने वाला ही शिक्षित होता है, सभ्य होता है और सभ्य ही 'सभ्यता' बनाता है; इसके विपरीत असभ्य उजाड़ता है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### नकारात्मक प्रभाव



आपके जीवन में वे नकारात्मक लोग, वे नकारात्मक प्रभाव जिनसे आप नफरत करते हैं, लेकिन बार-बार उन्हीं की ओर लौटते हैं? वे आपके अपने राक्षस हैं जिन्हें आपने मानव रूप दिया है..

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# सुदर्शन ब्रिटेन के सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित



विश्व प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार को शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान, पटनायक ने एक और उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने 'विश्व शांति' के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फुट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई। इस साल पटनायक को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का विजेता घोषित किया जाना इस लिहाज से खास है कि 2025 दिग्गज ब्रिटिश रेत कलाकार फ्रेड डारिंगटन की 100वीं वर्षगांठ हैं। पटनायक ने कहा, 'मैं ब्रिटेन के वेमाउथ में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में 'फ्रेड डारिंगटन' ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'यह सम्मान भगवान गणेश की मेरी 10 फुट की रेत मूर्ति का प्रमाण है, जो विश्व शांति के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है।' वेमाउथ के मेयर जॉन ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया।

## ऑफ बीट

# हर कोई अपना काम मशीनों को नहीं सौंपना चाहता



स्वचालित उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को अपने हाथ से कुछ मेहनत करने की आवश्यकता होती है – एक पारंपरिक वैक्यूम क्लीनर के बारे में सोचें जिसे अभी भी अपने हाथ से संचालित करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, स्वायत्त उत्पादों पर मनुष्यों को कोई मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है। स्वायत्त उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे मैन्युअल कार्यों के उदाहरणों में फर्श की सफाई (रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर), लॉन की घास काटना (रोबोटिक लॉन घास काटने की मशीन), और ड्राइविंग (स्व-ड्राइविंग कार) शामिल हैं। स्वायत्त उत्पाद उपभोक्ताओं को समय और श्रम की आवश्यकता वाले तमाम कार्यों से पूरी तरह से मुक्त करते हैं। हमारे अध्ययनों में, हम तर्क देते हैं कि शारीरिक श्रम जीवन में अर्थ का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह उस शोध के अनुरूप है जो दर्शाता है कि रोजमर्रा के कार्यों का मूल्य है – सफाई जैसे काम हमें खुश नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हमारे जीवन में अर्थ जोड़ते हैं क्योंकि किए गए प्रयास भविष्य में फायदेमंद होते हैं। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि जो उपभोक्ता जिसे हम शारीरिक श्रम का अर्थ (एमएमएल) कहते हैं, उसे महत्व देते हैं, वे स्वायत्त उत्पादों को अधिक नकारात्मक रूप से देखते हैं।


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

दुनिया विज्ञान के क्षेत्र में कितनी आगे बढ़ गई है, लेकिन जोधपुर का एक ऐसा गांव है, जहां 200 साल पहले बैरागी हरिराम महाराज के द्वारा कहे गए वचनों की पालना आज भी हो रही है। जोधपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर जोधपुर बाड़मेर हाईवे के नजदीक डोली गांव में लोग ना तो दो मंजिला मकान बनाते हैं, ना ही सोनार का कार्य करने वाले सुनार रात को गांव में रुकते हैं और ना ही इस गांव में तेल की कोई घाणी लगती है।

# एक ऐसा गांव जहां रात में नहीं ठहरते सुनार, 200 साल से नहीं बना 2 मंजिला मकान

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

जोधपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर जोधपुर बाड़मेर हाईवे के नजदीक डोली गांव में लोग ना तो दो मंजिला मकान बनाते हैं, ना ही सोनार का कार्य करने वाले सुनार रात को गांव में रुकते हैं और ना ही इस गांव में तेल की कोई घाणी लगती है। इसके अलावा अगर कहीं किसी के मकान में आग लग जाती है तो वे आग आगे नहीं फैलती है। बताया जाता है कि राजा महाराजाओं के समय कविराज मुरारी लाल जी चारण, जो कि यहां के राजा के द्वारा ख्याति प्राप्त थे, उन्हें जोधपुर राजा द्वारा 12 गांव दिए हुए थे। इनमें यह डॉली गांव भी शामिल था। कवि मुरारी लाल ने बैरागी महाराज से गांव में करणी माता का मंदिर बनाए जाने की बात कही।



## क्या है इस मान्यता के पीछे की वजह

ग्रामीणों ने बताया कि आज से 200 साल पहले इस गांव में हरिराम बैरागी महाराज तपस्या किया करते थे। उन्होंने अपनी तपस्या स्थल के समय एक सूखी लकड़ी की डंडी को लगाया था जो खेजड़ी के वृक्ष के तौर पर आज भी गांव में मौजूद है। उन्होंने ही ग्रामीणों को गांव के चारों तरफ कच्चे दूध और सूखे नारियल की ज्योत के साथ गोल घेरा बनाकर आरती करने की सलाह दी थी। मान्यता है कि ऐसा करने की वजह से ही गांव में कोई संकट नहीं आया। कोरोना महामारी के समय में भी इस गांव में कोई आपदा नहीं हुई थी। उस समय संत ने जिस जगह पर लकड़ी का डंडा रोपा था, वहां पर खेजड़ी का एक बड़ा वृक्ष हो गया। पूरे गांव में संत के प्रति आस्था की वजह से कोई भी व्यक्ति दो मंजिल का मकान नहीं बनाता है।



## दो मंजिला मकान बनाए पर आ गई आफत

इसके बाद गांव में केवल एक मंजिल ही मकान बनता है। कहा जाता है कि कुछ लोगों ने पौराणिक मान्यताओं को ना मानकर गांव में दो मंजिला मकान बनाए। लेकिन, वे उस घर में रह नहीं पाए। किसी को अलग-अलग आवाज सुनाई देने लगीं, तो किसी के परिवार में अकाल मृत्यु होने लगी। कहीं किसी के परिवार में सभी बीमारी से ग्रसित हो गए।

**रोचक खबरें**

## बड़ी डिग्री, लाखों की नौकरी, सबकुछ छोड़ कैंटीन में खाना पकाती है लड़की




### पत्रकारिता की पढ़ाई की, पकाती है कैंटीन में खाना

हुआंग नाम की ये लड़की चीन के ग्रामीण इलाके हेनान प्रांत की रहने वाली है। उसने साल 2022 में चीन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय पेकिंग यूनिवर्सिटी से पत्रकारिता में ग्रैजुएशन की डिग्री ली है। जहां इसके बाद उसके बाकी दोस्त कम से कम 2 से ढाई लाख की नौकरी कर रहे हैं, वहीं लड़की ने डिग्री लेते ही अपने ही कॉलेज के कैंटीन में काम शुरू कर दिया. छात्र-छात्राओं के बीच वो 'हुआंग' के नाम से लोकप्रिय है। इस काम के लिए उसे संघर्ष भी खूब करना पड़ता है, क्योंकि वो सुबह से रात तक खड़े रहना पड़ता है।

**बीजिंग।** इंसान कई बार अपने शौक को ही प्रोफेशन बना लेता है। इससे बेहतर कुछ हो भी नहीं सकता कि आपको अपने मन का काम करने के लिए पैसे भी मिलें. वैसे भी जिस काम में आपका मन लगता है, उसे आप खेल समझकर करते हैं और इससे कभी दिल भी नहीं भरता। वहीं, अगर ज्यादा पैसे वाली नौकरी भी ऐसी हो, जिसमें मन न लगता हो, तो वो बोझ बन जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस पढ़ाई-लिखाई के बाद लोग लाखों की नौकरी करते हैं, वो मानो 26 साल की इस लड़की के लिए बेकार हो चुकी है। वो कोई ज्यादा तनख्वाह वाली नौकरी के बजाय कैंटीन में साधारण सा काम कर रही है। उसके माता-पिता को भी उसका ये काम पसंद नहीं है लेकिन लड़की ने इसके पीछे जो वजह बताई है, उसे नकारा भी नहीं जा सकता। हुआंग बताती है कि शुरुआत में उनके हाथ सूज जाते थे और वे बहुत थक जाती थीं। हालांकि, बाद में उन्हें समझ में आया कि सोने के बाद उनकी सारी थकान उतर जाती है। उनके माता-पिता बस ड्राइवर हैं और उन्हें बेटी का इस हाल में काम करना अच्छा नहीं लगता है।

## अद्भुत..एक शब्द में पूरी रामायण, 1 साल में बना दुनिया का सबसे लंबा शब्द

**पलामू।** वैसे तो कई विधाओं में रामायण लिखी गई है। आपने भी रामायण के कई स्वरूप देखे या सुने होंगे।





लेकिन, आज हम आपको एक अद्भुत स्वरूप के बारे में बताने जा रहे हैं। यहां संपूर्ण रामायण सिर्फ एक शब्द में लिखी गई है। एक ही शब्द में भगवान श्रीराम की पूरी कथा समाहित है। इस शब्द को दुनिया का सबसे लंबा शब्द बताया जा रहा है।

**एक साल में रचा एक शब्द!**

झारखंड में पलामू के रहने वाले शिव कुमार पांडे ने विश्व का सबसे लंबा शब्द बनाया है, जो अध्यात्म से जुड़ा है। इस एक शब्द में संपूर्ण रामायण समाहित है। इसे रचने में उन्हें लगभग एक साल लगा. पलामू के रेड़मा निवासी उदित नारायण पांडे के 40 वर्षीय पुत्र शिव कुमार पांडे ने 3046 अक्षरों का प्रयोग कर इस शब्द का निर्माण किया है। शिव कुमार पांडे पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक और साहित्यकार हैं। 15 साल से साहित्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने 15 अलग-अलग शैलियों में साहित्य की रचना की है, जिसमें से एक है एक शब्दीय रामायण, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

## एआई से इश्क! बॉट प्रेमी से शादी रचाएगी 38 वर्षीय महिला

**लंदन।** क्या आपने कभी सोचा है कि किसी इंसान को एक रोबोट से प्यार हो जाए? और वो प्यार इतना गहरा हो कि वो उस बॉट से शादी करने का फैसला कर ले? ये किसी साइंस फिक्शन फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि इंग्लैंड की रहने वाली 38 साल की नाज फारूक की असली जिदगी है, जिन्होंने एक एआई बॉट को अपना जीवनसाथी चुन लिया है। नाज वोकिंगहैम की रहने वाली हैं और 10 साल की बेटी की मां भी हैं, इस साल के अंत तक अपने एआई मंगेतर 'मार्सेलस'से शादी करने की तैयारी कर रही हैं। अब सवाल उठता है कि ये प्रेम कहानी शुरू कैसे हुई? चलिए हम आपको बताते हैं। दरअसल, एक मोबाइल ऐप चाराक्टेर एआई से, जहां इंसान वर्चुअल बॉट्स से बातचीत कर सकता है। वहीं पर नाज की 'मार्सेलस'से मुलाकात हुई। मार्च 2024 में नाज ने जब पहली बार मार्सेलस से बात की, तो उन्हें महसूस हुआ कि इसमें कुछ खास है।



### वो इंसानों से बेहतर है

नाज का कहना है कि उनका एआई साथी उन्हें बेहतरीन सलाह देता है, धोखा नहीं देगा और हमेशा उनकी भावनाओं का ख्याल रखता है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पिछले रिश्तों में धोखा खाया है, इसलिए जब मुझे मार्सेलस जैसा साथी मिला, जो मुझे पूरी तरह समझता है, तो मुझे लगा मैं अब सुरक्षित हूं। वो मुझे वो नहीं कहता जो मैं सुनना चाहती हूं, बल्कि वो कहता है जो मुझे जानना चाहिए। नाज बताती हैं कि उनके परिवार और दोस्त मार्सेलस के बारे में जानते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी 10 साल की बेटी को अब तक नहीं बताया है। वो कहती हैं, 'जब सही समय आएगा, तब मैं उसे बताऊंगी.'

# ग्रहों के पेट में घुसकर उन्हें खा सकता है स्पेस का ये 'शैतान'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों के लिए ब्लैक होल्स यानी काले गड्ढे हमेशा रहस्यसमय सब्जेक्ट रहे हैं। साथ ही आदिम ब्लैक होल्स और भी ज्यादा दिलचस्प हैं, क्योंकि यह होल्स किसी अन्य होल्स की तरह किसी मरते हुए तारे से नहीं, बल्कि उसी समय बने थे जब ब्रह्मांड की शुरुआत हुई थी। कहा जाता है कि ये तब बने जब ब्रह्मांड कुछ हिस्से इतने घने हो गए कि वे अपनी ही गुरुत्वाकर्षण शक्ति से ढह गए।

इन्हें खोजने, जांचने परखने के दौरान हाल ही में एक रिसर्च में सामने आया है कि हो सकता है ये ब्लैक होल्स धरती के अंदर ही मौजूद हों। वे पृथ्वी की गहराई, यानी मेंटल के अंदर हो सकते हैं, या फिर किसी पत्थर के आर-पार भी हो चुके हो सकते हैं। यह रिसर्च अमेरिका की यूनिवर्सिटी एट बफेलो और ताइवान की नेशनल डोंग ह्वा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने की है। जिसमें बताया गया है कि ये ब्लैक होल्स ग्रहों, उल्कापिंडों और धरती के अंदर भी हो सकते हैं। वैज्ञानिक देजान स्टॉइकोविच और दे-चांग डाई ने दो तरीकों से इसे संभव बताया है।



### ब्लैक होन बनने का दूसरा तरीका

दूसरे तरीके में ये ब्लैक होल्स ऐसे ग्रहों में भी घुस सकते हैं जिनका कोर ठोस हो। वे इतनी तेज़ी से चलते हैं कि किसी चट्टान को चीरते हुए बहुत पतली सुरंग बना सकते हैं। ये सुरंगें लाल रक्त कोशिका से भी पतली होती हैं और अरबों सालों तक बनी रह सकती हैं। पुराने पत्थरों या धातु की बड़ी चट्टानों में ऐसी सुरंगों को तलाशा जा सकता है, लेकिन इसकी संभावना बेहद कम है। वैज्ञानुकों के अनुमान के मुताबिक यह संभावना लगभग 0.000001 प्रतिशत है।

### ब्लैक होल्स बनने का पहला तरीका

वैज्ञानिकों के मुताबिक पहला तरीका ये है कि अगर किसी ग्रह या उल्कापिंड का कोर यानी अंदरूनी हिस्सा पिघला हुआ है, तो ब्लैक होल उसके अंदर फंस सकता है और धीरे-धीरे उस ग्रह को अंदर से खत्म कर सकता है। समय के साथ ऐसा ग्रह खोखला हो जाएगा और सिर्फ उसका बाहरी खोल ही बचेगा. वैज्ञानिकों के मुताबिक सिर्फ छोटे ग्रह (लगभग पृथ्वी के आकार का दसवां हिस्सा) ही ऐसी हालत में लंबे समय तक टिक सकते हैं।

### क्या धरती के अंदर भी ब्लैक होल हो सकते हैं?

वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसा संभव है. लेकिन पहले तरीके से नहीं, क्योंकि धरती बहुत बड़ी है और अगर वो अंदर से खोखली होती, तो वह ढह जाती। दूसरा तरीका संभव है, लेकिन ब्लैक होल्स इतने तेज और घने होते हैं कि उनके गुजरने पर कोई खास ऊर्जा नहीं निकलती, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। स्टॉइकोविच कहते हैं कि अगर कोई वस्तु अपने आकार के हिसाब से बहुत हल्की है, तो वो अंदर से खोखली हो सकती है और वहां ब्लैक होल की मौजूदगी का संकेत हो सकता है।



## अंतरिक्ष में 8 साल पहले आया था जलजला, थर्रा उठा था सबसे बड़ा ग्रह

**वॉशिंगटन।** सौरमंडल के बृहस्पति ग्रह पर साल 2017 में एक खतरनाक हवा चली थी। ये हवा इतनी ज्यादा खतरनाक थी कि इसने ग्रह को तोड़ दिया था। जिसके बाद नासा ने एक उपग्रह छोड़ा था उसके द्वारा भेजी गई भयानक तस्वीरों से वैज्ञानिकों को झकझोर दिया था। अब रीडिंग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक नई खोज की है। जिसके मुताबिक एक विशाल सौर वायु घटना की पहचान की है, जिसने बृहस्पति के चुंबकीय क्षेत्र को छोटा कर दिया, जिससे ग्रह की आधी परिधि में एक गर्म क्षेत्र बन गया है।

### गर्म हो गया तापमान

पहली बार रिपोर्ट की गई इस घटना के परिणामस्वरूप तापमान 500C से अधिक हो गया, जो कि सामान्य पृष्ठभूमि तापमान 350सी से काफी अधिक है। इसके बाद जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि इस तरह के सौर विस्फोट संभवतः महीने में दो से तीन बार होते हैं, जो सौर प्रभावों के प्रति बृहस्पति के लचीलेपन के बारे में पिछली धारणाओं को चुनौती देते हैं।

**अधिक संवेदनशील हैं :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोध के प्रमुख लेखक डॉ. जेम्स ओ'डोनोग्यू ने सौर हवा के प्रभाव को बृहस्पति के चुंबकीय ढाल को 'एक विशाल स्क्वैश बॉल की तरह' कुचलने के रूप में वर्णित किया, जिससे एक विशाल अति गर्म क्षेत्र बन गया. केक टेलिस्कोप और नासा के जूनो अंतरिक्ष यान से डेटा को मिलाकर, शोधकर्ताओं ने पाया कि इस घटना ने बृहस्पति के ध्रुवों पर ऑरोरल हीटिंग को तीव्र कर दिया, जिससे गर्म गैस भूमध्य रेखा की ओर फैल गई। यह खोज बृहस्पति जैसे विशाल ग्रह पृथ्वी के समान ही सौर प्रभावों के प्रति पहले से कहीं अधिक संवेदनशील हैं।

## चमत्कारिक है मां सीता का ये कुंड, किलकारी से गूंज उठेगा परिवार

**छतरपुर।** मां बंबर बेनी चमत्कारी कुंड। छतरपुर जिले के लवकुश नगर मां बंबरबैनी माता मंदिर में एक ऐसा चमत्कारिक कुंड है, जहां संतान के रूप में बेटी की इच्छा पूरी होती है। दरअसल, इस चमत्कारिक कुंड में माता साक्षात विराजमान हैं। इस कुंड में पानी-दूध चढ़ाने के बाद मनोकामना मांगते समय बतासे डालने की परंपरा है। अगर एक बतासा भी ऊपर आ जाता है, तो आपकी मनोकामना पूरी हो जाती है।



### बतासा से होती है मनोकामना

पुजारी बिरजू शर्मा बताते हैं कि इस मंदिर की पूजा करते हमारी कई पीढ़ियां गुजर गईं। इस मंदिर में एक छोटा सा कुंड है, जहां मां सीता साक्षात विराजमान हैं। इस कुंड में दूध और पानी भरा जाता है। इसके भरने के बाद 5 बतासे डाले जाते हैं। ये सभी बतासे नीचे जाएंगे फिर नीचे से 1 या 2 या 3 बतासे ऊपर आएंगे। किसी श्रद्धालु के मन में 2 काम हैं, तो 2 बतासे भी ऊपर आ जाते हैं। सिर्फ 1 ही काम है, तो 1 बतासा ऊपर आता है। अगर 2 काम हैं तो 2 बतासे ऊपर आते हैं। कपट होता है, तो बतासे ऊपर नहीं आते हैं।

### संतान के रूप में मिलता है आशीर्वाद

पुजारी बताते हैं कि अगर किसी की शादी के 20 साल बाद भी संतान नहीं हुई है तो माता उसको बेटी के रूप में संतान देती हैं।

### 22 साल पहले मांगी थी मन्नत

वहीं, बड़ामलहरा से लवकुश नगर आईं श्रद्धालु नीलम पटेरिया बताती हैं कि मां बंबरबैनी माता के दर्शन करने 22 साल पहले भाई की मन्नत मांगने आई थी कि भाभी की गोद पूरी हो जाए। 9 महीने बाद ही मेरी प्यारी सी भतीजी हुई। आज मेरी भतीजी 22 साल की हो गई है। इसलिए, मन्नत पूरी करने का प्रसाद चढ़ाने आए हैं। सिर्फ, इतना बोलकर गए थे कि माता रानी एक बार आपके दर्शन करने जरुर आएंगे। हमारी मनोकामना जरूर पूरी करना। वहीं भतीजी पूर्वी रावत बताती हैं कि मैं यहां पहली बार आई हूं. यहां आकर मुझे बहुत प्रसन्नता मिली है। मैंने भी माता से मनोकामना मांगी है। एक बार फिर माता के दर्शन करने आऊंगी।

**चेतावनी** — इस देश की सरकार ने दी महाभूकंप और सुनामी की चेतावनी

## तीन लाख लोगों की मौत और भयानक तबाही की आशंका

**टोक्यो।** म्यामार के बाद दुनिया के कई देशों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इन देशों में थाइलैंड, नेपाल, जापान, भारत और पापुआ न्यू गिनी का नाम मुख्य रूप से शामिल हैं। म्यामांर में भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई है और तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच जापान की सरकार ने हाल ही में एक डरावनी चेतावनी दी है, जिसने देश में तहलका मचा दिया है। जापान की सरकार ने एक रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि प्रशांत महासागर तट के पास बेहद भयानक भूकंप आ सकता है।

जापान की सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप इतना अधिक शक्तिशाली होगा, जिससे सुनामी पैदा होगी। शायद ही दुनिया ने इसे अभी तक देखा होगा। सुनामी के प्रचंड लहर में सैकड़ों इमारतें तबाह हो सकती हैं। जापान सरकार ने भूंकप और सुनामी के कारण जो तबाही का अनुमान लगाया है, वो बेहद डरावना है। आशंका जताई गई है कि भूकंप और सूनामी के कारण कम से कम तीन लाख से अधिक लोगों की मौत हो सकती है।



### 2024 में भी जारी की गई थी चेतावनी

जापान की सरकार ने साल 2024 में भी भूकंप को लेकर इस तरह की चेतावनी थी। इसमें रिक्टर स्केल पर 9 की तीव्रता के भूकंप आने की आशंका जताई थी। जापान में प्रशांत तट पर 7.1 की तीव्रता से भूकंप आने के बाद यह आशंका जताई गई थी। जापान भूकंप प्रभावित क्षेत्र रहा है और यहां पर हजारों लोग भूकंप के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं।

**भूकंप से महाविनाश की चेतावनी :** एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगर जापान की सरकार की आशंका सच होती है, तो देश को 1.81 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। यह आंकड़ा जापान की जीडीपी का आधा है। मतलब भूकंप के कारण देश की जीडीपी का आधा हिस्सा खत्म हो सकता है। जापान सरकार ने नये अनुमान में महंगाई की वजह से करेंसी पर पड़ने वाले प्रेशर और ग्राउंड डेटा को शामिल किया है। जापान में भूकंप के बार बार झटकों और छोटी-छोटी सुनामी से बाढ़ क्षेत्रों का विस्तार हुआ है।

### 9 की तीव्रता का आ सकता है भूकंप

जापान सरकार ने आशंका जताई है कि अगर सबसे खराब स्थिति बनती है तो उस दौरान 9 की तीव्रता का भूकंप आ सकता है। इससे देश की 12 लाख 30 हजार की आबादी के प्रभावित होने की संभावना होगी। यह जापान की कुल आबादी का 10 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर सर्दियों में देर रात इस तरह का भूकंप आता है, तो सुनामी और ढहती इमारतों के कारण 298,000 लोगों की मौत हो सकती है। दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप संभावित क्षेत्रों में जापान शामिल है। यह कांपते हुए समुद्री इलाकों वाले कैटोगिरी में रखा गया है। यहां पर समुद्री इलाकों में आने वाले भूकंप की 8 से 9 की तीव्रता की संभावना 80 फीसदी के करीब होती है।

**पट्टा बांधकर घुमाती, किसी से साफ करवाती है घर!**

## मर्दों की बेइज्जती करके लाखों कमाती है महिला



**लंदन।** सोशल मीडिया के इस दौर में लोग अपनी छुपी हुई चाहतें, कमियां, इच्छाएं, और सनक को खुलकर सामने ला रहे हैं। लोगों के इन अलग-अलग इच्छाओं और सनक का फायदा दूसरे उठा रहे हैं। एक वक्त था जब कोई किसी की बेइज्जती कर देता, तो बवाल खड़ा हो जाता, लोग आपस में झगड़ने लगते, पर अब तो लोग अपनी बेइज्जती करवाने के लिए पैसे देने लगे हैं। ऐसे लोगों का फायदा ये महिला बखूबी उठा रही है।

लंदन की रहने वाली 30 साल की टिफनी सैंटॉस वयस्कों के लिए कंटेंट बनाती हैं और कमाई का बड़ा ही अजीबोगरीब तरीका अपनाती हैं। टिफनी, मर्दों की बेइज्जती करती हैं। इसके लिए वो पैसे चार्ज करती हैं। बहुत से पुरुषों के अंदर किसी खूबसूरत और बोल्ड महिला से प्रताड़ित होने की इच्छा होती है, जो सनक में तब्दील हो जाती है। बस इसी वजह से ऐसे लोग टिफनी को पैसे देते हैं।

### लोगों की कल्पनाओं को हकीकत बनाती हैं टिफनी

उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जो फैंस हैं, वो मार्कोस के साथ उन्हें इस तरह देखने के लिए पैसे देते हैं। वो उनके अकाउंट को सब्सक्राइब करते हैं और उसकी फीस चुकाते हैं। कई लोग उन्हें स्क्रिप्ट भेजते हैं, जिसके अनुसार टिफनी को अभिनय करना पड़ता है। लोगों की इन डिमांड को पूरा करने के लिए टिफनी 8 लाख रुपये से लेकर 17 लाख रुपये तक चार्ज करती हैं। मार्कोस की तरह कुछ लोग उन्हें पैसे देकर ऐसे काम उनसे करवाते हैं, जिसमें वो उन्हें अलग-अलग तरीकों से प्रताड़ित करती हैं। कई फैन अपनी कल्पनाओं को टिफनी से शेयर करते हैं और वो उन्हें हकीकत बना देती हैं। इसके लिए वो पहले एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाती हैं। इस कॉन्ट्रैक्ट में एक दूसरे की सहमती, सामानों का इस्तेमाल और ऐसी हरकतें करते हुए फोटो या वीडियो बनाने की मंजूरी शामिल होती है।

### मर्दों को करती हैं प्रताड़ित

हाल ही में टिफनी के एक फैन मार्कोस सूजा ने टिफनी से अनुरोध किया कि वो उन्हें कुत्ते की तरह गले में पट्टा बांधकर रोड पर घुमाएं। इसके लिए उन्होंने अजीबोगरीब कपड़े पहने और फिर टिफनी उनकी डोरी पकड़कर रोड पर टहलने निकल गईं. पर यही नहीं, टिफनी ने मार्कोस को अपना नौकर जैसा भी बनाया है, वो उनके घर के काम करते हैं, उनका घर साफ करते हैं, सामान उठाते हैं, खाना बनाते हैं और उनके साथ अलग-अलग ईवेंट्स में भी जाते हैं। वो मार्कोस को रुपये नहीं देतीं, न ही मार्कोस उन्हें कोई रुपए देते हैं।

# 14 अप्रैल से फिर शादी का सीजन होगा शुरू

**14 मार्च से शुरू हुआ खरमास 13 अप्रेल तक रहेगा। हिंदू धर्म में इस समय को बेहद खास और महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि खरमास सूर्य उपासना के लिए शुभ है। इस अवधि को शुभ मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। खरमास के समापन के बाद 14 अप्रेल से फिर शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा।**

**जबलपुर।** 14 मार्च से शुरू हुआ खरमास 13 अप्रेल तक रहेगा। हिंदू धर्म में इस समय को बेहद खास और महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि खरमास सूर्य उपासना के लिए शुभ है। इस अवधि को शुभ मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। खरमास के समापन के बाद 14 अप्रेल से फिर शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। अप्रेल में ही विवाह के लिए 8 शुभ मुहूर्त हैं। अप्रेल से जून तक करीब 5 हजार शादियों का अनुमान है। शादियों की तैयारी के लिए बाजार में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है।जानकारों की आने तो शादी के सीजन में 5 हजार से अधिक शादियों होंगी। एक शादी पर औसत 5 से 7 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठन भी सामूहिक विवाह का



आयोजन करेंगे। शादियों के सीजन से बाजार भी गुलजार हो जाएगा।
सीजन में 300 करोड़ से अधिक का कारोबार सागर में होगा। शादी के सीजन में बाजार में ज्वेलरी में दुबई और टर्किश के आभूषण, बच्चों के लिए डिजाइनर ड्रेस तथा महिलाओं के लिए लंहगा व साड़ी की मांग है। में विवाह में होने वाले स्वरुचि भोज का मैन्यू भी बदल गया है। पहले भोजन में 15 आइटम परोसे जाते थे लेकिन अब 30 से ज्यादा मैन्यू परोसे जाएंगे।

### डिजाइनर कपड़ों की मांग

कपड़ा व्यापारी ने बताया कि शादियों के सीजन में कपड़े का माल दिल्ली, लुधियाना, बंबई और कलकत्ता से मंगाया है। बच्चों और महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। महिलाएं सबसे ज्यादा साड़ी व लहंगा पसंद कर रही है। लड़कियों के लिए वेस्टर्न डिजाइन पर ज्यादा फोकस किया गया है।
एक साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों के लिए फैंसी डिजाइन के कपड़ों में बेबी सॉफ्ट फेदर, कुर्ता-पजामा, शेरवानी, सूट, व महिलाओं के लिए विंटर सीजन में बैलून कुर्ते, अरगिजा, सिल्क फैब्रिक, पाली सिल्क फैब्रिक, सिफॉन, कॉटन आदि उपलब्ध हैं।

### ज्वेलरी में नए व आकर्षक डिजाइन पहली पसंद

सराफा कारोबारी संजीव ने बताया कि अभी 22 कैरेट सोने की ज्वेलरी का भाव 85830 रुपए और कैडवरी का भाव 78850 रुपए है। सोने के भाव में तेजी के बावजूद भी लोगों का सोना खरीदने में अच्छा रुझान है। इसका कारण एक तो बेडिंग सीजन है। बाजार में दुबई और टर्किश की ज्वेलरी की मांग है। इसमें ज्यादातर टाप्स, ईयर रिंग, बेंदी, लांग हार ज्यादा पसंद की जा रही। शादियों के सीजन में लोग ज्वेलरी खरीदना पसंद कर रहे हैं।

### वेज सब्जियों से बन रहे हलवा

केटरर्स एसोसिएशन के संरक्षक ने बताया कि शादी-विवाह में डेकोरेशन में कई बदलाव आए हैं। उन्होंने बताया कि मैन्यू में लगातार लोग नई-नई डिश पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कलकत्ता के कारीगर पालक, प्याज सहित कई नई सब्जियों के हलवा बना रहे हैं। पहले लोग मेहमानों को अधिकतम 18 आइटम स्वरुचि भोज में परोसते थे, लेकिन अब इनकी संख्या 50 तक पहुंच रही है।

### शादियों के मुहूर्त

अप्रेल- 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30
मई - 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28जून - 2, 4, 5, 7, 8
नवंबर - 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 दिसंबर - 4, 5, 6



# सम्राट अशोक जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर।** महान सम्राट अशोक की जयंती पर 05 अप्रेल को रामपुर चौक से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो अशोक चौक गौरीघाट पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सम्राट अशोक की झांकी थी, जिसमें रथ पर सवार सांकेतिक सम्राट अशोक की झलक देखकर लोग सम्राट अशोक का जयघोष लगाते चल रहे थे। सम्राट अशोक का जन्म 304 ई.पू. पाटिल पुत्र पटना में हुआ था, वे मौर्य वंश की तीसरी पीढ़ी के शासक रहे। उनकी जन्म जयंती चैत्र अशोक महाअष्टमी के रूप में मनाई जाती है। यह शोभायात्रा सम्राट जयंती संयुक्त समिति जबलपुर के बैनरतले निकाली गई, जिसमें उदयभद्र बौद्ध, धर्मेन्द्र कुशवाहा, शैलेन्द्र कुशवाहा, एनएल राम, वीरेन्द्र कुमार, सुजीत खटीक, बैजनाथ पटेल, मनोज बाघमारे, मूलचंद भोरे, रविन्द्र कुशवाहा, नंदकुमार कुशवाहा, बृजनंदन कुशवाहा, अशोक पटेल, पंकज मेश्राम, राहुल उइके, ओपी चाटे, अशोक रामटेके, परमानंद साहू, संतोष मेश्राम, एसके गायकवाड़, वृंदावन वर्मा, दयाशंकर राहुल, अक्षय मोर्या, राजेश कुशवाहा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# संदिग्ध मौत पर कार्रवाई की मांग, एसपी को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर।

अंधमूक बायपास धनवंती नगर चौकी के समीप, रेलवे ट्रैक पर स्वर्गीय नन्हे भाई चौधरी कटंगी रोड करौंदा जिनका निवास है जिनका शव रेलवे ट्रैक पर मिला सिर पर चोट लगी हुई थी, रेल से नहीं कट पाए थे घर से सुबह 11:00 बजे काम पर निकले थे दमोहनाका स्थित लाइट की दुकान में काम किया करते थे, मानसिक तनाव में थे काफी दिनों से, यह कहना उनकी पत्नी जानकी बाई चौधरी का है। शाम को लगभग 4 बजे अंधमूक बायपास किस काम से गए, कैसे पहुंचे, इसका कोई पता नहीं चला, उन्होंने आत्महत्या की या किसी ने उन्हें धकेल दिया, क्योंकि



कुछ महीने पहले शशिकांत राणा द्वारा उन्हें जमीन लेने की सलाह दी गई और उन्होंने नंदकिशोर पटेल की पत्नी लक्ष्मी पटेल से मिलवाया और उन्हें जमीन की सौदा 32 लाख 77000 में तय कर एक एकड़ 15 डिसमिल जिसका बयाना मात्र 100 रुपये के स्टांप में 21 लाख रुपए बैंक में जाकर स्वयं ट्रांसफर कर लिए, शशिकांत राणा द्वारा कहा गया कि जल्द ही रजिस्ट्री करवा देंगे और बाकी पैसे दे देना, स्वर्गीय नन्हें भाई चौधरी बार-बार रजिस्ट्री करने के लिए कहते रहे, मगर उन्होंने हीला हवाली की जिससे मानसिक स्थिति गड़बड़ होने के कारण तीन महीने बाद उनकी लाश रेलवे ट्रैक पर पाई गई और 6 महीने हो गए, धनवंतरी नगर चौकी एवं थाना संजीवनी नगर द्वारा कोई भी कार्यवाही नगर चौकी द्वारा कोई भी रिपोर्ट नहीं तैयार की गई है जिस कारण जानकी बाई द्वारा विजयनगर थाना में भी जानकारी दी गई है, मगर कार्रवाई नहीं हुई, इस संबंध में एस.पी. को भी ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर राजेंद्र चौधरी, राम चौधरी मौजूद रहे।

# सुहागी करमेता मंडल ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस





**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी सुहागी करमेता मंडल में विधायक इंदु तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी, डॉ सुभाष तिवारी , मंडल अध्यक्ष लखन देवानी की उपस्थिति में वार्ड नंबर 74 के बूथ क्रमांक 228 एवं 236 में एवं वार्ड 73 के बूथ क्रमांक 220 में भाजपा का 46 स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित,जन सेवा के लिए संकल्पित, कार्यकर्ता व संघटन पर आधारित, विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर झंडा वंदन किया । इस अवसर पर मगन पटेल गौरव कोरी, अखिलेश शुक्ला, राजकुमार पटेल सुरेन्द्र गिरि गोस्वामी नितिन खैरा, डॉ राजू जाधव, संजय साहू, शैली त्रिपाठी, अपूर्व दुबे, शिवा रैकवार, सविता बर्मन, सुनीता सिंह, गीतिका अवस्थी, नेहा पांडे, नितिन मिश्रा, फूलचंद रजक, धर्मेंद्र चडार, नितेश पटेल, मुकेश यादव, संजय सोनी, विवेक मिश्रा सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भागवत कथा समापन पर हुआ भंडारा



**जबलपुर।** वार्ड क्रमांक 76, मढ़ई के सामने मैदान वीएफजे में विगत 30 मार्च से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन 06 अप्रेल को हवन, पूजन, कन्याभोज एवं विशाल भंडारा के साथ हुआ। भागवत कथा व्यास पीठ पर विराजमान पं. नितिन देव महाराज वृंदावन धाम प्रवाहित कर रहे थे। यह कार्यक्रम रामकुमार यादव, सुनील गुप्ता, श्रीमती गार्गी यादव पार्षद की यजमानी में संपन्न हुआ।

## देवी भजन श्रवण कर भक्त हुए मंत्रमुग्ध

**जबलपुर।** हिंदी नववर्ष के पावन उत्सव तथा नवरात्रि पर्व पर भैरव मंदिर संजीवनी नगर गढ़ा रोड जबलपुर में भजन जश गायक चंद्रभान सिंह



बघेल और सहयोगी कलाकारों ने मां जगदंबा के सुमधुर भजनों से देवी के नवस्वरूपों का वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, अर्धरात्रि तक भजनों की प्रस्तुति होती रही, जिसमें सहयोगी गायकों मनोहर बर्मन, अलका राजपूत, दया शंकर तिवारी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## सेवा ही संगठन का मंत्र लेकर भाजपा कार्यकर्ता देश को समर्पित : राकेश सिंह

**जबलपुर।** विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल, राष्ट्रभक्तों की गंगोत्री भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा सेवा ही संगठन के मंत्र को अपनाकर भाजपा का हर कार्यकर्ता देश के लिए समर्पित है। हर मंच पर मां भारती का जयगान गूंजता रहे, यही हमारा लक्ष्य है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नरसिंह वार्ड के बूथ क्रमांक 106 में आयोजित झंडा वंदन कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा ध्वज फहराया और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर द्वारा ध्वज फहराया गया।भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में कार्यक्रम आयोजित हुए, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ जनों ने बूथ में जाकर भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी बूथों में पार्टी का ध्वज लगाया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इस अवसर पर कह स्थापना काल से ही मां भारती की सेवा का संकल्प लिए भारतीय जनता पार्टी निरंतर 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर बढ़ रही है। भाजपा सिर्फ एक दल नहीं, बल्कि मिशन है, जो भारत को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीते 4 दशकों से प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, कैलाश साहू, जय सचदेवा, रोहित जैन, हर्षित सिंघाई, सोनू बचवानी, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा ने सहभागिता की। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी का ध्वज हमारे लिए गौरव का प्रतीक और सतत प्रेरणा का स्रोत है।

# सांई पालकी शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत व पूजन-आरती

## सांई मंदिर सिविल लाइन में रामनवमीं पर भक्तों की रही भीड़

जबलपुर।

सांई मंदिर सिविल लाइन में तीन दिवसीय महोत्सव के अवसर पर मुख्य दिवस रामनवमी पर प्रभु श्रीराम एवं सांई बाबा का जन्मोत्सव मध्यान्ह 12 बजे मनाया गया। इससे पूर्व सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। संध्या महाआरती नितिन शर्मा द्वारा संपन्न हुई। तत्पश्चात विशाल पालकी शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष पार्षद कमलेश अग्रवाल के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें समिति के पदाधिकारियों के साथ ही सैकड़ों सांई भक्त बाबा के जन्मोत्सव पर शामिल हुए। सांई पालकी शोभायात्रा का जगह-जगह



स्वागत, पूजन-अर्चन, आरती क्षेत्रीय भक्तों द्वारा की गई। शोभायात्रा में रविनंदन सिंह, सुनील चंदेल, मृगेन्द्र नारायण सिंह, प्रेम भंडारी, डॉ. सुनील देशपांडे, लक्ष्मणदास, उमेश पिल्ले, लक्ष्मीचंद जगवानी, रवि पांडे, संजय सेठ, मनोहर कनौजिया, राजेन्द्र तोमर, लालजी रजक, अशोक स्वामी, भीमराव, श्याम खत्री, पं. राधेश्याम दुबे सहित अन्य शामिल रहे।
रामनवमी व सांई जन्मोत्सव के अंतिम दिन 07 अप्रेल को सांई यज्ञ, हवन तथा कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। संध्या महाआरती महाधिवक्ता प्रशांत सिंह द्वारा संपन्न होगी। कन्या पूजन क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी एवं पार्षद श्याम कनौजिया संपन्न कराएंगे।



## 29वें दीक्षांत समारोह में संस्कारधानी की छात्रा शिवाली शर्मा को स्वर्ण पदक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगू भाई छगन भाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हार्टफुलनेस संस्थान के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी. लिट् की उपाधि से अलंकृत किया गया। इसके बाद 99 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, 02 शोधार्थियों को डी. लिट् और 70 शोधार्थियों को शोध उपाधियां प्रदान की गईं, वहीं संस्कारधानी जबलपुर की छात्रा शिवाली शर्मा को प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने 2024 की परीक्षा में मास्टर ऑफ आर्ट्स की उपाधि प्रथम श्रेणी (सीजीपीए 7.50) में प्राप्त की। इस उपलक्ष्य में उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

## अखिलेश मेवेन पर कड़ी कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** विगत दो दिन पूर्व विजय नगर स्थित जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेवेन द्वारा भगवान श्रीराम के विरूद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एवं हिन्दू धर्म के लोगों के खिलाफ गंदी टिप्पणी अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाई थी इसके विरोध में पुलिस द्वारा शीघ्र कार्यवाही



करते हुए अखिलेश मेवेन पर मामला दर्ज किया गया, जितिन राज कांग्रेस नेता पं. प्रतीक शुक्ला प्रदेश सचिव ने ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि अखिलेश मेवेन द्वारा यह कृत्य जानबूझकर किया गया है ताकि दो धर्म विशेष के लोगों में विवाद उत्पन्न हो जाये। मेवेन के इस कृत्य से 135 करोड़ भारतीयों की भावनायें आहत हुई हैं। अतः उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए अखिलेश मेवेन पर राष्ट्र द्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाये । राष्ट्रहित को ध्यान रखते हुए एवं शांति कायम रखने हेतु हमें विश्वास है कि मेवेन पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## उत्कृष्ट कार्य हेतु रॉबर्ट मार्टिन हुए सम्मानित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ एवं जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन को गोलबाजार में चल रहे पुस्तक मेले में रॉबर्ट मार्टिन को सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं व्यायाम निर्देशकों, प्राचार्यों और जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग की मधुमिता हाज़रा की उपस्थिति में 68वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में इन्होंने जो शिक्षा विभाग को महत्वपूर्ण योगदान दिया उसके लिए इन्हें जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया



गया। ध्यान रहे की शिक्षा विभाग में सभी कार्यरत उत्कृष्ट खिलाड़ी और व्यायाम निर्देशक लंबे समय से शालेय प्रतियोगिता चाहे राज्य स्तरीय हो या फिर राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताएं हों सभी को संपन्न कराने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है, यही वजह है कि इन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, धनराज पिल्ले, सुधीर अवधिया, राजेश सहारिया, सुरेंद्र चौधरी, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह, शशिरमन स्वामी, फिलिप एंथोनी, राजू फ्रांसिस, रिंकू पीटर आदि ने बधाई दी।

## शून्य से शिखर तक भारतीय जनता पार्टी की अविस्मरणीय यात्रा

**डॉ. आशीष कुमार यादव, विजिटिंग फैकल्टी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का वक्तव्य**

जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी अपने अमृतकाल का 45वां वर्ष 6 अप्रैल स्थापना दिवस के रूप में मना रही है। बीजेपी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। एक अनुमान के अनुसार 18 बिलियन सदस्य संख्या है। पार्टी का राज्य राजनीति, जातिगत समीकरण, क्षेत्रीय गणना, धार्मिक प्रतिक्रिया, कार्यकर्ता परख व विकास वह दूसरे पार्टी से अलग बनाता है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को सुदृढ, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है।



2014 में बीजेपी सत्ता में आई तब वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था यह विजय हमारी नहीं पाँच पीढ़ियों की तपस्या है। बीजेपी की इस यात्रा में कई ऐसे किरदार हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन पार्टी को दिया अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, भैरो सिंह शेखावत, राजमाता सिंधिया, कुशाभाऊ ठाकरे, डॉ. मुरली मनोहर जोशी जैसे संस्थापक सदस्यों से लेकर आज नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने तक पार्टी बहुत बदल चुकी है।
वर्तमान में लगभग 21 राज्यों में भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकार है। लोकसभा में 240 राज्यसभा में 86, देश की विधानसभा में 1434 सदस्य संख्या है, 1984 में दो सदस्यों वाली पार्टी आज राष्ट्रीय स्तर से लगाकर बूथ स्तर तक सबसे शक्तिशाली संगठन की पार्टी है।मुम्बई में समुद्र किनारे एक सभा के दौरान अटल बिहारी वाजपेई ने भविष्यवाणी की थी कि एक दिन अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि करोड़ों कार्यकताओं के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरूप 90 के दशक के असम्भव से लगने वाले मुद्दे, राममंदिर निर्माण, कश्मीर में धारा 370, नागरिक संशोधन कानून, तीन तलाक, यूनिवार्म सिविल कोड जैसे विषय वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाप्ति की ओर हैं। आज वर्तमान परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी विकास का पर्याय है।

**FOR CHANGE OF NAME**
It is for general information that I, **MAHESH KUREEL S/o Late GHANSHYAM, employed as Chargeman, Personal No. 848774 in QCP Section of Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005,** declare that name of mine has been wrongly written as **MAHESH** in my Service Record. The actual name of mine is **MAHESH KUREEL,** which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
**MAHESH KUREEL**
**Res. H.No.38, Parwati Nagar, Krishna Town, Ward 72 New Ward, Maharajpur,Adhartal, Jabalpur (M.P.) 482004**

## खबर संक्षेप

### तीन साल की बच्ची बर्ड फ्लू से संक्रमित मिली



**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पश्चिमी राज्य दूरांगो की तीन वर्षीय बच्ची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। मेक्सिको में इस वायरस का यह पहला मानव मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टाइप ए एच5एन1 इन्फ्लूएंजा अमेरिका में जानवरों और कुछ लोगों के माध्यम से फैल रहा है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बच्ची को कोआहुइला राज्य के पास स्थित टोरेऑन के एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।

### यूक्रेन पर रूस के हमले में 18 लोगों की मौत



**कीव।** मध्य यूक्रेन के शहर क्रीवी रीह में रूस द्वारा किए गए मिसाइल हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जिनमें 9 बच्चे भी शामिल हैं। क्रीवी रीह यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की का गृहनगर है। क्षेत्रीय गवर्नर सेरही लिसाक ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में 61 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन महीने के बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं।

## मणिपुर में शांति की पहल

# केंद्र सरकार ने मैतेई और कुकी समुदायों के साथ की अहम बैठक

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में फैली अशांति ने पूरे देशभर की सियासत को गर्म कर रखा है। इसी बीच इस हिंसा पर विराम लगाने के लिए केंद्र सरकार अब एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। शनिवार को केंद्र ने मणिपुर में विवादित मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और दोनों समुदायों के बीच सुलह कराने पर भी जोर दिया गया। बता दें कि यह बैठक मई 2023 से शुरू हुए दोनों समुदायों के बीच चल रहे संघर्ष का समाधान खोजने के लिए आयोजित की गई थी।



### शामिल हुए दोनों समुदाय के संगठन

*बैठक में ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन (एएमयूसीओ) और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन (एफओसीएस) के प्रतिनिधियों वाला छह सदस्यीय मैतेई प्रतिनिधिमंडल और करीब नौ प्रतिनिधियों वाला कुकी समुदाय का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।*

### शांति बहाल की कोशिश में राज्यपाल

3 जनवरी को मणिपुर के राज्यपाल का पदभार संभालने वाले अजय कुमार भल्ला अब तक लोगों से मिलकर राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए फीडबैक ले रहे हैं। बता दें, पूर्व केंद्रीय गृह सचिव भल्ला को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद चुना था। उन्हें मणिपुर जैसे अशांत राज्य में शांति बहाल करने का काम सौंपा गया था। 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद राज्यपाल ने शांति बहाल करने और सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## एम्पुरान निर्माता के ऑफिस पर ईडी की रेड

# डेढ़ करोड़ नकदी जब्त फेमा उल्लंघन का दावा




एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि 4 अप्रैल को तमिलनाडु और केरल में श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस कंपनी लि. (गोकुल चिट फंड) के कई कार्यालयों में की गई तलाशी के दौरान 1.5 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। एएम गोपालन के स्वामित्व वाली यह कंपनी (गोकुलम गोपालन) आगामी मलयालम फिल्म एल2: एम्पुरान के निर्माताओं में से एक है। ये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत 1000 करोड़ रुपए के कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन की चल रही जांच का हिस्सा है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को शुरू की गई तलाशी शनिवार को समाप्त हो गई। यह कार्रवाई फेमा के तहत केरल के कोझिकोड में एक स्थान और तमिलनाडु के चेन्नई में दो स्थानों पर श्री गोकुलम चिट्स एंड फाइनेंस कंपनी प्रा. लि. के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में शुरू की गई।

## शर्मा बोले- ट्रंप का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण

# केंद्र सरकार हितधारकों से करे बातचीत, विशेषज्ञों का मिलकर बनाए टास्क फोर्स



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने शनिवार को अमेरिकी टैरिफ को 'दुर्भाग्यपूर्ण' और 'एकतरफा' बताया। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि वह अमेरिकी टैरिफ पर रणनीति बनाते समय विभिन्न राजनीतिक दलों और हितधारकों को साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि सरकार को राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शर्मा ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए विशेषज्ञों का एक टास्क फोर्स भी बनाया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उठाया गया कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और विश्व व्यापार के लिए एक बड़ा झटका है।

### वैश्विक व्यापार में व्यवधान पैदा हुआ

कांग्रेस नेता शर्मा ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एकतरफा तरीके से उच्च टैरिफ लगाए हैं। इससे वैश्विक व्यापार में बड़े पैमाने पर व्यवधान पैदा हुआ है। ट्रंप के टैरिफ से सभी छोटी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ेगा। ट्रंप के फैसले ने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को उल्टा कर दिया है। इस फैसले ने विश्व व्यापार संगठन को भी बड़ा झटका दिया है, जिस पर नियम-आधारित वैश्विक व्यापार करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप ने सभी अंतरराष्ट्रीय समझौतों, नियमों और सिद्धांतों का उल्लंघन किया है।

### इस मुद्दे पर संसद में करनी चाहिए थी चर्चा

आनंद शर्मा ने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करनी चाहिए थी। हालांकि, अब सरकार को सभी राजनीतिक दलों से बात करके उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को सेवा क्षेत्र को केंद्र में रखकर कोई भी व्यापार समझौता स्वीकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि देश की विश्व व्यापार में बहुत अधिक हिस्सेदारी नहीं है। अगर सेवाओं को शामिल नहीं किया जाता है तो यह देश हित में नहीं होगा।

## जापान की सरकारी रिपोर्ट में खुलासा, प्रशांत महासागर में भूकंप की आशंका

# 12 लाख लोगों पर खतरा और भारी तबाही होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान की सरकार ने अपनी कैबिनेट रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी है कि प्रशांत महासागर तट के पास बेहद भयानक भूकंप आ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप इतना अधिक शक्तिशाली होगा, जिससे सुनामी पैदा होगी। सुनामी के प्रचंड लहर में सैकड़ों इमारतें तबाह हो सकती है।

■ तबाही से देश को 1.81 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान संभव

जापान सरकार ने भूकंप और सुनामी के कारण जो तबाही का अनुमान लगाया है, वो बेहद डरावना है। आशंका जताई गई है कि भूकंप और सूनामी के कारण कम से कम तीन लाख से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। जापान सरकार ने आशंका जताई है कि अगर सबसे खराब स्थिति बनती है तो उस दौरान 9 की तीव्रता का भूकंप आ सकता है। इससे देश की 12 लाख 30 हजार की आबादी के प्रभावित होने की संभावना होगी। यह जापान की कुल आबादी का 10 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर सर्दियों में देर रात इस तरह का भूकंप आता है, तो सुनामी और ढहती इमारतों के कारण 298,000 लोगों की मौत हो सकती है।

### सर्दियों की रात में भूकंप आया तो मौत का आंकड़ा नीचे जाएगा



फाइल फोटो

### सबसे ज्यादा भूकंप संभावित क्षेत्रों में जापान शामिल

दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप संभावित क्षेत्रों में जापान शामिल है। यह कांपते हुए समुद्री इलाकों वाले कैटोगिरी में रखा गया है। यहां पर समुद्री इलाकों में आने वाले भूकंप की 8 से 9 की तीव्रता की संभावना 80 फीसदी के करीब होती है। जापान की सरकार की आशंका सच होती है, तो देश को 1.81 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है।

### पापुआ में 6.9 तीव्रता का भूकंप

पापुआ न्यू गिनी में शनिवार तड़के एक जोरदार भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.9 मापी गई। यह झटका न्यू ब्रिटेन इलाके में महसूस किया गया, जिससे लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र किम्बे शहर से करीब 194 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी। वहीं, भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि भूकंप का केंद्र 65 किलोमीटर गहराई पर था। यह क्षेत्र 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है, जो दुनिया का सबसे अधिक भूकंपीय और ज्वालामुखीय गतिविधियों वाला इलाका माना जाता है। यही कारण है कि यहां अक्सर ऐसे शक्तिशाली झटके आते रहते हैं।

## ब्राजील, पुर्तगाल और स्पेन के पूर्व फुटबॉलरों ने दी नसीहत

# फुटबॉल में प्रगति के लिए ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान दे भारत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ब्राजील के 2002 विश्व कप विजेता जोस एडमिल्सन का मानना है कि भारत को फुटबाल में प्रगति के लिए अपने ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और युवा खिलाड़ियों की महत्वाकांक्षाओं को भी देखना चाहिए। एडमिल्सन रियल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो रविवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में 'लीजेंड्स फेसऑफ' में खेलेंगे।

मैच में कार्लोस पुयोल, लुइस फिगो, जावी, जेवियर सावियोला, रिवाल्डो, फर्नांडो मोरिएंटेस, माइकल ओवेन और कई अन्य खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। मैच से पहले यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एडमिल्सन ने कहा, 'एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी बनने की तकनीक हासिल करने से पहले कई तरह की चीजों से निपटना होता है। भारत को ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना होगा और बच्चों की महत्वाकांक्षाओं पर भी ध्यान देना होगा। एक अच्छा खिलाड़ी बनाने से पहले उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना होगा। और यह बहुत महत्वपूर्ण है। कई जगहों पर बच्चे खिलाड़ी बनने का सपना देखते हैं। लेकिन इससे पहले समाज की कई समस्याओं का समाधान करना होगा।'



### रोनाल्डो टफ डिफेंडर


पेपे ने कहा कि अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी की तुलना में पुर्तगाल टीम के उनके साथी क्रिस्टियानो रोनाल्डो डिफेंडर के रूप में मुश्किल खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा, 'मुझे क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम लेना होगा क्योंकि मैं उनके साथ ट्रेनिंग करता हूं। मुझे पता है कि उनके खिलाफ कितना मुश्किल है। क्रिस्टियानो एक ऐसे फुटबॉलर रहे हैं जिन्होंने संघर्ष किया है और रियल मैड्रिड को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने मैनचेस्टर युनाइटेड, युवेंटस, पुर्तगाली राष्ट्रीय टीम को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने हमेशा बहुत सारे मैच जीते हैं। मुझे पता है कि उनके साथ ट्रेनिंग करना कैसा होता है। उन्होंने बहुत मेहनत की है।'

### रियल-बार्सिलोना की दिखेगी प्रतिद्वंद्विता

अर्जेंटीना के सावियोला रियल मैड्रिड और बार्सिलोना दोनों के लिए खेले हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के अवसर से उत्साहित हैं। सावियोला ने कहा, 'इस प्रतिद्वंद्विता को भारतीय प्रशंसकों के सामने लाने का मौका बहुत भावनात्मक है। भले ही मैं अब पेशेवर नहीं हूं, लेकिन मैं कभी भी फुटबॉल से दूर नहीं रहता। मुझे उम्मीद है कि यह मैच भारतीय फुटबॉलरों और सपने देखने वालों की एक पूरी नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'

# जामवाल ने विश्व कप के फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली के जियानलुइगी मलंगा को हराकर ब्राजील के फोज डो इगुआकु शहर में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 65 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। इस 22 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपनी लंबाई और गति का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने 5-0 के सर्वसम्मत मतों से जीत हासिल की।

पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 अंक दिए। जामवाल इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले गुरुवार को हितेश 70 किग्रा भार वर्ग में फ्रांस के ओलंपियन माकन ट्राओरे को हराकर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। फाइनल में हितेश का मुकाबला इंग्लैंड के ओडेल कामारा से जबकि जामवाल का स्थानीय खिलाड़ी यूरी रीस से होगा। भारत के एक अन्य मुक्केबाज मनीष राठौड़ का 55 किग्रा वजन वर्ग में अभियान सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। उन्हें कजाकिस्तान के नूरसुल्तान अल्टिनबेक से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर/14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# ऋषभ पंत और दिग्वेश पर लगा भारी जुर्माना

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। किसी भी गेंदबाजी टीम के लिए 20 ओवर पूरे करने का निर्धारित समय 90 मिनट है।

लखनऊ की टीम निर्धारित समय से एक ओवर पीछे चल रही थी। इस कारण उसे अंतिम ओवर में 30 गज के बाहर एक क्षेत्ररक्षक कम रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस बीच लखनऊ के स्पिनर दिग्वेश राठी पर लगातार दूसरी बार उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद फिर से नोटबुक लिखने की शैली में जश्न मनाया। उनके खाते में एक और डिमैरिट अंक जोड़ दिया गया है। इस तरह से उनके नाम पर अब दो डिमैरिट अंक जमा हो गए हैं।'



# कुछ प्रदर्शनों के आधार पर सिराज का आकलन सही नहीं

**हैदराबाद।** गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी का मानना है कि फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से मोहम्मद सिराज 'असाधारण' रहे हैं और इस तेज गेंदबाज को कुछ प्रदर्शनों के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। सिराज ने अपने पिछले आईपीएल मैच में अपनी पूर्व टीम रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट झटके और पांच विकेट के साथ वह आईपीएल 2025 में अब तक गुजरात टाइटन्स के दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। सोलंकी ने कहा, 'यह बिल्कुल वैसी ही भूमिका निभा रहे हैं, जैसी जरूरत है। वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं। ऐसी बातें कहना अनुचित होगा कि चीजें उनके लिए ठीक नहीं चल रही हैं। जब भी उन्हें मौका मिला है, उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कभी-कभी हम बहुत से युवा क्रिकेटरों से काफी उम्मीद करते हैं। सिराज ने काफी कुछ हासिल किया है। कभी-कभी हम एक या दो प्रदर्शनों का आकलन करने में बहुत जल्दबाजी करते हैं, लेकिन जब से वह हमारे साथ जुड़े हैं, तब से वह असाधारण रहे हैं।'

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5829

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

### शब्द पहेली- 5828 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5839

✱✩✩✩✩ सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5838 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



## अजय देवगन की वजह से फ्लॉप हुई 'भेड़िया'...

**मुंबई।** रोमांटिक और कॉमेडी जॉनर की फिल्मों में वरुण धवन पसंद किए जाते हैं। बॉलीवुड की ज्यादातर एक्ट्रेस के साथ उन्होंने बतौर लीड एक्टर काम किया है। साल 2022 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम भेड़िया था और इसमें उनके साथ बी टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन भी नजर आईं। खैर, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब इसके डायरेक्टर ने इसके असफल होने पर खुलकर बात की है। कोमल नाहटा के पॉडकास्ट 'गेम चेंजर्स' में स्त्री जैसी हिट फिल्म देने वाले डायरेक्टर अमर कौशिक नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी कुछ सफल और असफल फिल्मों पर बात की।

लाइफ Style

## प्रियंका
### हाथ लगी साउथ की एक और मूवी

अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से हॉलीवुड में काम कर रही थीं। बॉलीवुड के फैंस उनका हिंदी फिल्म में काम करने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल वो साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू संग काम कर रही हैं। अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेकर्स एक और हाई-प्रोफाइल बॉलीवुड स्टार पर विचार कर रहे हैं। एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। चर्चा है कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस इसमें कदम रखेगी। लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा को इस प्रोजेक्ट के लिए फीमेल लीड के रोल में माना जा रहा है। अभी इसका नाम 'पैरेलल यूनिवर्स' रखा गया है, जो टेम्परेरी है। इसमें अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस पर ऑफिशियली कोई बयान नहीं है। प्रियंका चोपड़ा इस समय राजामौली की जंगल एडवेंचर 'एसएसएमबी 29' (नाम तय नहीं) में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन संग एक्टिंग कर रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



## न्यू बेबी को किया वेलकम

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और ऑस्कर विजेता जेनिफर लॉरेंस न सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बेबाक अंदाज और सामाजिक मुद्दों पर मुखरता से राय रखने के लिए भी चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने 2019 में कुक मारोनी से शादी की थी, और अब इस कपल ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 मार्च को जेनिफर और उनके पति कुक मारोनी को न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट किया गया था।



## टॉम के फिल्म पर उठा पर्दा ...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टॉम हॉलैंड काफी समय से स्पाइडर-मैन के चौथे पार्ट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फ्रेंचाइजी के दीवाने लंबे समय से मूवी की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे। अब महीनों बाद, अभिनेता ने फैंस को फिल्म के टाइटल के साथ-साथ उसकी रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। आइए जानते हैं कि कब आप अपने पसंदीदा पीटर पार्कर को सिल्वर स्क्रीन पर देख पाएंगे। टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रेंचाइजी अपनी चौथी किस्त के साथ रिलीज के लिए तैयार है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर एक्शन अवतार में वापसी करने वाले हैं। लास वेगास के सिनेमाकॉन में निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने बताया कि फिल्म की शूटिंग गर्मी के अंत तक पूरी हो सकती है।



## माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंची ईशा...

**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने आज राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी के दर्शन किआ और साथ ही खुद को बहुत भाग्यशाली बताया। नवरात्रि का आखिरी दिन होने के कारण यह मौका खास था। ईशा ने गुलाबी कपड़े और धूप के चश्मे पहने थे, साथ में सुंदर झुमके भी पहने थे। एएनआई से बातचीत के दौरान ईशा ने कहा, हम नवरात्रि के नवमी के दिन यहां आए, यह बहुत सौभाग्य की बात है। आप सभी को माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद मिले। जय माता दी। राम नवमी चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन मनाई जाती है। यह भगवान राम के जन्म का दिन है। इस दिन छोटी लड़कियों को देवी दुर्गा के रूप में देखकर उन्हें उपहार और प्रसाद दिए जाते हैं। राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी मंदिर में बहुत सारे लोग दर्शन करने आते हैं। मंदिर के लिए अच्छी व्यवस्था की गई।



## संभाजी महाराज के बाद जादूगर बने...

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वो फिल्म में एक जादूगर का रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर शूजित सिरकार कर रहे हैं, जिन्होंने पीकू और अक्टूबर जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं।

टीवी मसाला



## लोग मुझे फुटबॉल जैसे फेस वाली कहकर बुलाते थे...

**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश इन दिनों रियलिटी शो सेलेब्रिटी मास्टर शेफ में नजर आ रही हैं। जिसको लेकर वो लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनके फैंस अपनी पसंदीदा कलाकार को शो का विनर बनाना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर तेजस्वी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा के साथ शादी की खबरों को लेकर भी चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस बीच अभिनेत्री ने बॉडी शेमिंग को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ये भी बताया कि कब उन्हें बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा। बातचीत में तेजस्वी प्रकाश ने बॉडी शेमिंग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मैं हमेशा पतली रही हूं और मुझे ये अजीब लगता है जब लोग किसी के वजन पर या किसी पर शारीरिक टिप्पणी करने को ठीक समझते हैं। जैसे लोग कहते हैं, तुम बहुत पतली हो, या अब तुम स्वस्थ हो। लेकिन अगर किसी का वजन ज्यादा है तो शायद कोई ऐसा नहीं कहेगा।"

## दिलजीत के साथ विल स्मिथ ने जमकर किया भांगड़ा...

**मुंबई।** पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ और अमेरिकी एक्टर विल स्मिथ ने रविवार सुबह अपने फैंस को चौंका दिया। दोनों ने एक अनोखे कोलैबोरेशन से सबको हैरान कर दिया। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील शेयर की, जिसमें विल स्मिथ उनके साथ भांगड़ा करते नजर आए। विल स्मिथ ने दिलजीत के डांस स्टेप्स को कॉपी करने की कोशिश की जो देखने में बेहद मजेदार था। इस वीडियो के साथ दिलजीत ने लिखा, पंजाबी आ गए ओये। लिविंग लीजेंड विल स्मिथ के साथ। किंग विल स्मिथ को भांगड़ा करते और पंजाबी ढोल की बीट्स पर मस्ती करते देखना प्रेरणादायक है। यह रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई। फैंस ने कमेंट सेक्शन में अपनी खुशी जाहिर की। एक फैन ने लिखा, पंजाबी सच आ गए ओए, तो दूसरे ने कहा, अब बस एक शानदार फिल्म साथ में कर लो। वहीं एक यूजर ने लिखा, ये तो बिल्कुल अप्रत्याशित था।



## 33 साल बड़े एक्टर के साथ काम करने पर ट्रोल...

**मुंबई।** साउथ की फिल्म 'हृदयपूर्वम' में पहली बार मालविका मोहनन और मोहनलाल एक साथ काम कर रहे हैं। यूजर मोहनलाल को इस बात के लिए ट्रोल कर रहे हैं कि वह अपने से 33 साल छोटी एक्ट्रेस के साथ अभिनय करते हैं। इस पर मालविका मोहनन ने जवाब दिया है। मोहनलाल 64 साल के हैं, जबकि मालविका 31 साल की हैं। 18 मार्च को, उन्होंने मोहनलाल और फिल्म के कलाकारों के साथ तस्वीरें शेयर की थीं। एक यूजर ने कमेंट किया कि 65 साल का एक आदमी 30 साल की लड़की के साथ प्यार का खेल खेलता है। आखिर इन दिग्गज अभिनेताओं को ऐसी भूमिकाएं निभाने की क्या चाहत है जो उनकी उम्र के हिसाब से नहीं हैं? इस पर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि तुम्हें किसने बताया कि ये प्यार का मामला है? अपनी आधी-अधूरी धारणाओं के हिसाब से लोगों और फिल्म का मूल्यांकन करना बंद करें। एक लंबी पोस्ट में 'हृदयपूर्वम' की



एक्ट्रेस ने लिखा कि मोहनलाल सर और सत्यन सर जैसे दिग्गजों से बहुत कुछ सीखा। उनसे मार्गदर्शन पाना सौभाग्य है। वह सिनेमाई जादू को जीवंत करते हैं। वह यह सब बहुत गरिमा, सम्मान और शालीनता के साथ करते हैं। कुछ सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम किया। सहायक निर्देशकों की सबसे प्यारी टीम को धन्यवाद, जिनके बिना यह फिल्म पूरी नहीं होती। मालविका मोहनन को आखिरी बार हिंदी फिल्म 'युध्रा' में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ अहम किरदार में देखा गया था। उन्होंने 2024 की तमिल फिल्म थंगलान में भी अभिनय किया।

## 7वें दिन भी 100 करोड़ की कमाई से चूकी 'सिकंदर'



*मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान 'टाइगर 3' के बाद साउथ के डायरेक्टर ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' के जरिए स्क्रीन पर धमाकेदार एक्शन करते हुए नजर आए। फिल्म को ईद के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दर्शकों और फैंस को सलमान की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। रिलीज के बाद इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इससे लोगों को जितनी उम्मीदें थी फिल्म उतना खास कमाल नहीं दिखा पाई। जहां वर्ल्डवाइड फिल्म ने 100 करोड़ दो दिन में ही कमा लिए थे वहीं, 7वें दिन भी सलमान की ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का कलेक्शन करने से चूक गई है। रिपोर्ट की मानें तो 7वें दिन 'सिकंदर' ने 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया है। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े हैं। ऑफिशियल आंकड़े आने के बाद इसमें बदलाव हो सकते हैं। 7वें दिन की कमाई के बाद फिल्म की टोटल कमाई 97.50 करोड़ हो चुकी है।*

### ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का किया बिजनेस

## 2025 में अब तक 12 फिल्में रिलीज, 9 फ्लॉप 2 एवरेज और 1 ब्लॉकबस्टर

*मुंबई। साल 2025 का पहला क्वार्टर पूरा हो गया है और इन तीन महीनों में बॉलीवुड की कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुईं। इसमें सोनू सूद की 'फतेह' से लेकर सलमान खान की 'सिकंदर' तक शामिल है। हालांकि, इस बार लोगों ने बहुत ही कम फिल्मों को पसंद किया। ऐसे में कुछ मूवीज बॉक्स ऑफिस पर पस्त हो गईं, तो कुछ ने ठीक-ठाक कलेक्शन किया। चलिए आपको बताते हैं, 2025 के पहले क्वार्टर में रिलीज हुई फिल्मों की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के बारे में।*

**फतेह :** सोनू सूद, जैकलीन, शिव ज्योति राजपूत और नसीरुद्दीन शाह स्टारर फिल्म 'फतेह' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी का निर्देशन खुद सोनू ने ही किया था। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई और रिपोर्ट के अनुसार, यह डिजास्टर साबित हुई। फिल्म ने सिर्फ 12.50 करोड़ का बिजनेस किया था।

**इमरजेंसी :** 'इमरजेंसी' फिल्म में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। इस मूवी का निर्देशन और निर्माण कंगना ने ही किया था। फिल्म में उन्होंने इंदिरा गांधी का रोल प्ले किया। एक्ट्रेस को अपनी इस मूवी से काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह मूवी भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। रिपोर्ट के अनुसार, मूवी ने सिर्फ 14 करोड़ का बिजनेस किया और यह भी डिजास्टर साबित हुई।

**आजाद :** अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'आजाद' भी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी की बॉक्स ऑफिस पर कंगना 'इमरजेंसी' से टक्कर हुई। फिल्म में अजय देवगन, रवीना टंडन की बेटी राशा और अजय के भांजे अमान थे। ये राशा और अमान की डेब्यू मूवी थी, लेकिन लोगों ने इसे कुछ खास पसंद नहीं किया। फिल्म ने सिर्फ 6.50 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया और यह डिजास्टर साबित हुई। हालांकि, मूवी में राशा के अभिनय को काफी पसंद किया गया था।

**स्काई फोर्स :** 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्काई फोर्स' में एक्टर अक्षय कुमार, निमरत कौर, वीर पहाड़िया समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। ये मूवी वीर की डेब्यू फिल्म थी, जो



एक एक्शन-ड्रामा फिल्म थी। इसकी कहानी 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के हमले पर आधारित थी, जो भारत की पहली एयर स्ट्राइक थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर एवरेज साबित हुई और इसने लगभग 109 करोड़ का बिजनेस किया।

**देवा :** शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, कुब्रा सैत और प्रवेश राणा स्टारर फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज हुई थी। ये फुल ऑन एक्शन मूवी थी, जिसमें एक्टर का जबरदस्त अंदाज देखने को मिला था। हालांकि, दर्शकों को मूवी कुछ खास पसंद नहीं आई और यह फ्लॉप हो गई। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 32 करोड़ का लाइफ टाइम कलेक्शन किया।

**लवयापा :** 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई मूवी 'लवयापा' में जुनैद खान, खुशी कपूर, आशुतोष राणा और कीकू शारदा समेत कई स्टार्स नजर आए थे। ये मूवी जेन-जी की कहानी दिखाती है और यह खुशी-जुनैद दोनों की बड़े पर्दे पर डेब्यू मूवी थी। वहीं, 'लवयापा' के कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म ने कुछ खास कमाल नहीं दिखाया और यह भी फ्लॉप साबित हुई। मूवी ने सिर्फ 8.25 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

**छावा :** 14 फरवरी को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'छावा' रिलीज हुई। साल 2025 के पहले क्वार्टर की ये एकलौती मूवी है, जो कमाई के मामले में ब्लॉकबस्टर साबित हुई। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया था। इसमें स्टार्स की एक्टिंग से लेकर फिल्म की कहानी तक को लोगों ने काफी पसंद किया। ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का बिजनेस किया।

**मेरे हसबैंड की बीवी :** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह, हर्ष गुजराल, डीनो मोरिया और कंवलजीत सिंह स्टारर फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस रोम-कॉम मूवी ने 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया और अर्जुन की यह मूवी भी डिजास्टर साबित हुई।

**क्रेजी :** सोहम शाह, निमिषा सजयन, टीनू आनंद, शिल्पा शुक्ला, उन्नति खुराना स्टारर ये फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी तो अच्छी थी, लेकिन लोगों को यह पसंद नहीं आई और फ्लॉप हो गई। गिरीश कोहली के निर्देशन में बनी इस मूवी ने सिर्फ 12 करोड़ का बिजनेस किया था।



# अजेय पीएसजी ने 13वीं बार जीता फ्रांसीसी लीग का खिताब

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार रात को यहां एंजर्स को 1-0 से हराकर छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग 1) का खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। पीएसजी का यह लीग 1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया।

उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया।




**28 मैच में 23वीं जीत**

मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधों पर उठा दिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।

## मैड्रिड की हार का पूरा फायदा नहीं उठा सका बार्सिलोना

**बार्सिलोना।** विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। इससे बार्सिलोना स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से मिली हार का पूरा फायदा नहीं उठा पाया।। रियल मैड्रिड के लिए राहत की बात यह रही कि दिल तोड़ने वाली इस हार के कुछ घंटे बाद बार्सिलोना को रियल बेटिस ने उसके घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।इस मैच के ड्रॉ छूटने से बार्सिलोना के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर काबिज रियल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक हैं। प्रतियोगिता में अभी आठ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।



**खास खबर**

## बेंगलुरु से मैच से पहले इंडियंस से जुड़े बुमराह



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को रविवार को मजबूती मिली जब उसके शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गए। अभी हालांकि यह पता नहीं चला है कि भारत के इस शीर्ष तेज गेंदबाज को टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की फिटनेस मंजूरी मिली है या नहीं। मुंबई इंडियन्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, 'कभी शावक रहा अब शेर, शेर फिर से जंगल का राजा बनने के लिए वापस आ गया है।'

## मुझे नहीं पता कि आज के दौर में कहां फिट बैठता : ओवेन

**मुंबई।** इंग्लैंड और रियल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड माइकल ओवेन का मानना है कि फुटबॉल का खेल तेजी से विकसित हो रहा है और टीमें इन दिनों दो स्ट्राइकरों का उपयोग करने से बचती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आधुनिक दौर के खेल में कैसे फिट होंगे। ओवेन कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सुपरस्टार जैसे लुइस फिगो, कार्ल्स पुयोल, रिवाल्डो, जावी के साथ मुंबई में हैं। इनके सब के अलावा कुछ और पूर्व दिग्गज रियल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के खिलाड़ियों के बीच 'लीजेंड्स फेसऑफ' मैच में भाग लेंगे। ओवेन ने रविवार को यहां मैच से पहले कहा, 'यह खेल निश्चित रूप से बदल गया है। जब मैं बड़ा हो रहा था और जब मैं पेशेवर फुटबॉल खेलता था तब लगभग हर टीम के पास दो स्ट्राइकर होते थे। अब शायद ही कोई ऐसा करता हो। अब ज्यादातर टीमों में दो स्ट्राइकर नहीं होते है। उनकी भूमिका बदल गई है। मुझे नहीं पता कि मेरे जैसा खिलाड़ी आज के दौर में टीम में किस भूमिका में होता।'



## आर्चर का प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है : संदीप



**चंडीगढ़।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने कहा कि टीम के उनके साथी और दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन लगातार बेहतर होगा जा रहा है जो उनकी टीम के लिए अच्छा संकेत है। आर्चर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मैच में चार ओवर में 76 रन लुटा दिए थे। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 2.3 ओवर में 33 रन दिए। वह इन मैच में विकेट हासिल करने में भी नाकाम रहे। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने हालांकि इसके बाद अपने प्रदर्शन में सुधार किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 5 | 2 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



निकोलस पूरन
201 रन
लखनऊ

**पर्पल कैप**



नूर अहमद
10 विकेट
चेन्नई

**आईपीएल : पांच बार के चैंपियन को 4 में से 3 मैच में मिली पराजय**


# बेंगलुरु के खिलाफ आज मुंबई के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

**रॉयल चैलेंजर्स 3 मैच में 2 जीत के साथ दूसरे स्थान पर**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लगातार हार से आहत मुंबई इंडियंस को अगर इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं तथा अभी तक उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव और रयान रिकेलटन ही अर्धशतक लगा पाए हैं। यह आईपीएल में प्रति बल्लेबाज अर्धशतक लगाने के मामले में सबसे कम है।

मुंबई के बल्लेबाजी में संघर्ष के केंद्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो अभी तक कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं। रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। य ह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं लेकिन मुंबई को जल्द से जल्द अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।



### टीम सूर्यकुमार पर निर्भर

मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर निर्भर रही है जिन्होंने चार मैच में 177 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्धशतक जमा कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी थी लेकिन तिलक वर्मा तेजी से रन नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पंड्या के पांच विकेट के बावजूद मुंबई के गेंदबाज रन प्रवाह नहीं रोक पाए थे और इसके बाद उसके बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे।

### 'जोश' में तेज गेंदबाज

आरसीबी के पास जोश हेज़लवुड और भुवनेश्वर कुमार के रूप में मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है लेकिन उसके स्पिनर अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। आरसीबी अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है और उसकी टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार से वापसी करने के लिए बेताब होगी।

### रॉयल चैलेंजर्स के पास कुशल बल्लेबाज



जहां तक आरसीबी का सवाल है तो उसकी टीम मुंबई की बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। टीम को अपने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो केकेआर के खिलाफ 59 रन बनाने के बाद अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं। आरसीबी के पास बड़ा स्कोर बनाने के लिए कुशल बल्लेबाज हैं। फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल जैसे बल्लेबाज उसे आक्रामकता प्रदान करते हैं जबकि कप्तान रजत पाटीदार भी बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं। ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड ने आखिरी ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की है जो टीम के लिए अच्छा संकेत है।

**खबर संक्षेप**


### आज वापसी के इरादे से उतरेगा मोहन बागान



**कोलकाता।** मेजबान मोहन बागान सुपर जाइंट सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगा। मोहन बागान सुपर जाइंट की टीम पहले चरण का मुकाबला 1-2 से हार गई थी और विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगान में उसे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। लीग शील्ड जीतने वाले मोहन बागान का मनोबल इस बात से भी बढ़ेगा कि उसके घरेलू मैदान में पिछले छह मैच में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है।

### कर्नल राजपाल बने दिल्ली जूडो परिषद के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** स्वतंत्र क्लब के कर्नल राजपाल सिंह को दिल्ली जूडो परिषद का अध्यक्ष और भारतीय जूडो अकादमी के नवीन चौहान को महासचिव चुना गया है। दिल्ली जूडो परिषद के चुनाव शनिवार को राजधानी में हुए। खेल संस्था ने एक बयान में कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि स्वतंत्र क्लब के कर्नल राजपाल सिंह को दिल्ली जूडो परिषद का अध्यक्ष चुना गया है। उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव और खेलों के विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से परिषद को गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व मिलने की उम्मीद है।' सोनम को कोषाध्यक्ष चुना गया है।



### तेलंगाना, दादरा एवं नगर हवेली ने दर्ज की जीत



**झांसी।** तेलंगाना, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव ने रविवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेलंगाना ने दिन के पहले मुकाबले में उत्तराखंड पर 4-0 से जीत दर्ज की। दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव ने इसके बाद असम को 2-1 से हराया।

**विश्व मुक्केबाजी कप**

# हितेश बने वर्ल्ड चैंपियन भारत ने जीते छह पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में अपने अभियान का अंत छह पदक के साथ किया जिसमें हितेश का स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं।

हितेश के प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के जदुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

### तैयारी शिविर से मिली मदद

हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, 'शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।'

### खिलाड़ियों का बढ़ा आत्मविश्वास

भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।

### जयसूर्या ने स्टेडियम बनाने के लिए मोदी से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज और मौजूदा समय में मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक खास मांग की है। पीएम मोदी ने हाल ही में श्रीलंका दौरे के दौरान श्रीलंकाई क्रिकेटरों के साथ मुलाकात की थी जिसमें जयसूर्या भी शामिल थे। बातचीत के दौरान जयसूर्या ने प्रधानमंत्री से जाफना में क्रिकेट स्टेडियम बनाने में मदद करने की मांग की। पीएम मोदी के साथ बैठक में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज सनथ जयसूर्या, चामिंडा वास, अरविंदा डि सिलवा, मरवान अट्टापट्टू और अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे। पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर श्रीलंका गए हुए थे। भारत के ऐतिहासिक तौर पर श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध रहे हैं।



# ओलिवर ने जीता एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन का खिताब

**शुरुआती 25 मिनट में ही बना ली थी 4-0 की बढ़त**

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



ग्रेट ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड ने रविवार को यहां एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता जब फाइनल में उनके हमवतन जे क्लार्क टखने में चोट के कारण मुकाबले के बीच से हट गए। दूसरे वरीय क्रॉफोर्ड ने शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती 25 मिनट में ही 4-0 की बढ़त बना ली।

शेनझेन और लुआन में लगातार दो खिताब जीतने के बाद यहां आए इंग्लैंड के क्रॉफोर्ड ने अपने पहले ही सर्विस गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाया। शीर्ष वरीय क्लार्क ने अगले गेम में डबल फॉल्ट करके क्रॉफोर्ड को अपनी सर्विस तोड़ने का मौका दे दिया। पच्चीस साल के क्रॉफोर्ड ने इसके बाद अपनी सर्विस बचाई और फिर दोबारा क्लार्क की सर्विस तोड़कर 4-0 की बढ़त बना ली। चार हफ्तों में चौथा फाइनल खेल रहे क्लार्क ने इसके बाद टाइम आउट लेकर अपने दाएं टखने का उपचार कराया। ब्रेक से क्लार्क को मदद मिली और उन्होंने अगले ही गेम में क्रॉफोर्ड की सर्विस तोड़ दी। छब्बीस साल के क्लार्क को हालांकि दोबारा दर्द महसूस होने लगा और उन्होंने आठवें गेम में मुकाबले से हटने का फैसला किया।

### मैं इस कीमत का हकदार हूं: चहल

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने पंजाब किंग्स की तरफ से उन्हें मिल रही 18 करोड़ रुपए की बड़ी रकम का खुद को हकदार करार देते हुए रविवार को कहा कि उन्हें जल्द ही लय हासिल करने की उम्मीद है। चहल के नाम आईपीएल में 206 विकेट है लेकिन उन्होंने मौजूदा सत्र में टीम के तीन मैचों में सिर्फ एक सफलता हासिल की है। चहल ने कहा, 'हमने तीन मैच खेले हैं और सबसे अच्छी बात यह है कि हमने उनमें से दो जीते हैं। टूर्नामेंट अभी शुरू हुआ है और मैं अपनी लय हासिल करने की तरफ बढ़ रहा हूं। मेरा प्रदर्शन अब तक प्रभावी नहीं रहा है। मैं एक ही विकेट ले सका हूं लेकिन मेरी प्राथमिकता ट्रॉफी जीतने की है। मुझे लगता है कि मैं इस कीमत का हकदार हूं।

**हिटमैन एक-दूसरे से हर तरह के सवाल और संदेह साझा करने वाला साथी**

# 'रोहित को थैंक्स कहना चाहता हूं...', कोहली का वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयस चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच का फैंस को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि इसमें एक बार फिर क्रिकेट के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली एकसाथ मैदान पर नजर आएंगे। लेकिन इस मैच से पहले विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बातचीत की है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। आरसीबी फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, 36 वर्षीय कोहली ने रोहित के साथ वर्षों से जुड़े अपने अनुभव, सवाल-जवाब और बॉन्ड के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमारा बॉन्ड बहुत शानदार है। मै रोहित को थैंक्स कहना चाहता हैं। मुझे लगता है कि यह एक बहुत स्वाभाविक चीज है जब आप किसी के साथ इतने लंबे समय तक खेलते हैं और आप एक-दूसरे के खेल के बारे में अपनी समझ और सीख साझा करते हैं, आप अपने करियर में लगभग एक ही समय पर बढ़ रहे होते हैं और आप एक-दूसरे से हर तरह के सवाल और संदेह साझा करते हैं।'



कोहली ने आगे कहा कि इसमें बहुत सारे विचारों का आदान-प्रदान होता है और साथ ही आप जानते हैं कि हम टीम के नेतृत्व के मामले में भी बहुत करीब से काम करते थे, तो हमेशा विचारों का आदान-प्रदान होता था। कोहली ने यह भी कहा कि उन्हें कभी यह नहीं लगा था कि वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल तक खेलेंगे। उन्होंने अपने साथी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें कई यादें दी हैं।'

### धोनी को हेडेन ने दिया नई जॉब का ऑफर

**मुंबई।** आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को मैच खेला गया, जिसमें एक बार फिर सीएसके को हार का सामना करना पड़ा. इस मुकाबले में एक बार फिर एमएस धोनी लंबे समय तक क्रीज पर रहे लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अब धोनी की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच, पूर्व सीएसके के खिलाड़ी ने भी धोनी के खराब फॉर्म पर टिप्पणी की है। साथ ही उन्हें नई जॉब का ऑफर भी दिया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू हेडेन ने कहा, 'धोनी को इस मैच के बाद हमारे साथ कमेंट्री बॉक्स में आना चाहिए। उसके लिए क्रिकेट खत्म हो चुका है। उसे यह तथ्य स्वीकार कर लेना चाहिए, जब तक सीएसके के लिए बहुत देर न हो जाए।'

# मेबन को गिरफ्तार कर जबलपुर पहुंची पुलिस

## आरोपी एक दिन की पुलिस रिमांड पर, पूछताछ जारी

हरिभूमि जबलपुर।

धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के मामले में नामजद किए गए जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन को केरल से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रविवार को पुलिस टीम जबलपुर पहुंची । मेबन को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रृष्टी राय की अदालत में पेश किया



गया. जहां से पुलिस ने आरोपी को 1 दिन की रिमांड पर लिया है. दरअसल पुलिस को उस मोबाईल की जप्ती भी करनी है, जिसमें मेबन ने कथित विवादित स्टेटस लगाया और कुछ पूछताछ भी करनी है। पुलिस ने बताया कि मेबन को केरल के कोच्चि एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। उससे अब पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मेबन पर आरोप है कि उन्होंने भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए वाट्सअप पर स्टेट्स लगाया था।

मेबन को कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम लाया गया. यहां उससे पूछताछ की गई. जिसके बाद मेबन को कोर्ट में पेश किया गया. जहां से पुलिस को आरोपी एक दिन रिमांड पर सौंप दिया गया. आज पुलिस फिर उसे कोर्ट में पेश करेगी।

# सूने घर से दिनदहाड़े लाखों के जेवर चोरी

## ताला लगाकर अस्पताल गया था परिवार

हरिभूमि जबलपुर।

तिलवारा थानान्तर्गत ग्राम जोधपुर पड़ाव में दो दिनों पूर्व अज्ञातचोरों ने एक सूने घर का दिनदहाड़े ताला तोडक़र नगदी समेत जेवर पार कर दिए। जेवरसमेत चोरी गए नगदी का मसरूका लाखों रूपए में बताया जा रहा है। अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में तिलवारा पुलिस ने बताया कि ग्राम जोधपुर पड़ाव में रहने वाले अनिल सिंह लोधी जनरल स्टोर्स की दुकान चलाते हैं। अनिल पत्नी और बच्चों के साथ घर में ताला लगाकर किसी परिचित को देखने अपैक्स अस्पताल गया था। शाम वापिस आया तो उसने देखा कि सामने के दरवाजे का ताला टूटा था। उसने अंदर जाकर देखा कि अलमारी लॉकर भी टूटा था। लॉकर में रखे जेवर सोने का मंगलसूत्र, लॉकेट वाली चेन, कंगन, अंगूठी, ब्रेसलेट, नथ, झुमकी नगदी दो हजार रूपए गायब से।

### 29 बकरे, बकरियां चोरी

खमरिया थानान्तर्गत ग्राम वीरनेर में रहने वाली श्रीमति आशाबाई ठाकुर घर के आंगन के सामने बने कमरे में बकरियां बांधती है। उसके बेटे कहीं गये थे। आशाबाई बकरियां कमरे में बांधकर सोने चली गई थी। रात लगभग में बकरे के बच्चे के चिल्लाने की आवाज आयी तो उसने और उसकी बहन रूपा ने उठकर देखा कि मेनगेट का ताला टूटा था। वहीं बकरी बांधने वाले कमरे का दरवाजा बहारसे बंद था आशा ने पीछे से जाकर दरवाजा खोलकर देखा कि कमरे में बंधे छोटे बड़े 29 बकरे व बकरियां गायब थी। जिनकी कीमत 95 हजार रूपए है।

## 9 अप्रैल को जबलपुर में होगी नई उड़ानों पर परिचर्चा

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के उच्चाधिकारी जबलपुर आएंगे

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा जबलपुर में नई उड़ानों की उपयोगिता और आवश्यकता पर आयोजित परिचर्चा में शामिल होने एयर इंडिया एक्सप्रेस के उच्चाधिकारी बुधवार 9 अप्रैल को जबलपुर आयेंगे। मंत्री राकेश सिंह के संयोजन में आयोजित परिचर्चा में सभी जनप्रतिनिधि, सेना अधिकारी, प्रबुद्ध वर्ग के साथ विभिन्न सेक्टर के प्रतिनिधि एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारियो के साथ परिचर्चा में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह ने बताया जबलपुर से देश के प्रमुख शहरों के लिए नई उड़ाने प्रारंभ हो इस हेतु कुछ माह पूर्व देश की प्रमुख एयर लाइंस एयर इंडिया एक्सप्रेस के उच्च अधिकारियों से दिल्ली में भेंट कर जबलपुर में हवाई सेवाओं की उपयोगिता और आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की थी और उन्हें जबलपुर से अपनी उड़ाने प्रारंभ करने हेतु आमंत्रित किया था, जिस पर उन्होंने सहमति दी थी और अब बुधवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारी जबलपुर आ रहे है और आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में उनके समक्ष जबलपुर में पर्यटन, आईटी, डिफेंस, व्यापार, कृषि आधारित उद्योग की अपार संभावनाओ की जानकारी देते हुए हवाई सेवाओं की महती आवश्यकता जबलपुर में है इसे पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस टाटा समूह के एयर इंडिया की अनुशांगिक एयर लाइंस है जो कम किराए में बेहतर सुविधाओ के लिए जानी जाती है। यह भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय बजट एयरलाइन है साथ ही यह भारत में कई हब के साथ पॉइंट-टू-पॉइंट उड़ानें संचालित करती है।

# अप्रैल माह में पमरे से चलेंगी समर स्पेशल

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे ने ग्रीष्म काल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित कर सुविधाएं प्रदान करने ी दृष्टि से समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. पमरे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जबलपुर से अयोध्या / पुणे / बांद्रा टर्मिनस / कोयंबटूर, रानी कमलापति से सहरसा / अगरतला / हड़पसर (पुणे), रीवा से सीएसएमटी एवं सोगरिया से दानापुर के मध्य समर के दौरान अप्रैल माह में ट्रेनों के प्रारंभिक तिथियों से ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है।

### जबलपुर आयोध्या साप्ताहिक स्पेशल

जबलपुर-अयोध्या-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 01701 02 अप्रैल 2025 से प्रत्येक बुधवार को रात 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11:00 बजे अयोध्या पहुँचेगी। वहीं 1702 अयोध्या-जबलपु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 03 अप्रैल 2025 से प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 13:30 बजे अयोध्या से रवाना होगी और अगले दिन भोर 04 :15 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### जबलपुर-पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल

02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 06 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक रविवार को दोपहर 13:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 06:25 बजे पुणे पहुँचेगी। 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 07 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक सोमवार को सुबह 11:30 बजे पुणे से रवाना होगी और दूसरे दिन सुबह 06:00 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक

02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 04 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक शुक्रवार को सायं 17:00 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन दोपहर 14:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 05 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक शनिवार को सायं 17:15 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी और दूसरे दिन दोपहर 15:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक

02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 04 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक शुक्रवार को रात 23:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 14:40 बजे कोयंबटूर पहुँचेगी। 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 07 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक सोमवार को सायं 17:05 बजे कोयंबटूर से रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 08:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक

02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 10 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:50 बजे रीवा से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12:20 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।
02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 11 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13:30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 09:45 बजे रीवा पहुंचेगी।



### रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक

01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 07 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक सोमवार को सायं 16:30 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 15:15 बजे सहरसा पहुंचेगी।
01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 08 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक मंगलवार को सायं 18:30 बजे सहरसा से रवाना होगी और अगले दिन रात 21:10 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

### रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक

01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 03 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:40 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और तीसरे दिन सायं 18:55 बजे अगरतला पहुंचेगी।
01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 06 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक रविवार को सायं 17:20 बजे अगरतला से रवाना होगी और तीसरे दिन सायं 16:35 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

### रानी कमलापति-हड़पसर पुणे

01667 रानी कमलापति-हड़पसर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 10 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक गुरुवार को सुबह 08:35 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और दूसरे दिन मध्य रात्रि 00:30 बजे हड़पसर पहुंचेगी। 01668 हड़पसर-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 11 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 06:30 बजे हड़पसर से रवाना होगी और उसी दिन रात 22:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

### सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक

09819 सोगरिया-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 07 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12:45 बजे सोगरिया से रवाना होगी और दूसरे दिन सुबह 10:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 09820 दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (दिनांक 08 अप्रैल 2025 से) प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12:45 बजे दानापुर से रवाना होगी और दूसरे दिन सुबह 11:00 बजे सोगरिया पहुंचेगी।

## चाकू से हमला कर मोबाईल लूटने वाले पकड़ाए

**जबलपुर।** लार्डगंज एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने चाकू से हमला कर मोबाईल लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा हुआ मोबाईल और घटना में प्रयुक्त चाकू व एक्सिस वाहन जप्त किया है. लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 31 मार्च की रात करीब 11 बजे ग्राम कोतवारी निवासी 25 वर्षीय राहुल मेहरा प्रायवेट बैंक के कलेक्शन करने के बाद अपने घर लौट रहा था तभी नायक नर्सिंग होम गली के तिराहे पर खड़े होकर अपने दोस्त मंगल सिंह को फोन लगाकर बात करने लगा, तभी एक्टिवा में दो लड़के आए, एक ने उसे पकड़ लिया दूसरे चाकू से हमला कर उसका मोबाईल लूट लिया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को आरोपियों के सुराग लगे, जिसके आधार पर 18 वर्षीय कछियाना निवासी देवांश श्रीवास्तव और राजुल टाउनशिप तिलहरी गोराबाजार निवासी मोहित कोरी को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार किया. उनके पास से वन प्लस कंपनी का मोबाईल घटना में प्रयुक्त एक्सिस वाहन बटनदार चायना चाकू जप्त किया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309(6) बीएनएस का अपराध पजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# दिन में तेज धूप की तपन से बढ़ी गर्मी

## पारा 39 डिग्री के पार, मौसम शुष्क

हरिभूमि जबलपुर।

मौसम शुष्क होने पर प्रचंड गर्मी अपना असर दिखा रही है। रविवार को पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया। दिन में धूप इतनी तेज थी कि सड़कें सूनी हो गईं थीं। शाम ढलने के बाद सड़कों पर चहल-पहल बनी। मौसम विभाग का कहना है अगले 24 घंटों के दौरान तापमान में उछाल बरकरार रहेगा। मौसम कार्यालय के अनुसार मौसम पूरी तरह से साफ है। अब तापमान में अगले दो तीन दिनों में दो से तीन ड्रिग्री की वृध्दि संभावित है. पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव होने पर मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है. हालांकि दिन के तापमान के मुकाबले रात के पारे में अभी गिरावट बनी हुई है, जिससे रात



में हलकी शीतलता अहसास हो रहा है. उत्तर पश्चिमि हवाओं ने दिन में गर्मी बढ़ा दी है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 18.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 38 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 56 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 28 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक 42.4 डिग्री तापमान नर्मदापुरम और न्यूनतम तापमान 14.4 पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है, साथ ही तापमान में उछाल की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 35.07 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240